RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 132
नई दिल्ली, सोमवार, 21 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



केएल राहुल मेरे पसंदीदा कप्तानः अय्यर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# मणिपुर में बिरेन बनेंगे मुख्यमंत्री

## गोवा और उत्तराखंड पर अभी मंथन जारी

- उत्तर प्रदेश समेत चारों राज्यों में सरकार गठन पर चर्चा के लिए मोदी ने की बैठक
- योगी कैबिनेट को अंतिम रूप देने के लिए आज लखनऊ जाएंगे अमित शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



इंफाल में भाजपा विधायक दल के नेता वीरेन सिंह ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत किया

**हाल** ही में विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में जीत हासिल करने वाली भाजपा अब मुख्यमंत्री चयन को लेकर मंथन में जुटी है। मणिपुर की गुत्थी रविवार को सुलझ गई, जहां कार्यवाहक मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह दोबारा इस जिम्मेदारी को संभालेंगे। इंफाल में भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार उन्हें राज्य का मुख्यमंत्री चुना गया।

उत्तराखंड का मुख्यमंत्री तय करने के लिए सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। गोवा पर भी अभी कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। इस बीच, भाजपा नेतृत्व उत्तर प्रदेश में योगी कैबिनेट का रूप तय करने में जुटा है। इसके लिए सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह लखनऊ की उड़ान भरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश, गोवा और उत्तराखंड में सरकार गठन पर चर्चा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह और पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा मौजूद थे। इससे पहले रविवार को भाजपा ने घोषणा की कि एन बीरेन सिंह लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए मणिपुर के मुख्यमंत्री के रूप में बने रहेंगे। यह ऐलान सिंह और अन्य दावेदारों- बिस्वजीत सिंह और युमनाम खेमचंद के पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलने के एक दिन बाद किया गया। विधायक दल द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में सिंह को मंजूरी देने के तुरंत बाद, मणिपुर के लिए भाजपा केंद्रीय पर्यवेक्षक, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह सभी द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया अच्छा निर्णय है। यह सुनिश्चित करेगा कि मणिपुर में एक स्थिर और जिम्मेदार सरकार हो। सिंह एक पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी, बीएसएफ जवान और एक पत्रकार रहे हैं। मणिपुर में भाजपा ने 60 में से 32 सीटें जीती हैं। इस मौके पर केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव भी केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में सीतारमण के साथ मौजूद थे। इस बीच, उत्तराखंड और गोवा में सरकार गठन ( शेष पेज 8 )

### लखनऊ में 24 को भाजपा विधायक दल की बैठक में होगा नेता का चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव में भारी जीत हासिल करने के बाद प्रदेश में भाजपा सरकार के दोबारा गठन की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। शपथ ग्रहण से पहले की औपचारिकताओं को पूरा करने के लिये 24 मार्च को भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई गयी है। जिसमें कार्यकारी सीएम योगी आदित्यनाथ को विधायक दल का नेता चुने जाने की प्रक्रिया पूरी की जानी है। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद भाजपा राज्यपाल के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक 24 मार्च को होगी। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के लिए पर्यवेक्षक केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के साथ सहायक पर्यवेक्षक पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के 255 विधायक ( शेष पेज 8 )

# कोविशील्ड की दोनों खुराक का अंतर 6 से 8 सप्ताह हुआ

- एनटीएजीआई ने की सिफारिश, वर्तमान में पहली और दूसरी खुराक के बीच 12-16 सप्ताह का है अंतर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दुनिया** भर के कई देशों में ओमीक्रोन के बढ़ते मामलों को देखते हुए सुरक्षात्मक उपाय पर जोर दिया जा रहा है। वहीं टीकाकरण के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सर्वोच्च तकनीकी निकाय राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) ने कोविड वैक्सीन कोविशील्ड की पहली और दूसरी डोज के बीच अंतर घटाकर 6 से 8 सप्ताह करने सिफारिश की है। वर्तमान में राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के तहत कोविशील्ड वैक्सीन की पहली और दूसरी खुराक के बीच 12-16 सप्ताह का अंतर है।

यूरोपीय देशों और कुछ अन्य देशों में बढ़ते मामलों के बीच टीकाकरण के लिए भारत के शीर्ष निकाय ने अब शेष आबादी के टीकाकरण के लिए कोविशील्ड की दूसरी खुराक का अंतर कम करने और जल्द से जल्द लगाने की सिफारिश की है ताकि वायरस संक्रमण पर अंकुश लगाया जा सके। सरकार एनटीएजीआई की सिफारिशों के आधार पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को टीकाकरण पर मार्गदर्शन प्रदान करता है। हालांकि भारत में नए कोविड मामलों में गिरावट जारी है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में मुख्य रूप से दक्षिण एशिया क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर कोरोना ( शेष पेज 8 )

### भविष्य में कोविड की लहर का भारत में गंभीर प्रभाव होने की आशंका कमः विशेषज्ञ

**नई दिल्ली ( भाषा )।** दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलों में फिर से वृद्धि के बीच भारत के विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च टीकाकरण कवरेज और संक्रमण के बाद बनी प्रतिरोधक क्षमता को देखते हुए देश में भविष्य में किसी भी लहर का गंभीर प्रभाव होने की आशंका नहीं है। कुछ विशेषज्ञों ने तो यहां तक कहा कि सरकार को मास्क पहनने में ढील देने पर विचार करना चाहिए क्योंकि रोजाना सामने आने वाले संक्रमण के नए मामलों और मौतों की संख्या में कुछ समय से लगातार कमी दर्ज की जा रही है। भारत में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,761 नए मामले सामने आए, जो लगभग 688 दिनों में कोरोना के सबसे कम मामले रहे।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के वरिष्ठ महामारी विज्ञानी डॉ. संजय राय ने कहा कि सार्स-सीओवी-2 एक आरएनए वायरस है और इसके स्वरूप में बदलाव होना तय है। उन्होंने कहा कि पहले से ( शेष पेज 8 )

# रूस ने यूक्रेन के कला स्कूल पर बमबारी की

- विद्यालय में शरण लिए हुए थे बच्चे और महिलाएं

**एपी।** ल्वीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन** के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि रूसी सेना ने बंदरगाह शहर मारियुपोल में एक कला स्कूल पर बमबारी की है, जिसमें कम से कम 400 लोगों ने शरण ली हुई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि रूसी कार्रवाई को आने वाली सदियों तक याद रखा जाएगा। एक हफ्ते के अंदर यह दूसरा मौका है जब रूस ने ऐसी इमारत को निशाना बनाया गया, जहां आम नागरिकों ने शरण ले रखी थी।

इससे पहले रूसी सैनिकों ने बुधवार को मारियुपोल में एक थिएटर पर भी बमबारी की थी। माना जा रहा है कि उसके भीतर करीब 1300 लोग थे। कला स्कूल पर कथित हमले में हताहतों की संख्या पर तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि थिएटर पर बमबारी के बाद 130 लोगों को निकाला गया था। रूसी सैनिक सामरिक रूप से अहम बंदरगाह शहर मारियुपोल पर तीन हफ्तों से बमबारी कर रहे हैं और शहर की स्थिति काफी खराब हो गई है। कम से कम 2,300 लोग मारे गए हैं और उनमें से कुछ को सामूहिक कब्रों में दफनाया गया है। शहर में भोजन, पानी और बिजली की किल्लत हो गई है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मारियुपोल पर आक्रमण इतिहास में दर्ज होगा। जेलेंस्की ने वीडियो के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, एक शांतिपूर्ण शहर पर आक्रमण करने वालों ने जो किया, वह एक ऐसा आतंक है जिसे आने वाली सदियों तक याद किया जाएगा। रूसी सेनाओं ने पहले ही मारियुपोल का संपर्क अजोव सागर से काट दिया है और एक प्रमुख इस्पात संयंत्र को नष्ट कर दिया है। मारियुपोल का पतन रूस के लिए महत्वपूर्ण लेकिन महंगी जीत होगी। उसकी ( शेष पेज 8 )

# शरद यादव की पार्टी का राजद में विलय, 25 साल की लड़ाई खत्म

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में तेजस्वी यादव के साथ शरद यादव फोटो रंजन डिमरी

**बिहार** की सियासत राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर हुआ है। वर्ष 2018 में नीतीश कुमार से अलग होकर नई पार्टी बनाने वाले शरद यादव की नई दोस्ती लालू यादव के साथ हुई है। नई पटकथा के बाद लालू और शरद के बीच 25 साल पुरानी सियासी लड़ाई खत्म हो गई है। शरद यादव ने दिल्ली में अपने आवास पर आयोजित समारोह में लोकतांत्रिक जनता दल का राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में विलय कर दिया।

शरद यादव ने इस कदम को विपक्षी एकता की दिशा में सार्थक कदम बताया। साथ ही उन्होंने विपक्षी दलों से भाजपा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभी एकीकरण हमारी प्राथमिकता है, उसके बाद ही हम सोचेंगे कि एकजुट विपक्ष का नेतृत्व कौन करेगा। शरद ने इस दौरान कहा कि भविष्य की लड़ाई नौजवान पीढ़ी के लीडर ही लड़ सकते हैं। नौजवान नेताओं में सबसे प्रतिभाशाली तेजस्वी यादव है। वरिष्ठ नेता का स्वागत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि यह विलय भाजपा विरोधी दलों के लिए सरकार के खिलाफ एकजुट होने का संदेश है। राजद के ( शेष पेज 8 )

# बिहार में होली पर जहरीली शराब पीने से 10 की मौत

**भाषा।** भागलपुर, मधेपुरा

**बिहार** के दो जिलों में होली के त्योहार के दौरान कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। भागलपुर जिले में आठ लोगों की मौत हुई है। इनमें से चार की मौत भागलपुर शहर के साहिबगंज इलाके में, जबकि शेष लोगों की मौत नारायणपुर पुलिस थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई है। नारायणपुर पुलिस थाना प्रभारी रमेश शाह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि ए मौतें जहरीली शराब पीने से हुई हैं, या नहीं। उन्होंने यह दावा भी किया कि मृतकों में शामिल एक व्यक्ति को संभवत: दिल का दौरा पड़ा था और एक अन्य सीढ़ी पर चढ़ने के दौरान गिर गया था। विश्वविद्यालय पुलिस थाना प्रभारी रीता कुमारी ने भी कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही जहरीली शराब पीने से मौत होने की पुष्टि हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि इसी थाना ( शेष पेज 8 )

# अप्रैल में भारत आएंगे इजरायली प्रधानमंत्री

- दोनों देशों के बीच 30 साल के राजनयिक संबंध होंगे और मजबूत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दोनों** देशों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए इजरायली प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट अप्रैल के पहले सप्ताह में भारत के दौरे पर आ रहे हैं। यह दौरा भारत और इजराइल के बीच 30 साल पुराने औपचारिक राजनयिक संबंधों को और मजबूत करेगा। सूत्रों ने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री बेनेट के दो अप्रैल से चार दिवसीय दौरे पर जाने की संभावना है।

बेनेट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों, यूक्रेन की स्थिति, आतंकवाद और पड़ोस में सुरक्षा परिदृश्य जैसे मुद्दों पर बातचीत करेंगे। दोनों नेता रक्षा और सामरिक संबंधों के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने व मजबूत करने पर वार्ता करेंगे। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करने के अलावा, इजरायल पिछले 30 वर्षों में भारत के लिए प्रमुख हथियार आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है।

इजरायली प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी बयान के अनुसार प्रधानमंत्री बेनेट ने रविवार को कहा कि मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा करने के लिए प्रसन्न हूं और साथ में हम अपने देशों के संबंधों के लिए आगे बढ़ाते रहेंगे। दोनों नेताओं की पहली मुलाकात पिछले अक्टूबर में ग्लासगो में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी26) से अलग हुई थी, जहां पीएम मोदी ने बेनेट को भारत की आधिकारिक यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। इजरायल के पीएमओ ने ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,816 | |
| निफ्टी | 16,975 | |
| सोना | 51,279 | /10g |
| चांदी | 67,827 | /kg |

## क्विक न्यूज

### थोक उपभोक्ताओं के लिए डीजल के दाम 25 रुपए लीटर बढ़े

**नई दिल्ली।** थोक उपभोक्ताओं के लिए डीजल कीमतों में 25 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि थोक ग्राहकों को बिक्री वाला डीजल 25 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 40 प्रतिशत के उछाल के बाद यह कदम उठाया गया है। हालांकि, पेट्रोल पंपों के जरिए बेचे जाने वाले डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस महीने पेट्रोल पंपों की बिक्री में 20 प्रतिशत का उछाल आया है। बस बेड़े के परिचालकों और मॉल जैसे थोक उपभोक्ताओं ने पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदा है। आमतौर पर वे पेट्रोलियम कंपनियों से सीधे ईंधन की खरीद करते है। इससे ईंधन की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनियों का नुकसान बढ़ा है।

# यासीन मलिक व हाफिज सईद सहित अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने 2017 में घाटी का माहौल बिगाड़ने वाली आतंकी एवं अलगाववादी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख मोहम्मद यासीन मलिक सहित अन्य के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है।

अदालत ने लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद, हिज्बुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन और अलगाववादी नेता यासीन मलिक, शब्बीर शाह, मसरत आलम सहित अन्य के खिलाफ यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक साजिश रचने, देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने और गैरकानूनी व आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के संबंध में आरोप तय करने का आदेश दिया है। अदालत ने हाफिज मोहम्मद सईद, मोहम्मद यूसुफ शाह, आफताब अहमद शाह, अल्ताफ अहमद शाह, नईम खान, फारूक अहमद डार, मोहम्मद अकबर खांडे, राजा मेहराजुद्दीन कलवाल, बशीर अहमद भट, जहूर अहमद शाह वटाली, शब्बीर अहमद शाह, मसरत आलम, अब्दुल राशिद शेख और नवल किशोर कपूर को भी आरोपित किया है।

सबूतों पर बहस के बाद विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह स्थापित होता है कि शब्बीर शाह, यासीन मलिक, राशिद इंजीनियर, अल्ताफ फंटूश, मसरत और हुर्रियत/संयुक्त प्रतिरोध नेतृत्व (जेआरएल) को आतंकी गतिविधियों के लिए सीधे तौर पर धन मिला था। उन्होंने कहा, अब तक दर्ज गवाहों के बयानों से एक बात उभरी है कि पाकिस्तान, उसकी एजेंसियों और अभियुक्तों का ( शेष पेज 8 )

# गंगा की शोधित गाद से बनेगी खाद

- किसानों को उपलब्ध होगा प्राकृतिक उर्वरक तथा गाद के ढेर की समस्या का भी होगा समाधान

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**जैविक** खेती को बढ़ावा देने और नदियों में रसायन का प्रवेश रोकने के लिए गंगा नदी की गाद को शोधित (पोषक तत्वों द्वारा परिवर्धन) करके उसे उर्वरक के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक अशोक कुमार बताया कि फॉस्फोरस और पोषक तत्वों से भरपूर शोधित जल फसल की वृद्धि के लिए अच्छा होता है और पिछले दो हफ्तों में गंगा नदी के गाद से निपटने के तरीकों पर कई दौर की चर्चा हुई है।

कुमार के अनुसार शोधित गाद का उत्पादन कर किसानों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने पाया कि शोधित गाद उर्वरक के समान हो सकते हैं। इसलिए, अगर हम गाद का शोधन करें तो यह (गाद) अच्छा उर्वरक हो सकता है और जैविक खेती में मदद करेगा। उन्होंने कहा, हम शोधित गाद का उत्पादन करने के लिए कंपनियों के साथ बातचीत कर रहे हैं जिसे उर्वरक के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है और किसानों को रियायती दर पर दिया जा सकता है। कुमार ने कहा कि इससे दो उद्देश्य प्राप्त किए जा सकते हैं- पहला, किसान प्राकृतिक उर्वरकों का उपयोग करेंगे और दूसरा, गाद के ढेर की समस्या का समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने कहा, अगर किसानों को सही तरीके से समझाया जाए तो वे इसे भी पसंद कर सकते हैं। हम इस सौदे को करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित भी कर सकते हैं। हम गाद से अच्छे शोधित उर्वरकों का उत्पादन करने के लिए कंपनियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि यह रसायनों को नदियों में प्रवेश करने और प्रदूषण फैलाने से भी रोकेगा। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों में फॉस्फेट और नाइट्रेट होते हैं जो जल प्रदूषण का मुख्य कारण हैं। कुमार ने कहा कि एक अन्य प्रमुख मुद्दा गाय के गोबर के नदियों में जाने का है और किसानों को खेती में इसका इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, किसानों को गोबर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए क्योंकि क्षेत्र में बड़ी गोजातीय आबादी के कारण गंगा बेसिन में यह एक बड़ी समस्या है। अगर हम प्राकृतिक खेती को चुनते हैं तो हम गाय के गोबर का खाद के तौर पर उपयोग कर सकते हैं जिससे कि ई-कोलाई को नदी में जाने से रोका जा सकता है। कुमार ने कहा कि अब एनएमसीजी का ध्यान अर्थ गंगा पर है, जिसका उद्देश्य लोगों को नदी से जोड़ना और जीविका के लिए उनके बीच आर्थिक संबंध स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों से हम अर्थ गंगा पर व्यापक रूप से काम कर रहे हैं ताकि आर्थिक जुड़ाव बनाया जा सके।

सरकार ने 2015 में पिछली और वर्तमान में जारी परियोजनाओं को एकीकृत करने और गंगा की सफाई के लिए नई पहल की योजना के उद्देश्य से एक विशाल कार्यक्रम के रूप में 20,000 करोड़ रुपए की सांकेतिक लागत के साथ एनएमसीजी या नमामि गंगे की शुरुआत की। कार्यक्रम के तहत 30,255 करोड़ रुपए की लागत से कुल 347 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। परियोजनाओं में गंगा को फिर से जीवंत करने की दिशा में बुनियादी ढांचा और गैर-बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। सफाई प्रक्रिया से सीधे तौर पर जुड़ी परियोजनाओं में ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 21 मार्च 2022



# नोएडा प्राधिकरण का बजट 28 मार्च को होगा पास

## अथॉरिटी ने सभी विभागों से मांगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

योगी आदित्यनाथ आगामी 25 मार्च को एक बार फिर मुख्यमंत्री की शपथ लेने वाले हैं। शपथ ग्रहण समारोह के 3 दिन बाद नोएडा प्राधिकरण का बजट पेश होगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट करीब 5000 करोड़ रुपए होगा। आगामी 28 मार्च को नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक प्रस्तावित की गई है, जिसमें प्राधिकरण का बजट पेश होगा।

मिली जानकारी के मुताबिक इस बजट में मुख्य रूप से ग्रामीण परियोजना और शहरी परियोजनाओं को विशेष महत्व दिया जाएगा। इसके अलावा जमीन अधिग्रहण, वेतन और प्राधिकरण के खर्चे को लेकर भी बोर्ड बैठक में चर्चा की जाएगी। नोएडा प्राधिकरण के नए बजट को लेकर सभी विभागों से रिपोर्ट भी मांगी गई है कि अबकी बार क्या-क्या कार्य किए जाने हैं। अगर नोएडा प्राधिकरण के कुछ अधिकारियों की मानें तो इस बार विकास कार्यों में 2000 करोड़ रुपए खर्च करने की बात कही जा रही है। इसके अलावा 1000 करोड़ रुपए मरम्मत और साफ-सफाई के लिए जारी किए जाएंगे।

करीब 150 से 200 करोड़ के बीच में गांवों पर खर्च होंगे। करीब 700 करोड़ रुपए जमीन अधिग्रहण के लिए होंगे। बताया जा रहा है कि लोन की राशि देने के लिए भी बजट का हिस्सा रखा जाएगा।

आपको बता दें कि पिछले 3 वित्तीय वर्षों में नोएडा प्राधिकरण बजट में जारी हुआ सारा पैसा विकास परियोजना में खर्च नहीं कर पाया। 3 सालों से देखा जा रहा है कि प्राधिकरण बजट का पैसा पूरी तरीके से खर्च नहीं कर पाता है और पैसा वापस चला जाता है। यह कोई आम बात नहीं है, बल्कि यह एक बहुत बड़ा विषय है। क्योंकि बजट का पूरा पैसा खर्च नहीं होने से विकास कार्यों में भी रुकावट आती है, लेकिन इस बार जोर लगाया जा रहा है कि विकास कार्यों का सारा पैसा लग जाए।

## कारोबारी से पिस्टल की नोक पर लूटी कार, फरार

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में अटौर गांव के शमशान घाट के पास बाइक सवार बदमाश, प्रोपर्टी कारोबारी से कार लूट कर फरार हो गए। बदमाशों ने कारोबारी को ओवरटेक कर रोका और उनके पास जाकर पिस्टल तान दी। बदमाश उन्हें शमशान घाट के पास सड़क पर उतारकर उनकी कार लूट कर ले गए। वहीं, पुलिस को लूटी गई कार नोएडा में लावारिस हालत में मिली है। पुलिस का कहना है कि बदमाशों की तलाश की जा रही है।

मोरटी गांव निवासी विश्राम सिंह प्रोपर्टी का कारोबार करते हैं। पीड़ित ने बताया कि वह रात करीब साढ़े आठ बजे जब वह अपनी साइट से घर की ओर कार से लौट रहे थे, तभी शमशान घाट के पास उन्हें बाइक सवार तीन-चार बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक लिया।

# गौर सिटी सोसाइटी को मिला होली का तोहफा

## एओए ने कम किया मेंटेनेंस चार्ज, एक अप्रैल से नया शुल्क होगा लागू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




फाइल फोटो

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ऐसी कोई सोसाइटी नहीं है, जहां पर निवासी अपनी किसी ना किसी समस्या को लेकर परेशान ना हों। सबसे ज्यादा समस्या मेंटेनेंस शुल्क की होती है। जिसको लेकर निवासी अधिकतर प्रदर्शन करते रहते हैं लेकिन इस होली पर गौर सिटी 4जी एवेन्यू एओए ने निवासियों को एक बड़ा तोहफा दिया है।

दरअसल, गौर सिटी 4जी एवेन्यू एओए ने पिछले 5 महीने में दूसरी बार मेंटेनेंस शुल्क कम किया है। पहले जो काम बिल्डर 2.30 रुपए में करता था, उसी काम को अब अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन 1.75 रुपए में करेगा। यह नया शुल्क अप्रैल 2022 से लागू हो जाएगा। सोसाइटी एओए का कहना है कि गौर बिल्डर ने सोसाइटी में मेंटेनेंस चार्ज बढ़ा दिया था। बिल्डर द्वारा लगातार रखरखाव शुल्क बढ़ाया जा रहा था। करीब डेढ़ साल के भीतर मेंटेनेंस चार्ज एक रुपए प्रति स्क्वायर फीट बढ़ाया गया था। जिसके बाद नवंबर 2021 में सोसाइटी एओए ने जिम्मेदारी संभाली और मेंटेनेंस शुल्क को घटाया। एक समय था कि जब बिल्डर ने रखरखाव शुल्क को 2.30 रुपए प्रति स्क्वायर फीट कर दिया था, लेकिन जबसे एओए ने सोसाइटी की जिम्मेदारी संभाली, तब से लगातार सुधार किया गया और अब इसको और भी ज्यादा घटाकर 1.75 रुपए प्रति स्क्वायर फीट कर दिया है। यह होली पर निवासियों को एक बड़ा तोहफा है।

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सैकड़ों हाउसिंग सोसाइटी है। जिसमें लाखों लोग निवास करते हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बड़ी समस्या पैदा हुई है, लोगों ने लाखों रुपए देकर अपना घर खरीद तो लिया है, लेकिन अभी तक अपने घर के मालिक नहीं बने हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 1.25 लाख परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने सारा पैसा देने के बावजूद भी यह कहकर बैंक से लोन ले सकते कि यह घर हमारा है। लोगों के घरों की रजिस्ट्री नहीं हुई है। जिसके कारण अधिकतर लोग तनाव में भी रहने लगे हैं।

# गाजियाबाद में द कश्मीर फाइल्स के रोजाना 10 शो चल रहे फुल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● खाने पर भी 25 प्रतिशत की मिल रही छूट**

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित फिल्म द कश्मीर फाइल्स खूब सुर्खियां बटोर रही है। 90 के दशक में कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार और नरसंहार पर आधारित इस फिल्म को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। ट्रांस हिडन के माल में पहले फिल्म के दो से तीन शो चलते थे, लेकिन पिछले कई दिन से अब रोजाना 9 से 10 शो चलाए जा रहे हैं। सभी शो फुल रहते हैं। वहीं, शिप्रा माल के द बीयर हाउस कैफे में फिल्म देखने वालों को टिकट दिखाने पर खाने में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

इंदिरापुरम के आदित्य माल में यूएस सिनेमा के मैनेजर राहुल त्यागी ने बताया कि फिल्म हकीकत को बयां कर रही है। शुक्रवार से फिल्म टैक्स फ्री कर चलाई जा रही है। दिनभर में फिल्म के 10 शो चलाए जा रहे हैं। सभी शो फुल रहते हैं।

वहीं, वैशाली सेक्टर तीन स्थित महागुन माल के सिक्योरिटी हेड निर्दोष कसाना ने बताया कि पीवीआर में पहले तीन शो चलते थे। अब प्रतिदिन 9 शो चलाए जा रहे हैं। सभी शो फुल रहते हैं।

उधर, फिल्म द कश्मीर फाइल्स देखने वालों को कई रेस्टोरेंट खाने में छूट दे रहे हैं। शिप्रा माल स्थित द बीयर हाउस कैफे के महाप्रबंधक केशव शर्मा ने बताया कि इस फिल्म की टिकट दिखाने पर 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

# डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत पर हंगामा

## पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन हुए शांत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




अस्पताल में हंगामे की सूचना के बाद पहुंची पुलिस।

मुरादनगर हाईवे स्थित एक अस्पताल में रविवार को डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत हो गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कठोर कार्रवाई का भरोसा देकर उनको शांत किया। महिला की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

जिले के नंद ग्राम निवासी सचिन ने अपनी पत्नी कोमल को डिलीवरी के लिए शनिवार शाम को एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया था। महिला की हालत बिगड़ने पर क्लीनिक प्रबंधन की सलाह से महिला को मुरादनगर बस अड्डे के निकट सहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने महिला को गलत इंजेक्शन और दवाएं दीं। इससे गर्भ में ही नवजात की मौत हो गई। इसका पता चलते ही बड़ी तादाद में स्वजन रविवार सुबह अस्पताल पर जुट गए।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्होंने स्वजन को अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

मामले में सचिन कुमार ने सहारा अस्पताल प्रबंधन और दिव्य ज्योति क्लीनिक की महिला चिकित्सक के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी सतीश कुमार का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। महिला का इलाज पहले गाजियाबाद के किसी क्लीनिक में हुआ था, उसकी भी जांच की जाएगी। साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई होगी।

## संक्षिप्त समाचार



चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार आरोपी।

### चोरी के आभूषण संग घरेलू सहायक गिरफ्तार

**नोएडा।** एक माह पहले सेक्टर-14 स्थित एक घर से घरेलू सहायक लाखों की नकदी और आभूषण चोरी कर फरार हो गया था। फेज 1 थाना पुलिस ने रविवार को आरोपी घरेलू सहायक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने साढ़े छह लाख रुपये और लाखों के आभूषण बरामद किए हैं। बीते 14 फरवरी को सेक्टर-14 निवासी सुनील सिंह ने थाने में शिकायत की थी कि उनके घर में काम करने वाला घरेलू सहायक शिवम उनके घर से लाखों की नकदी और लाखों के आभूषण चोरी कर फरार हो गया है। रविवार को पुलिस ने सूचना के आधार पर गोल चक्कर सेक्टर-1 के पास से आरोपी घरेलू सहायक शिवम, निवासी जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी किए गए साढ़े छह लाख रुपये, सोने के दो कंगन, एक अंगूठी, एक चेन, एक लॉकेट और चोरी के पैसों से खरीदी एक बाइक बरामद की है।

### जिलाधिकारी को आज ज्ञापन देंगे किसान

**नोएडा।** संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में सोमवार को जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इसमें किसानों की समस्याओं को रखा जाएगा। इसके जरिये किसानों की आवाज राष्ट्रपति तक पहुंचाने का प्रयास है ताकि उनकी समस्याओं को हल किया जा सके। भाकियू के जिलाध्यक्ष अनित कसाना व मीडिया प्रभारी सुनील प्रधान ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे कलेक्ट्रेट पहुंचकर मोर्चे का साथ दें।

### शहीदों की याद में 23 मार्च को होगा कार्यक्रम

**नोएडा।** देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में 23 मार्च को सेक्टर-151 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान हवन भी होगा। नोएडा एम्प्लॉइज एसोसिएशन एवं नोएडा इंटरप्रिनियोर एसोसिएशन की ओर से संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें शहीदों के बारे में नई पीढ़ी को बताया जाएगा। इस अवसर पर संगीत का कार्यक्रम भी होगा।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी को पकड़ा

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना पुलिस ने रविवार को गैंगस्टर एक्ट में दो साल से वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

## ओयो होटल में किशोरी से दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में रहने वाले एक पुजारी ने आरोप लगाया है कि उसके पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ रेप किया है। इस मामले में पुजारी और उसके समर्थकों ने थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होगा।

दरअसल, साहिबाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में पुजारी अपने परिवार के साथ रहते हैं। पुजारी का कहना है कि उनकी नाबालिग बेटी शनिवार को ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी। उसी दौरान उसके पड़ोस में रहने वाला एक युवक उसकी बेटी के पास पहुंचा और उसका अपहरण करके ले गया। पुजारी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि पड़ोसी युवक ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ ओयो रूम में ले जाकर रेप की वारदात को अंजाम दिया है। पुजारी के मुताबिक घर आकर उसकी बेटी ने पूरी आपबीती अपने पिता को सुनाई। जिसके बाद पुजारी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर थाने में जाकर आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत दी है।

# जेवर टोल प्लाजा पर लगा कई किलोमीटर लंबा जाम

## त्यौहार और वीकेंड के बाद कामकाजी लोगों के वापस लौटने से बढ़ा वाहनों का दबाव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर टोल प्लॉजा पर लगी वाहनों की कतार।

रविवार को यमुना एक्सप्रेसवे के जेवर टोल प्लाजा पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया जिससे एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर जाम से हजारों यात्री हलकान रहे।

होली का त्यौहार अपने घर पर बीताने के बाद अधिकतर लोग अपने कामकाज के लिए नोएडा और दिल्ली स्थित निवास पर लौट रहे थे इस कारण एक्सप्रेसवे पर वाहनों का दबाव अधिक हो गया था।

इसके अलावा नोएडा चिल्ला बॉर्डर पर भी जाम के झाम से लोगों को सामना करना पड़ा। नोएडा यातायात पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम के समय नोएडा के अलावा ग्रेटर नोएडा के अन्य स्थानों पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। क्योंकि त्यौहार खत्म होने व वीकेंड बीताने के बाद लोग अपने घर से वापस अपने कामकाज के लिए लौट रहे हैं।

वहीं कुछ यात्रियों ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर स्वचालित पेमेंट सिस्टम सही तरीके से काम नहीं करता है जिसके कारण टोल कर्मचारी एक डिवाइस लेकर वाहनों पर लगे फास्टटैग को स्कैन करते हैं उसके बाद कैबिन में जाकर गेट खोलते हैं। इस प्रकिया के कारण भी अक्सर एक्सप्रेसवे पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है।

## ससुराल वालों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस

**नोएडा।** तीन दिन पहले छपरौली गांव में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मृतका के भाई ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सेक्टर.168 स्थित छपरौली गांव निवासी विवाहिता रजनी उर्फ मिन्टो ने शुक्रवार को अपने घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में रजनी के भाई ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि रजनी की शादी वर्ष 2012 में छपरौली निवासी सुनील चौहान से हुई थी।

## सिटीजन फीडबैक में भाग लेने की अपील

**नोएडा।** जनपद को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत फीडबैक देने का कार्यक्रम चल रहा है। इसके लिए लोग हेल्पलाइन नंबर 1969 पर फोन कर शहर की स्वच्छता के बारे में जानकारी दे सकते हैं। इसके अलावा क्यूआर कोड को स्कैन कर इस प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं।

प्राधिकरण अधिकारियों शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि एक मिनट का समय निकालकर लोग इस प्रक्रिया में हिस्सा लेकर नोएडा को स्वच्छता के मामले में नंबर-1 बनाने में अपना योगदान जरूर दें।

# 5 युवकों पर छात्रा से गैंगरेप का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● गुलाल लगाने के बहाने घर में घुसे थे**

होली के दिन एक 11वीं की छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात सामने आई है। छात्रा अपने मामा-मामी के घर में थी। उसी दौरान उनके घर में 5 युवक घुस गए और किशोरी के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया।

जब इसका विरोध पीड़िता की मामी ने किया तो आरोपियों ने उसके सिर पर सरिए से वार किया। जिसके कारण पीड़िता की मामी भी गंभीर रूप से घायल हो गई है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। साहिबाबाद पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक साहिबाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी अपने भाई-बहन के साथ मामा-मम्मी के घर में रहती है। किशोरी के माता-पिता की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। होली के दिन पीड़िता के भाई-बहन अपनी दादी से मिलने ग्रेटर नोएडा आए हुए थे। उस दौरान होली पर दोपहर 2:00 बजे किशोरी और उसकी मामी घर में अकेली थी। उसी दौरान उनके घर में 5 युवक गुलाल लगाने के बहाने घुस गए और युवकों ने किशोरी को बंधक बना लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। किशोरी की आवाज को सुनकर उसकी मामी मौके पर आई तो आरोपियों ने मामी के सिर पर सरिए से वार कर दिया। इसके बाद युवकों ने किशोरी के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।




लोनी बॉर्डर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी।

# फिरौती के लिए मकान मालिक के बेटे हत्या, पुलिस ने दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● 7 लोगों को पुलिस पहले ही भेज चुकी है जेल**

फिरौती की रकम न मिलने पर बच्चे की हत्या कर शव को नहर में बहाने वाले आरोपी को लोनी बोर्डर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मृतक बच्चे का पर्स और आधार कार्ड भी बरामद किया है। सीओ लोनी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपी फुरकान निवासी फलावदा मेरठ को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर जुलाई 2021 में अपने मकान मलिक नौशाद के पुत्र अनस का 20 लाख ए की फिरौती मांगने के लिए अपहरण किया था। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ मकान मालिक ने थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया था। आरोपी ने पकड़े जाने के डर से अनस की हत्या कर उसके शव को नहर में फेंक दिया। वारदात के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पूर्व में इस घटना में शामिल 7 लोगों को पुलिस जेल भेज चुकी है। सीओ लोनी ने बताया कि फुरकान पिछले काफी समय से अपने मकान मालिक नौशाद के घर उतराचंल विहार सोसायटी में रह रहा था।

नौशाद के घर 20 लाख रूपए की रकम आई, जिसके बारे में आरोपी को पता था। उक्त रकम लेने के लिए आरोपी ने अनस के अपहरण की योजना बनाई और अपहरण करने के बाद फिरौती मांगता, इससे पहले नौशाद ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने अपहरण के तीसरे दिन ही बच्चे को मार दिया था।

# आनलाइन आफर का झांसा देकर ठगों ने लगाया चूना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई शिकायत**

जिओ मार्ट पर ट्रांजेक्शन पर उपहार जीतने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति के साथ 42 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-49 कोतवाली पुलिस से की है।

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-48 निवासी धनंजय देवीदास जोशी ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें एक महिला ने खुद को जिओ मार्ट का अधिकारी बताकर फोन किया। महिला ने धनंजय से कहा कि एक स्कीम ने तहत उनका नंबर चुना गया है। अंतिम ट्रांजेक्शन के आधार पर महिला ने उपहार देने की बात कही। इसके बाद महिला ने स्कीम की पूरी जानकारी धनंजय के वाट्सएप नंबर पर भेज दी। महिला ने उसी दिन शाम को पीड़ित के मोबाइल पर फोन कर बताया कि वह वोल्ट्स कंपनी की एसी गिफ्ट में जीते हैं। जिसकी बाजार में कीमत 48990 रुपये है। इसके लिए उन्हें जीएसटी के 11999 रुपये देना होगा। जिसके बाद आरोपित महिला ने उन्हें नई स्कीम लेने और प्राइस जीतने का झांसा देकर जीएसटी के साथ ही अन्य शुल्क के बहाने कुल 42 हजार 357 रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

बार-बार पैसे की मांग करने पर पीड़ित को ठगी का संदेह हुआ। ऐसे में जब पीड़ित ने संबंधित कंपनी के कस्टमर केयर पर फोन किया तब पता चला कि उनकी कंपनी की ओर से ऐसी कोई स्कीम नहीं चलाई जा रही है।

# दुजाना गांव में लगा दादी सती का मेला

## मंदिर का इतिहास : यहां नेहरू, चौधरी चरण सिंह और अटल बिहारी ने भी टेका था मत्था

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के दुजाना गांव में हर साल की तरह दादी सती मंदिर में मेले का आयोजन किया गया। साथ ही गांधी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव मनाया गया। मेले में सैकड़ों दुकानें और स्टाल लगाए गए। मेले में मंदिर समिति के 130 स्वयंसेवक और 200 पुलिसकर्मी व्यवस्था में तैनात रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुर्जर विद्यासभा के अध्यक्ष राधाचरण भाटी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दादरी विधायक तेजपाल नागर रहे।

मास्टर भूपेन्द्र नागर ने बताया कि मेले में हरियाणवी और राजस्थानी कार्यक्रम होते हैं। यहां खाने-पीने के स्टाल लगाये जाते हैं। बच्चो के मनोरंजन के लिए बड़े-बड़े झूले विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं। मेले का आयोजन का समस्त कार्य दादी सती मंदिर समिति द्वारा स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से किया जाता है। मेले की तैयारी में ग्रामीण एक महीने पहले से लग जाते हैं। गांव और घरों की साफ-सफाई की जाती है। बम्ब भी बजाई जाती है। मेले वाले दिन गांव के श्री गांधी इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम भी होता है। जिसमें बड़े राजनीतिक लोगो की उपस्थिति रही है।

10 नवंबर 1963 को पंडित जवाहरलाल नेहरू इस आयोजन में आये थे। 1980 मे प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी यहां आये थे और पूजा अर्चना भी की थी। चौधरी चरण सिंह और राजेश पायलट सरीखे नेता भी यहां शिरकत कर चुके हैं। दुजाना गांव में करीब 264 साल पुराने दादी सती मंदिर में होली के अगले दिन लगने वाले मेले में बड़े-बड़े दिग्गज आते रहे हैं।

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, देश के पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, देश में पांच साल पहली गैर कांग्रेसी सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी, गुर्जर नेता और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं शामिल रहे राजेश पायलट समेत तमाम राजनेता यहां आए और मंदिर से आशीर्वाद लेकर गए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 21 मार्च, 2022





लाल किले के ठीक सामने एनडीएमसी के पार्क का उद्घाटन करते राष्ट्रपति कोविंद साथ में एलजी अनिल बैजल।

# चरतीलाल गोयल हेरिटेज पार्क आम लोगों के लिए खुला

**नई दिल्ली।** ऐतिहासिक लाल किले के ठीक सामने उत्तरी दिल्ली नगर निगम काचरती लाल गोयल हेरिटेज पार्क आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने रविवार को इस पार्क का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने चरती लाल गोयल की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कलाकारों ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया। हेरिटेज पार्क का नाम नगर निगम के



पूर्व उप महापौर और दिल्ली विधान सभा के पहले अध्यक्ष चरती लाल गोयल के नाम पर रखा गया है। दिल्ली नगर निगम के अनुसार यह पार्क लगभग 8650 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इसका निर्माण मुगलकालीन शैली को ध्यान में रखते हुए लाल पत्थरों और लोहे की ग्रिल में समृद्ध नक्काशी द्वारा किया गया है। पार्क में मुगलकालीन बारादरी (12 दरवाजे वाला एक मंडप), युवाओं को आकर्षित करने के लिए रंग-बिरंगे फूल और हरी-भरी घास लगाई गई है। सार्वजनिक सुविधाओं जैसे शौचालय, पार्किंग, शॉपिंग सेंटर, डिजाइनर लैंप पोस्ट और फोकस लाइट के साथ, हेरिटेज पार्क आने वाले दिनों में पर्यटकों के

**● राष्ट्रपति कोविंद ने लाल किले के ठीक सामने एनडीएमसी के पार्क का किया उद्घाटन**

लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बन जाएगा क्योंकि यह आधुनिक सुविधाओं और प्राकृतिक सुविधाओं के साथ विरासत का एक अनूठा मिश्रण पेश करता है।

### परियोजना की लागत

परियोजना को पूरा करने के लिए 17.68 करोड़ रुपये की राशि की आवश्यकता थी। पहले चरण में 7.65 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से लगभग 1.75 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है। वहीं दूसरे चरण में शेष 2.25 एकड़ को 10.03 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित किया जाएगा। पहले चरण के लिए उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने अपने संसाधनों से 4.70 करोड़ रुपये की व्यवस्था की।

# दुकान के बेसमेंट में दम घुटने से दो की मौत

## साइकिल रिक्शा बनाने के लिए लकड़ी के फट्टे को दीमक से बचाने के लिए किया था केमिकल छिड़काव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली गांधी नगर इलाके में रविवार सुबह दुकान के बेसमेंट में सामान लेने गए दो लोगों की केमिकल की चपेट में आकर दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान वैभव कथूरिया और जाकिर के रूप में हुई है। बेसमेंट में ठेल और साइकिल रिक्शा बनाने में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी के फट्टे रखे हुए थे। इन फट्टो को दीमक से बचाने के लिए उस पर किसी केमिकल का छिड़काव किया गया था।

रविवार सुबह दुकान के कर्मचारी जाकिर व दुकान मालिक का इकलौता बेटा वैभव अंदर सामान लेने गए थे। नीचे पहुंचते ही दोनों अचेत हो गए। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बेसमेंट से निकाल कर पास के अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। गांधी नगर थाना पुलिस ने लारवाही से हुई मौत का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाएं हैं। पुलिस अन्य कर्मचारियों के अलावा अन्य लोगों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस के मुताबिक राकेश कथूरिया अपने परिवार के साथ दो-ब्लॉक, गीता कालोनी इलाके में रहते हैं। इनके परिवार में पत्नी और एक बेटी के अलावा बेटा वैभव था।

पिता-पुत्र का गांधी नगर मेन रोड, कैलाश नगर में साइकिल रिक्शा और ठेला बनाने का काम था।

मेन रोड पर इनकी आरके ट्रेडिंग के नाम से दुकान है। यहां जाकिर ठेला बनाने का काम करता था। दुकान के नीचे राकेश ने एक संकरा से बेसमेंट बनाया हुआ था। जिसमें लकड़ी व दूसरा सामान रखा रहता था। लकड़ी को दीपक से बचाने के लिए राकेश ने उस पर रसायन का छिड़काव कराया।

दुकान पर काम करने वाले एक कर्मचारी अबरार ने बताया कि सुबह करीब 10.30 बजे उसने दुकान खोली और वह माल लेने बाहर चला गया। इस बीच काम शुरू करने के लिए जाकिर और वैभव बेसमेंट से सामान लेने ?नीचे उतरे। लेकिन अंदर बनी सीढ़ी टूट गई और दोनों अंदर गिर गए। 10.45 बजे अंदर गए वैभव और जाकिर बाहर नहीं निकले तो शक हुआ। अंदर झांककर देखने पर दोनों बेसमेंट में अचेत पड़े मिले।

राकेश ने शोर मचा दिया। करीब 11.30 बजे मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों व स्थानीय लोगों ने राकेश और जाकिर को किसी तरह बेसमेंट से बाहर निकाला। दोनों को जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को बेसमेंट से रिक्शा बनाने का सामान और वहां रखे कुछ केमिकल मिले हैं। इनको कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है।

### वैभव था परिवार का इकलौता बेटा

राकेश कथूरिया ने सपने में भी नहीं सोचा था कि लकड़ी बचाने वाला केमिकल ही उसके बेटे की जान ले लेगा। हादसे के बाद राकेश का रोते-रोते बुरा हाल है।

वैभव उनका अकेला बेटा था। इनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा था। कुछ समय पूर्व राकेश ने बेटी की शादी कर दी थी। अब वैभव ने पिता के काम में हाथ बटाना शुरू किया था। राकेश भी बेटे के काम संभालने से काफी खुश थे। जैसे ही उन्हें पता चला कि बेसमेंट में उनका बेटा अचेत पड़ा है, वह खुद बेसमेंट में उतरने लगे। लोगों ने उनको किसी तरह रोका। बाद में कुछ लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर उतरे। इसके बाद वैभव और जाकिर के शवों को निकाला गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आग से झुलसे मरीजों के लिए एम्स में आपातकालीन सेवाएं शुरू




***नई दिल्ली।*** *अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के 'बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक' में जलने से घायल हुए मरीजों के लिए आपातकालीन सेवाओं को फिर से शुरू कर दिया गया है।*

*ट्रॉमा सेंटर के बगल में स्थित इस केंद्र का उपयोग अब तक कोविड-19 रोगियों के इलाज के लिए एक अस्थायी केंद्र के रूप में किया जा रहा था। एम्स के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, 'बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक' के भूतल पर आपातकालीन सेवाएं 15 मार्च से उपलब्ध हैं और कोई भी यहां जेपीएनएटीसी परिसर में चौधरी झंडू सिंह रोड से प्रवेश कर सकता है।*

*परिपत्र के अनुसार आपातकालीन सेवाओं के लिए आठ निरीक्षण बेड की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों के अनुसार, ब्लॉक लगभग 15,000 आकस्मिक मरीजों को देखने और एक साल में 5,000 मरीजों को देखने में सक्षम है। एक अधिकारी ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष जलने के लगभग 70 लाख मामले दर्ज किए जाते हैं और जलने की वजह से प्रति 1.4 लाख लोगों की जान चली जाती है, जबकि अन्य 2.4 लाख रोगियों गंभीर विकृतियों से ग्रसित हो जाते हैं।*

# 55 निवेशकों से ठगे 13 करोड़, गिरफ्तार


आरोपी दिनेश शर्मा

### रेरा पोर्टल से योजना को जांचे

आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इस प्रकार की धोखाधड़ी में न फंसें। सस्ती दरों पर विभिन्न परियोजनाओं में आवासीय इकाइयों की पेशकश के बहाने आम जनता को लुभाने के लिए कई ठग घूम रहे हैं। ऐसी किसी भी परियोजना में निवेश करने से पहले रेरा पोर्टल से विवरण भी जांचा जाना चाहिए। **-छाया शर्मा संयुक्त पुलिस आयुक्त**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 55 निवेशकों को चुना लगाकर फरार होने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने करीब 13 करोड़ की ठगी की है। जांच में पता चला कि कि अरोपी ने हरियाणा में फ्लैट दिलाने के नाम पर आम लोगों से पैसा जुटाया था।

आरोपी की पहचान दिनेश शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस शिकायत के बाद आरोपी फरार हो गया था। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कंपनी एशियन डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड ने वर्ष 2012 में सेक्टर-2, बावल, रेवाड़ी, हरियाणा में फ्लैटों/दुकानों की बुकिंग के लिए विज्ञापन दिया था।

उन्होंने इस प्रोजेक्ट में निवेश किया गया और नियमित भुगतान किया। परियोजना का निर्माण अप्रैल 2014 में रोक दिया गया था औरकोई कब्जा नहीं दिया गया। बाद में पता चला कि फ्लैट केवल कंपनी के कर्मचारियों को ही मिल सकता है। इसके बाद दिनेश वहां से फरार हो गया। जांच के दौरान कथित कंपनी के खाते का विश्लेषण किया गया और पाया गया कि घर खरीदारों की गाढ़ी कमाई को अलग-अलग खातों में लगाया गया था।

यह भी पता चला है कि जिस भूमि पर परियोजना का निर्माण किया जा रहा था, उसका आवंटन एचएसआईआईडीसी के पक्ष में उनके कामगारों के लिए आवासीय इकाइयों के निर्माण के लिए किया गया था। दोनों मामलों की आगे की जांच जारी है।

# जमानत मिलने के बाद फरार लेडी डॉन 5 साल बाद गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने अपहरण कर हत्या करने के मामले में गत चार साल से फरार चल रही कुख्यात गैंगस्टर की पत्नी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है।

इस मामले में महिला को वर्ष 2018 में न्यायालय ने भगोड़ा भी घोषित किया था। पकड़ी की गई महिला निधी उर्फ भारती गैंगस्टर राहुल जाट की पत्नी है और लोनी के फारुख नगर के गांव सरीफाबाद राजपुर में रहती है। पुलिस के अनुसार राहुल गैंगस्टर रोहित चौधरी और अंकित गुर्जर (मरने के पहले) के लिए काम करता था। महिला ने अपने पति व छह अन्य लोगों के साथ मिलकर वर्ष 2015 में जीटीबी



एनक्लेव निवासी सागर नामक युवक का अपहरण कर पहले जमकर पीटा उसके बाद उसे तेज रफ्तार जा रहे ट्रक के सामने फेंक दिया था। ताकि यह मामला हत्या नहीं बल्कि सड़क हादसा लगे। इस मामले में जांच पड़ताल के बाद सभी आरोपित गिरफ्तार किए गए थे लेकिन निधी को नवंबर 2017 में अदालत से जमानत मिल गई थी। जिसके बाद से वह फरार चल रही थी। अगले साल वर्ष 2018 में

**● सागर नामक व्यक्ति की वर्ष 2015 में हुई अपहरण और हत्या के मामले में निधि भी आरोपी है : पुलिस**

अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित किया गया। पुलिस उपायुक्त जसमीत सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एसीपी अतर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर शिव कुमार व इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में एसआइ राजेश, महिला एसआइ नीतू, और महिला सिपाही मंजीत की टीम ने निधी को गाजियाबाद के गोविंदपुरम स्थित कैफे से गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सागर उर्फ चुन्नू के निधी की बहन से प्रेम संबंध थे। ये बात निधी उर्फ भारती व इसके पति राहुल को पसंद नहीं थी।

# पीडब्ल्यूडी अधिकारी आधा दिन निर्माण स्थलों को समर्पित करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● अधीक्षण अभियंता प्रतिदिन आकस्मिक निरीक्षण करेंगे**

दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अपनी इंजीनियरिंग शाखा के अधिकारियों को सभी कार्यदिवसों का शुरुआती आधा दिन निर्माण स्थलों पर जाने को कहा है ताकि परियोजनाओं का समय से कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने बताया कि कनिष्ठ अभियंताओं, सहायक अभियंताओं और कार्यकारी अभियंताओं को हर रोज शुरुआती आधा दिन निर्माण स्थलों पर जाना होगा जबकि अधीक्षण अभियंता प्रतिदिन आकस्मिक निरीक्षण करेंगे।

पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने कहा कि मुख्य अभियंता सप्ताह में कम से कम दो बार अपने संबंधित क्षेत्रों में स्थल निरीक्षण करेंगे और प्रधान अभियंता (ईएनसी) को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि ईएनसी अधिकारियों के निरीक्षण के काम को देखेंगे और उससे जुड़ी रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी के सचिव को भेजेंगे।

अधिकारी ने कहा कि विभाग ने इस संबंध में विस्तृत निर्देश इस माह की शुरुआत में जारी किए थे। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सभी चल रही परियोजनाओं की नियमित रूप से फील्ड अधिकारियों द्वारा निगरानी की जाए ताकि प्रगति सुनिश्चित हो।

# सड़कों की दुर्दशा में कोई सुधार नहीं : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के रखरखाव में आने वाली दिल्ली की अधिकांश मुख्य सड़कों की दुर्दशा में कोई सुधार नही है जिसके कारण अक्सर सड़क हादसे होते है, सड़कों पर प्रदूषण एवं सड़कों पर यात्रा समय भी बढ़ रहा हैं।

प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को लिखे पत्र में कहा कि पिछले एक वर्ष में सड़कों की दुर्दशा में कोई सुधार नही हो रहा है और दिल्ली की सड़कों का हाल देश के छोटे आंतरिक इलाकों से भी खराब है।

पत्र में कहा गया है कि रिंग रोड, बाहरी रिंग रोड, एस.पी. मुखर्जी मार्ग, नेता जी सुभाष मार्ग, विकास मार्ग, जीटी रोड़ शाहदरा, स्वर्ण सिनेमा रोड़, सीलमपुर रोड़, लाला लाजपत राय मार्ग, टीटो मार्ग, से रोहिणी रिठाला रोड़, पंजाबी बाग पीरागढ़ी आदि जैसी प्रमुख सड़के बेहद खराब है।

# किसानों की समस्याओं पर आप को घेरा

**● गत 40 दिनों से मांगों को लेकर धरना दे रहे किसानों का प्रदर्शन खत्म**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदेश भाजपा ने केजरीवाल सरकार को घेरा है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले सात सालों में किसानों से जो वादे किये थे। उनमें से एक भी पूरा नहीं किया।

सिर्फ चुनाव के समय बड़े-बड़े दावे करना, झूठ बोलना व लोगों को भ्रमित करने का काम करना केजरीवाल की राजनीति का हिस्सा है। आज किसानों की मांगों को केजरीवाल सरकार द्वारा पूरा न करने के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन में उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि किसान खुद को किसानों का दर्जा पाने के लिए आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। लेखी ने कहा कि आज किसानों द्वारा पिछले 40 दिनों से चल रहे विरोध प्रदर्शन को भाजपा केंद्र सरकार के पास लेकर जाएगी।

वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष किसानों की समस्या रखेंगे, क्योंकि अब दिल्ली में परिवर्तन की जरूरत है। आज एमसीडी के विद्यालय नहीं होते और हर वार्ड में खुले डिस्पेंसरी नहीं होती तो केजरीवाल के शिक्षा और स्वस्थ्य मॉडल की और भी बदतर स्थिति होती। इसलिए भाजपा दिल्ली की बेहतरी के लिए काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल का विकास मॉडल इसी से समझा जा सकता है कि गांव के किसानों से जमीन स्कूल, सामुदायिक भवन एवं विकास के नाम पर लेकर उसपर हज हाउस बनवा रहे हैं। दिल्ली में बैठी ऐसी सरकार है जिसके पास 40 दिनों से बैठे किसानों के दुख-दर्द को समझने के लिए समय नहीं है।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि दी जा रही है। इसके साथ ही लैंड पुलिंग पालिसी में भी संसोधन किया जा रहा है ताकि इसे और आसान किया जा सके। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि जिस तरह से किसानों ने पिछले 40 दिनों से अपनी मांगों को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, उसकी गूंज 23 तारीख से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में भी सुनाई देगी।

# हरियाणा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर टिकी आप की नजर

**● गोपाल राय और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह स्थानीय नेताओं के साथ तैयार करेंगे चुनावी रणनीति**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पंजाब विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद आम आदमी पार्टी की नजर अब हरियाणा और कांग्रेस शासित राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर है। पार्टी इन राज्यों में अपना जनाधार बढ़ाने की कोशिश कर रही है ताकि आने समय में इन राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस को कड़ी चुनौती दे सके। इस कड़ी में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय छत्तीसगढ़ के दो-दिवसीय दौरे पर जाएंगे, ताकि राज्य में विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को गति दे सकें।

आप की पूर्वांचल इकाई के प्रभारी और बुराड़ी से विधायक संजीव झा, राय के साथ दौर पर रहेंगे। दोनों नेता आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की कार्य योजना तैयार करने के लिए वहां स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ कई बैठकें करेंगे और राज्य में बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान शुरू करेंगे। राय रायपुर में पार्टी के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन भी करेंगे।

आप के एक नेता ने बताया कि सोमवार को, गोपाल राय पंजाब में पार्टी की शानदार जीत के जश्न पर रायपुर में आम आदमी पार्टी द्वारा विजय यात्रा में भाग लेंगे और पार्टी



को छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा के एक विकल्प के रूप में पेश करेंगे। इसी के साथ आप अब राजस्थान में भी अपना आधार मजबूत करने की रणनीति बना रही है। पार्टी नेताओं के अनुसार आप राजस्थान में संगठन को मजबूत करने के लिए यहां 26-27 मार्च को दो दिवसीय राज्य स्तरीय विजय उत्सव सम्मेलन करेगी। इसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। आप

**● संगठन को मजबूत करने पर जोर**

के राज्य सह प्रभारी खेमचंद जागीरदार ने कहा कि पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

राजस्थान पंजाब का पड़ोसी राज्य है और नई दिल्ली के करीब है, इसलिए राज्य में संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी 26 और 27 मार्च को दो दिवसीय राज्य सम्मेलन आयोजित कर रही है।

मालूम हो कि आम आदमी पार्टी ने वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कुल 90 सीटों में से 85 सीटों पर अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान उतारे थे लेकिन आप का खाता नहीं खुल सका था, पार्टी वहां लगातार संपर्क कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीयू एनसीवेब सेंटर कर्मियों के वेतमानों में विसंगति



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध नॉन कॉलेजिएट (एनसीवेब) के विभिन्न कॉलेजों में 26 टीचिंग सेंटर चल रहे है। यहां के कर्मियों ने वेतमानों में विसंगति का आरोप लगाया है। इन कर्मचारियों का कहना है कि एक ही कॉलेज में तीन अलग-अलग सेंटर के कर्मचारियों का मानदेय भिन्न क्यों है। उनका कहना है कि स्कूल ऑफ़ ओपन लर्निंग (एसओएल) और इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू ) में कार्य करने वालों को नॉन कॉलेजिएट के कर्मचारियों से कहीं ज्यादा मासिक वेतन दिया जा रहा है जबकि वे उनसे ज्यादा काम करते हैं। साथ ही अलग-अलग नियम लागू क्यों किए जा रहे है। कर्मचारियों का कहना है कि एक ही कॉलेज में स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) इंदिरा गाँधी ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) व नॉन कॉलेजिएट (एनसीवेब) की कक्षाएं लगती है।

### राष्ट्रीय रोजगार सम्मेलन 23 व 24 मार्च को

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ राष्ट्रीय रोजगार सम्मेलन शाह ओडटोरियम में 23 व 24 मार्च को आयोजित किया जाएगा। देश की बात फाउंडेशन के संस्थापक एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री श्री गोपाल राय होंगे मुख्य अतिथि होंगे। देश की बात फाउंडेशन की पहल पर देश में राष्ट्रीय रोजगार नीति बनाने के लिए पिछले वर्ष 19 दिसंबर को दिल्ली में जंतर मंतर पर रोजगार संसद का आयोजन किया गया था जिसमें 30 संगठनों ने हिस्सेदारी की। रोजगार संसद में आए सभी संगठनों में यह तय किया कि आगामी 23, 24 मार्च को दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय रोजगार सम्मेलन किया जाएगा, जिसमे देशभर के 250 से अधिक प्रमुख संगठनों के लगभग 700 प्रतिनिधि हिस्सेदारी करेंगे।

### आवारा पशुओं से पौधों को हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।** वर्ष 2016 से 2019 के बीच हुए वार्षिक पौधारोपण के ऑडिट से यह पता चला है कि जंगली जानवरों और आवारा पशुओं ने कई स्थानों पर पौधों को नुकसान पहुंचाया है। साथ ही मिट्टी एवं जल संरक्षण के उपायों को कई स्थानों पर नहीं अपनाया गया। देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान ने पिछले साल वार्षिक पौधारोपण का ऑडिट किया था। ऑडिट रिपोर्ट में कहा है कि पौधारोपण स्थलों के रिकार्ड सर्वे टीम को प्रस्तुत नहीं किये गये, या दिखाये नहीं गये। वन अनुसंधान संस्थान ने दिल्ली के वन विभाग को सौंपी रिपोर्ट में कहा है कि निगरानी के संदर्भ में और गतिविधियों को भविष्य में लागू करने में यह एक गंभीर समस्या है। सिर्फ पौधों की संख्या, स्थान के नाम और जीआईएस नक्शे दिखाये गये।

### खाली पड़े स्कूल भवन को लेकर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने 2011-12 में निर्माण के बाद से खाली पड़े एक सरकारी स्कूल को चालू करने का अनुरोध करने वाली एक गैर सरकारी संगठन की याचिका पर दिल्ली सरकार और शिक्षा निदेशालय से जवाब मांगा है। जिसमें ढीले ढाले रवैये और कर्तव्य की अवहेलना करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। मामले में अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी किया और सरकार और डीओई से जवाब मांगा है।

# भरत भूमि की किस्मत में अब काली रात नहीं होगी...

## कवियों ने कविताओं से बताया कितना मजबूत हो गया है अपना भारत

## सेक्टर-4 के सामुदायिक केंद्र में हुआ भव्य कवि सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-4 में आयोजित कवि सम्मेलन में रचनाएं पढ़ते कवि।



तिरंगा लहराते विधायक सुधीर सिंगला, विधायक संजय सिंह, सुशासन सलाहकार आईपीएस अनिल राव व अन्य।

**आजादी** के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हरियाणा कला परिषद के तत्वावधान में नवकल्प फाउंडेशन की ओर से विशाल कवि सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कवियों ने जहां देश की मजबूती को शब्दों में पिरोकर पेश किया, वहीं होली के रंग बिखेरते हुए खूब हंसाया भी।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कंवरपाल गुर्जर और सांसद सुनीता दुगगल को पहुंचना था, लेकिन व्यस्तता के चलते वे नहीं आ पाए। संजय भसीन ने कला, संस्कृति मंत्री कंवरपाल का संदेश सुनाया। सांसद सुनीता दुग्गल ने अपना ऑडियो संदेश भेजकर इस भव्य कार्यक्रम की नवकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल आर्य, महासचिव डा. सुनील आर्य और हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन व अन्य आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सुधीर सिंगला, विधायक संजय सिंह और विधायक सतप्रकाश जरावता, मेयर मधु आजाद ने शिरकत की, वहीं अध्यक्षता आईपीएस सुशासन सलाहकार अनिल राव ने की। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायक सुधीर सिंगला भी माहौल को देखकर खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने कुछ रचनाएं पढ़ीं। उन्होंने सुनाया-ख्वाहिश नहीं मुझे मशहूर होने की, आप मुझे पहचान लो बस इतना ही काफी है। कवि सम्मेलन का मंच संचालन फरीदाबाद के कवि दिनेश रघुवंशी ने किया। यूपी के मुजफ्फनगर से आई कवयित्री प्रीति अग्रवाल ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। उन्होंने भारत में माहौल खराब करने वालों को अपनी रचनाओं में नसीहत देते हुए सुनाया-भरत भूमि की किस्मत में अब काली रात नहीं होगी...बात अस्मिता पर आए तो कोई बात नहीं होगी...समझौतों की मेजों से अब खाली हाथ नहीं लौटें...भारत मां के आंचल में टूटे जज्बात नहीं लौटें...भारत मां को डायन बोले फिर हमसे उम्मीद करें...ऐसे दानव की बोलो हम आखिर कब तक मांग भरें...ऐसे दुष्ट जब पुण्य धरा पर बोझ सरीखे बन जाएं...शपथ उठा हम भगत सिंह की उनके आगे तन जाएं...दुष्ट अगर फिर भी ना सुधरे सबक सिखाएंगे उनको... अपना लहू देना पड़ जाए तो भी चुकाएंगे रण को...जिसने जगत रचा है वो ही अपना भागय विधाता है...मगर विधाता से भी पहले हमको धरती माता है...।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मंत्री एवं कवयित्री डा. सरिता शर्मा ने सुनाया-धर्म का अर्थ धाम से पूछो, प्रेम का अर्थ श्याम से पूछो, कितने मीठे हैं बेर शबरी के, पूछना है तो राम से पूछो...। बेहद ही सुर और लय के साथ रचना को अपनी मधुर वाणी से पढ़ा। हास्य कवि अनिल अग्रवंशी ने काफी समय तक यहां हास्य रंग के फव्वारे छोड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### पूनम गोदारा के होली मिलन समारोह में जमकर बरसा रंग



सोहना में पूनम गोदारा के होली मिलन समारोह में गुलाल से होली खेलते लोग।

**सोहना।** नगर परिषद के महिला चेयरमैन पद की दौड़ में संभावित उम्मीदवार पूनम गोदारा के होली मिलन समारोह में होली का गुलाल जमकर बरसा। नगर परिषद सीमा क्षेत्र के कोने-कोने से आए नागरिकों ने खेली होली। शहर निवासी पूनम गोदारा ने पंजाबी धर्मशाला में होली मिलन समारोह आयोजित किया। इस समारोह में पूनम गोदारा के परिजनों ने द्वारा सभी 21 वार्डों से बुलाएं गए नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लिया। सोहना विधायक संजय सिंह किसी जरुरी कार्य से क्षेत्र से बाहर होने के कारण नहीं पहुंच सके, लेकिन उन्होने होली मिलन समारोह में मौजूद जनसमूह नगर परिषद वासियों को अपनी शुभकानाएं दीं। इस अवसर पर पूनम गोदारा के पति विकास गोदार व ससुर जगणनाथ गोदारा (भगत जी) के द्वारा दिए गए निमंत्रण पर लोगों ने भाग लिया। इस होली मिलन समारोह में शहर के पूर्व चेयरमैन, पूर्व पार्षद, गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। पूनम गोदारा ने इस अवसर पर कहा कि आपसी भाई चारा भारतीय सभ्यता को बनाए रखना जरुरी है। यही भाईचारा एक दूसरे के सुख व दूख का साथी बनता है। उन्होने कहा कि भविष्य में होने वाले नगर परिषद चेयरमैन पद के आम चुनाव में भाग लेकर वह भी समाज सेवा करना चाहती है। यदि नगर परिषद सीमा क्षेत्र के नागरिकों ने उन्हे सेवा का अवसर देती है। वह इस अवसर को अपनी पूरी नेक नीयत से निभाएगी।

### नेहा राघव के घर बधाई देने वालों का लगा तांता



नेहा राघव।

**सोहना।** बेटियां हर क्षेत्र में कामयाबी हासिल कर रही हैं। बचपन से प्रतिभा की धनी ऐसी ही बेटी नेहा राघव ने पहले अपने मां बाप के सपने को पूरा कर डाक्टर बनी। अब हाल ही में अर्द्ध सैनिक बल (आइटीबीपी) में सहायक कमांडेंट (डॉक्टर) के पद पर कामयाबी हासिल की है। नेहा राघव के घर पर बधाइयां देने वालों का ताता लगा हुआ है। नेहा राघव गांव दौला के ग्रामीण और स्वजन अपने को बेटी की कामयाबी पर गौरवांवित महसूस कर रहे है। वही क्षेत्रवासियों ने अपनी होनहार बेटी की सफलता पर शुभकामनाएं दीं। पिता सतीश राघव और माता बिमला राघव का सपना डाक्टर बनाने का देखा था। नेहा राघव ने नोबेल मेडिकल कालेज व टिचिंग हॉस्पिटल से दिसम्बर 2020 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। 14 मार्च 2022 को अर्द्ध सैनिक बल (आइटीबीपी) में उनका असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयन हो गया। आइटीबीपी में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयनित होने के बाद डाक्टर नेहा बेहद खुश हैं। उन्होंने अपनी इस कामयाबी के पीछे अपने माता-पिता और स्वजनों का हाथ बताया। विधायक संजय सिंह ने कहा कि नेहा के डाक्टर बनने के बाद देश सेवा का जो निर्णय लिया काबिले तारीफ है। करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू ने कहा कि हमें बेटी नेहा राघव पर नाज हैं।

### जैन बारादरी सदर बाजार में दिव्यांगों को दिए जाएंगे कृत्रिम अंग

**गुरुग्राम।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर वर्धमान सेवा संस्थान गुरुग्राम द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के तत्वावधान में तीन दिवसीय विशाल नि:शुल्क दिव्यांग कल्याण जांच एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 25 से 27 मार्च 2022 तक यह शिविर यहां सदर बाजार स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर (जैन बारादरी) में लगाया जाएगा। सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक लगने वाले इस शिविर में दिव्यांगों की जांच के बाद कृत्रिम पैर (जयपुर फुट), कृत्रिम हाथ (कोहनी के नीचे), पोलियोग्रस्त व्यक्ति के कैलिपर्स, बैसाखियां, व्हील चेयर, हाथ से चलने वाली ट्राई साइकिल, कान की सुनने वाली मशीन निशुल्क दी जाएगी। रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार ने बताया कि इस शिविर में रेडक्रॉस द्वारा यूनिक दिव्यांग आईडी भी बनाई जाएगी। इसलिए दिव्यांग अपना आधार कार्ड और दिव्यांगता का प्रमाण पत्र साथ लेकर शिविर में आएं। इस शिविर में पंजीकरण के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी में पंजीकरण के लिए सम्पर्क किया जा सकता है।

### फसल उत्पादन व प्रबंधन के लिए ऋण में पाएं तीन फीसदी की छूट

**गुरुग्राम।** खेती से जुड़े लोगों को फसल उत्पादन के बाद विभिन्न कार्य करने के लिए सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि अवसंरचना कोष नामक योजना की शुरुआत की गई है। योजना के तहत फसल उत्पादन के बाद उसे प्रबंधन आदि के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। डीसी निशांत कुमार यादव के अनुसार इस योजना के माध्यम से फसल उत्पादन के बाद परेशानी झेलने वाले किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और वे ऋण लेकर अपनी फसल का बेहतरी से प्रबंधन कर पाएंगे। योजना के तहत फसल के उपरांत कृषि उत्पादन के उचित प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, सामुदायिक कृषि सम्पत्तियों के विकास एवं फार्म गेट की अवसंरचना के निर्माण के लिए किसानों को ब्याज पर छूट के साथ ऋण देने का प्रावधान है। इसके अंतर्गत किसानों को दो करोड़ रुपये तक के बैंक ऋण देने का प्रावधान है, जिन पर ब्याज दर में तीन प्रतिशत की छूट है। ऋण स्वीकृत होने पर अधिकतम 7 वर्षों तक ब्याज में यह छूट रहेगी तथा 2 वर्ष की ऋण वापसी स्थगन की अवधि होगी। उन्होंने बताया कि 2 करोड़ रुपये तक के बैंक ऋण पर फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल इंटरप्राइजेज द्वारा क्रेडिट की गारंटी होगी। यह गारंटी शुल्क उद्यमी द्वारा नहीं, बल्कि भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

## महावर वैश्य सभा करेगी कलश यात्रा का स्वागत

**गुरुग्राम।** दो अप्रैल को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की गुरुग्राम जिला इकाई के तत्वावधान में भव्य शोभा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर शनिवार को सम्मेलन एवं महावर वैश्य सभा के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के बाद महावर वैश्य सभा के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि कलश यात्रा का भूतेश्वर मंदिर पर स्वागत एवं इससे संबंधित व्यवस्थाएं जुटाने की जिम्मेदारी महावर वैश्य सभा निभाएगी। वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष डॉ. मंदीप किशोर गोयल ने बताया कि 2 अप्रैल को पहला नवरात्रा होगा। इसी दिन से नव संवत्सर भी प्रारम्भ हो रहा है। शोभा यात्रा के लिए महेन्द्र लाहौरिया, पवन सिंघल, मुकेश सिंगला, बैंड व झांकी के लिए डॉ. वीके जैन, साज सज्जा के लिए गजेन्द्र गुप्ता एवं विवेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बाली पंडित बने भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

### अमित शाह की मौजूदगी में बाली पंडित ने वर्ष 2014 में थामा था दामन



बाली पंडित।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी में जमीन से जुड़कर कार्यकर्ता के रूप में वर्ष 2014 से काम करने वाले बाली पंडित को पार्टी में कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नियुक्त किया गया है। इन्होंने वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव के समय तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष अमित शाह की मौजूदगी में और हरियाणा प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ली थी।

अपनी इस नियुक्ति पर बाली पंडित ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कर्मचारी प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश संयोजक विद्यानंद लाम्बा, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद किया है। बाली पंडित ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल जी ने उन्हें सदैव पार्टी हित में कार्य करते रहने की प्रेरणा दी है।

## पीएम मोदी से अहीर रेजिमेंट बनाने की है पूरी उम्मीद : राव नरबीर सिंह

### जब तक नहीं बनेगा अहीर रेजिमेंट, चलता रहेगा आंदोलन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग पर दिए जा रहे धरने पर पहुंचे पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह।

**अहीर** रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर यहां खेड़कीदौला टोल प्लाजा के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे लोगों के बीच रविवार को हरियाणा के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री राव नरबीर सिंह भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग का समर्थन किया। साथ ही कहा कि पीएम मोदी से उन्हें अहीर रेजिमेंट बनाने की पूरी उम्मीद है।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि अहीर समाज के लोग पूरी तरह से अनुशासित है। देश पर मर-मिटने का जज्बा सदा रखते हैं। सीना तानकर दुश्मन के सामने खड़े रहते हैं। दुश्मनों को मारकर देश की रक्षा करना अहीर समाज से सेना में जाने वाले जांबाजों की आदत बन चुकी है। ऐसे समाज को सम्मान देने के लिए सरकार अहीर रेजिमेंट बनाए। उन्होंने कहा कि जब कोई भी जांबाज देश के लिए शहादत दे तो उसके कंधे पर अहीर रेजिमेंट लिखा हो। राव नरबीर सिंह ने कहा कि देश का आम आदमी नारा लगता है मोदी है तो मुमकिन है, तो फिर अहीर रेजिमेंट मुमकिन क्यों नहीं है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस बार मोदी के नेतृत्व में अहीर रेजिमेंट का गठन होगा। राव नरबीर सिंह ने पिछली सरकारों का भी उदाहरण देते हुए कहा कि पहले हालात ऐसे नहीं थे कि अहीर रेजिमेंट बनाया जा सके। क्योंकि पहले कई दलों की मिली-जुली सरकार थी। अब केंद्र में और हरियाणा प्रदेश में एक ही पार्टी की पूर्णबहुमत की सरकार है।

## शहर में कूड़ा उठाने वाले वाहन ही फैला रहे गंदगी



सड़क पर वाहन बिना सुरक्षा व्यवस्था के खुला कूड़ा लेकर दौड़ते वाहन।

**सोहना।** एक तरफ नगर परिषद प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में प्रथम स्थान प्राप्ती के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। वहीं दूसरी तरफ शहर में कूड़ा कचरा उठाने वाली एजेंसी के कर्मचारी पूरी लापरवाही बरत रहे हैं। बीते करीब एक सप्ताह पहले नगर परिषद सीमा क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर अधिकारियों के नेतृत्व में गठित सर्वे किया था।

सर्वे में टीम ने कूड़ा निस्तारण केन्द्र से लेकर शहर में बने कूड़ा घर, आम रास्तों में साफ -सफाई, शहर के बाजार और गली-मोहल्लों में सफाई का निरीक्षण किया था। लेकिन शहर में कूड़ा उठाने वाली एजेंसी के कर्मचारी पूरी लापरवाही बरत रहे है। बाजार से उठाया जाने वाला कूड़ा को वाहनों में निस्तारण केन्द्र तक लेकर जाते समय खुला होता है। जिस पर त्रिपाल या अन्य सुरक्षा के प्रबंध नहीं होते है। कूड़ा उठाने वाले वाहनों से गंद आम रास्ते व बाजार व सड़कों गिरता हुआ जाता है। जिससे गंदगी उतनी ही फैल रही है। वाहनों में कूड़ा ढका न होने के कारण नागरिकों को देखने पर उल्टियां तक हो जाती है।

> “सभी वाहन चालकों को कूड़ा सुरक्षित तरीके से लेकर जाने के लिए सुविधाएं उपलब्ध की हुई है। लेकिन जो भी वाहन चालक लापरवाही बरत रहा है। उसके खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कदम उठाया जाएगा।
>
> **हिमांशु**
> (एजेंसी मालिक)

**दर्जनभर वाहन लगे हैं कूड़ा उठाने में :** कूड़ा उठाने वाली एजेंसी पूजा कंसलटेंट की तरफ से नगर परिषद के 21 वार्डों में 7 छोटे ट्रैक्टर-ट्राली, 4 छोटा हाथी, 5 रिक्शा सहित अन्य उपकरण उपयोग में लिए जा रहे हैं।

## अवैध हथियारों का सप्लायर गब्बर चढ़ा पुलिस के हत्थे

### यूपी के अलीगढ़ से गुरुग्राम में करता था अवैध हथियार सप्लाई

### आरोपी के कब्जे से 25 देसी कट्टे, दो कारतूस व एक बैग बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में अवैध हथियारों के साथ पकड़ा आरोपी और जानकारी देते पुलिस उपायुक्त अपराध राजीव देसवाल।

**पुलिस** ने अवैध हथियारों का जखीरा पकड़ने के साथ अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले एक आरोपी को भी दबोचा। आरोपी यूपी के अलीगढ़ से ये अवैध हथियार गुरुग्राम लाता था। यहां वह अपने एक साथी को देता था। वह आगे उनको बेचता था। पुलिस उपायुक्त अपराध राजीव देसवाल ने रविवार को बताया कि सेक्टर-17 अपराध शाखा ने इस सफलता से अवैध हथियारों की सप्लाई का बड़ा खुलासा किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि उसके कब्जे से बरामद हुए हथियारों को वह अलीगढ़, उत्तर-प्रदेश से अपने एक साथी से लेकर गुरुग्राम में अपने अन्य साथी को सप्लाई करने के लिए लाया था। इसने ये हथियार लाखों रुपयों में गुरुग्राम में किसी को सप्लाई करने थे। इन हथियारों को यह अलीगढ़ से बैग में डालकर ट्रक इत्यादि में लिफ्ट लेकर यहां तक लेकर आया था। गुरुग्राम में प्रवेश करते ही इन हथियारों को अपने साथी को देने की फिराक में था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस पहले से ही सक्रिय थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी की। इससे पहले कि वह अवैध हथियारों की सप्लाई करता, उसको गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 पर पंचगांव चौक से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ गब्बर उर्फ कालू पुत्र चरणपाल निवासी गांव भुडा किशनगढी जिला अलीगढ़ यूपी के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए जाने पर व आरोपी के पास हथियारों से सम्बंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं होने पर आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के अपराध में थाना मानेसर में केस दर्ज किया गया है।

#### आरोपी की उम्र है मात्र 20 साल

**आरोपी** से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि वह 10वीं तक पढ़ा हुआ है। अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। उसके पिता का निधन होने के बाद वह परिवार में अकेला कमाने वाला है। वह नशे का आदी है और रुपये कमाने के लिए अवैध हथियार सप्लाई करने वालों की संगत में आ गया। वह हथियार लेकर सप्लाई करने के लिए गुरुग्राम आ गया। इन हथियारों को सप्लाई करने के लिए यह कितने रुपयों का सौदा करता, इस बारे जानकारी जुटाई जा रही है।

## अपहरणकर्ता से अपहृत बच्चे को मुक्त कराकर गिरफ्तार किया

**सोहना।** पुलिस ने प्रेमिका के चार वर्षीय बेटा का अपहरण करके भागने वाले आरोपी प्रेमी को 24 घंटा के अंदर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी प्रेमी से अहपरण किया बेटा मुक्त कराकर उसे राजस्थान के शहर कोटपुतली से गिरफ्तार किया है। उड़िसा मूल विवाहिता राखी ने पुलिस को बताया कि वह हाल में मारुति कुंज भोंडसी में रहती है।

वह शुक्रवार को पलवल अपने बहन व जीजा अंकित के घर पति के साथ गई थी। शनिवार को पलवल से अपनी बहन और जीजा के साथ कार में सवार होकर पलवल से मानेसर के लिए आ रहे थे। बीच रास्ते में गांव किरनकी के निकट वह अपने 4 वर्षीय बेटा निष्कर्ष को लेकर कार से नीचे उतर गई तथा बहन और जीजा को वापस पलवल भेज दिया। वे लोग पलवल के लिए चले गए। वह सड़क किनारे खड़ी होकर वाहन का इंतजार कर ही थी। उसी समय आकाश निवासी गांव बुडौली जिला पलवल बाइक पर वहा आया। उसने बाइक रोकी और उसे अपने साथ बैठकर चलने को कहा। उसने मना करने पर आकाश उसके बेटा को उससे छीनकर ले गया।

## वन-स्टॉप लाइफ स्टाइल डेस्टिनेशन केडब्ल्यू दिल्ली 6 में मैक्स फैशन स्टोर लॉन्च किए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**दिल्ली-एनसीआर** के प्रतिष्ठित रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक, केडब्ल्यू ग्रुप ने आज राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में अपने रिटेल कमर्शियल मार्वल केडब्ल्यू दिल्ली 6 में मैक्स फैशन स्टोर खोलने की घोषणा की। नए लॉन्च किए गए स्टोर का उद्देश्य न केवल राज नगर एक्सटेंशन क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे गाजियाबाद के लिए एक बेहतर खरीदारी अनुभव के साथ पूरे परिवार के लिए सस्ती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले, आकांक्षात्मक फैशन वस्त्र प्रदान करना है।

नए स्टोर लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए केडब्ल्यू ग्रुप के निदेशक पंकज कुमार जैन ने कहा, हमें केडब्ल्यू दिल्ली 6 में मैक्स फैशन स्टोर खोलने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। केडब्ल्यू ग्रुप वन डेस्टिनेशन और अनगिनत की पेशकश में अपनी भूमिका को मजबूत करना जारी रखेगा। भविष्य में कई और ब्रांड आउटलेट खोलने के साथ। हमें पूरा विश्वास है कि नया लॉन्च किया गया स्टोर राज नगर एक्सटेंशन के लोगों के लिए खरीदारी के अनुभव में एक नया आयाम जोड़ेगा क्योंकि यहां के उपभोक्ता ब्रांड के प्रति जागरूक हैं। केडब्ल्यू दिल्ली 6 अपनी तरह का एक अनूठा प्रोजेक्ट है, जिसमें खरीदारी और आराम का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए वैश्विक और स्थानीय ब्रांडों की उपस्थिति है। अपने प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने वाले परिवारों के लिए अनुभव को संपूर्ण बनाने के लिए, इस परियोजना में एक भव्य फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, आकर्षक सेल्फी स्पॉट, एम्फीथिएटर, म्यूजिकल फाउंटेन और कई अन्य सुविधाएं हैं। एक फैशन डेस्टिनेशन के रूप में काम करते हुए, यहां ग्राहक अपने पसंदीदा और प्रसिद्ध ब्रांडों के परिधान, जूते, अन्य सामान और किराने का सामान भी खरीद सकते हैं। इसके अतिरिक्त, हाई-स्पीड लिफ्ट, चौबीसों घंटे सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी के साथ एक समर्पित 24×7 पार्किंग सुविधा, खरीदारी के अनुभव को सुरक्षित और परेशानी मुक्त बनाती है। यह परियोजना इलाके में चांदनी चौक के सांस्कृतिक सार को पूरी तरह से दर्शाती है।

## हमेटी जींद व दर्पण से बागवानी किसानों को दिखी सही राह

### कृषि प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा बनाए गए हैं हमेटी जींद फेसबुक पेज व हमेटी दर्पण यूट्यूब चैनल

### किसान समस्याओं के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर-1818221 भी किया है शुरू

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**प्रदेश** के किसानों को विभिन्न स्कीमों की विश्वसनीय जानकारी सही समय पर व सही माध्यम से सर्वप्रथम मिले, इसी उद्देश्य के साथ बागवानी विभाग के टोल फ्री नम्बर व कृषि प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा फेसबुक पेज व यूट्यूब चैनल द्वारा किसानों की समस्याओं का निरंतर समाधान किया जा रहा है।

सोशल मीडिया सहित सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में प्रदेश के किसान, सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर मुनाफे की खेती कैसे करें। इसके लिए जिला जींद में स्थित किसान प्रशिक्षण संस्थान हमेटी द्वारा हमेटी जींद नाम से फेसबुक पेज व हमेटी दर्पण नाम के यूट्यूब चैनल के माध्यम से जागरूकता सेवाएं प्रदान की जा रही है। किसान उन्नत तकनीक व सटीक जानकारी के साथ अपनी खेती कर सकें, इसलिए बागवानी सहायता केंद्र के टोल फ्री नंबर-18001802021 पर सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

वर्तमान में प्रदेश के युवा किसान पारंपरिक खेती को छोड़कर उन्नत तकनीक के साथ सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत अधिक लाभ देने वाली खेती जैसे बागवानी, सब्जी, दाल-दलहन, मक्का इत्यादि की खेती पर ध्यान देकर ज्यादा लाभ कमा सकते हैं। ऐसे जागरूक युवा किसानों को चैनल के माध्यम से संस्थान में चल रही तमाम महत्वपूर्ण शोध गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही अलग अलग मौसम के अनुकूल क्या फसल लगानी है व किस प्रकार उसकी देखभाल करनी है, यह सभी जानकारी इस चैनल के माध्यम से किसानों को दी रही है। चैनल के माध्यम से संस्थान किसानों को उन तमाम तकनीकों के बारे में बता रहा है, जिनका इस्तेमाल कर खेतीबाड़ी को बेहतर व फायदेमंद बनाया जा सकता है। इसके अलावा खेतीबाड़ी से जुड़े समसामयिक विषयों के बारे में भी किसानों को बताया जा रहा है। आने वाले समय में किसान गेहूं, सरसों या अन्य फसल को लेकर किस तरह की तैयारी करें, इससे जुड़ी जानकारी भी चैनल के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

#### चैनल पर दिखेगी किसानों की सफलता की कहानी

**प्रदेश** के अन्य किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए चैनल के माध्यम से ऐसे किसानों की सफलता की कहानी भी दिखाई जाएगी, जिन्होंने खेती के क्षेत्र में उच्च तकनीक व सटीक जानकारी के साथ अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं ताकि दूसरे किसान भाई उन तौर तरीकों को अपनाकर ज्यादा लाभ ले सकें।

#### संवाद के माध्यम से किसानों की समस्याओं का समाधान

**जिला** उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मुताबिक यूट्यूब चैनल पर किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ दो तरफा संवाद के तहत उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। जिला गुरुग्राम के किसी भी किसान को किसी विषय में जानकारी प्राप्त करनी हो, तो वह वीडियो के नीचे दिए गए कमेंट बॉक्स में अपने सवाल भेज सकता है। हमेटी संस्थान द्वारा उचित मार्गदर्शन के साथ आपके सवाल से जुड़े समाधान भेजे जाएंगे। साथ ही संस्थान द्वारा सवाल से जुड़ी समस्या की गम्भीरता को देखते हुए उस पर वीडियो बनाकर चैनल पर अपलोड भी किया जा सकता है। उपायुक्त ने गुरुग्राम जिला के सभी किसानों से अपील की है कि वे इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाएं और अपनी जोत भूमि से ज्यादा मुनाफा कमाएं।

# सूरजकुंड मेले में कलाकारों ने मन मोहक प्रस्तुतियां दीं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**35वें** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के उद्घाटन अवसर पर देर सायं भागीदार राष्ट्र उज्बेकिस्तान के साथ-साथ थीम राज्य जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश व अन्य प्रदेशों की सांस्कृतिक टीमों द्वारा दी गयी प्रस्तुतिओं ने समृद्ध सस्कृति की झलक बिखेरते दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया।

हरियाणा प्रदेश की प्राचीन समृद्ध संस्कृति की झलक पूनम देवी एवं साथियों ने शानदार हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया, जिस पर दर्शक मंत्रमुग्ध नजर आये। इस पार्टी ने 'काची इमली गदराई सामण में, बूढ़ी लुगाई मस्ताई फागण में' गीत पर फागण की मस्ती का सजीव चित्रण किया। फागण माह

## प्रस्तुतियों पर दर्शक झूमने पर हुए मजबूर

में बच्चे व युवाओं के साथ-साथ बजुर्गों पर भी मस्ती छा जाती है मेला के भागीदार राष्ट्र उज्बेकिस्तान की सांस्कृतिक टीम ने वहां के खान पान एवं प्रसिद्ध वेश-भूषा की झलक बिखेरता लाज्गी नृत्य प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने यह साबित किया कि कला को सरहदों तक सिमित नहीं रखा जा सकता। उज्बेकिस्तान की भाषा अलग होने के बावजूद भी दर्शक इस प्रस्तुति पर झूमते देखे गये। थीम राज्य जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश की सांस्कृतिक टीम ने रौफ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। यह नृत्य कश्मीर में



सूरज कुंड मेला स्थित चौपाल पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते गुजरात से आए कलाकार।

महिलाओं द्वारा रंग बिरंगी वेशभूषा में प्रस्तुत किया जाता है जो एक लोक नृत्य है। इसके उपरांत विभिन प्रदेशों के पारंपरिक वाद्य यंत्रों की सुरीली धुनों पर सांस्कृतिक टीमों ने मन मोहक नृत्य प्रस्तुत किये। मेले के दूसरे दिन अनेक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। पंजाब पुलिस के करम राज कर्मा ने बाबा बुल्ले साह का सूफिया कलाम पेश किया। मेले के दूसरे दिन पंजाब पुलिस के कर्म राज कर्मा ने बाबा बुल्ले साह का सूफिया कलाम कमली यार दी गाया, उनके बोल थे, मेरी हर मुश्किल आसान बना दे या अल्लाह, निर्धन हूं धनवान बना दे या अल्लाह।

हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इस्साई इक थाली में खाएं, ऐसा हिन्दुस्तान बना दे या अल्लाह। इसी कड़ी में कश्मीर की सांस्कृतिक टीम द्वारा छकरी प्रस्तुत की। इसके टीम इंचार्ज आदिल मंजूसा थे। कश्मीर की छकरी गायन व नृत्य लगभग 500 वर्ष पुराना है। इसमें बचनगमा भी होता है, जिसमें एक लड़के द्वारा लड़की की पोशाक पहन कर नृत्य किया जाता है।

# दूसरे दिन ही भारी अव्यवस्था का शिकार हुआ 35वां सूरजकुंड मेला

## गर्मी में पीने के पानी के लिए भटकते नजर आए दर्शक

कविता। फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के बाद 35वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला शनिवार से शुरू हो गया है, लेकिन मेले में शुरूआत के दूसरे दिन ही यहां अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं। रविवार को जहां मेले में भीड़ आने के कारण पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। मेले में हरियाणा रोडवेज की बस व्यवस्था से लेकर एंट्री और पीने के पानी की व्यवस्था पूरी तरह से फेल नजर आई। ऐसा ही रविवार को दूसरे दिन के सूरजकुंड मेले में देखने को मिला। वहीं लोग गर्मी से बचाव के लिए अपने साथ दो-दो बोतलें पानी और छाता लेकर घूमते नजर आए।

**दावे हुए पूरी तरह फेल:** हरियाणा रोडवेज द्वारा मेले में दूसरे दिन भी बसों की पूछताछ के लिए काउंटर नहीं बनाया था। बसों की एंट्री करने वाले कर्मचारी बसों में बैठकर काम करते नजर आए। मेले के लिए बल्लभगढ़ आने जाने को हर 30 मिनट में बसें चलाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन यह दावे रविवार को पूरी तरह से फेल साबित हुए। रविवार को बल्लभगढ़ से सुबह 10.30 बजे,



मेले में गुरुग्राम की चार बसों के बीच खड़ी बल्लभगढ़ की एकमात्र बस, जो कि निकलने से पहले ही खराब हो गई।



मेला परिसर में पुलिसकर्मियों के लिए पार्किंग के निकट रखा खाली मटका।

तुगलकाबाद से 11.45 बजे और दूसरी बस 11 बजे बल्लभगढ़ से सूरजकुंड के लिए भेजने के दावे किए गए है। लेकिन बसे दी गई समय सारिणी के अनुसार नहीं चल रही है। रविवार को दोपहर सवा एक बजे बल्लभगढ़ आने वाली बस खराब हो गई। बस चालू न होने पर अधिकारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद दूसरी बस दोपहर दो बजे मेले से बल्लभगढ़ के लिए शुरू की गई।

**पीने का पानी नहीं:** सूरजकुंड मेला परिसर में मौजूद मटकों में पीने का पानी नजर ही नहीं आया, जिस कारण वहां काम करने वाले पुलिसकर्मी, रोडवेज कर्मी और मेला देखने आए दर्शक इन पेयजल के लिए भटकते नजर आए। यहां मौजूद मटकें दोपहर डेढ़ बजे के आसपास



मेले में छाता लेकर गर्मी से बचाव करती महिलाएं।

पूरी तरह से खाली नजर आए।

**नहीं की गई व्यवस्था:** हर साल हस्तशिल्पियों के रूकने की व्यवस्था मेला प्रबंधन द्वारा की जाती है। लेकिन इस बार कुछ शिल्पियों के लिए यह व्यवस्था नहीं की गई। जिससे महिला शिल्पियों को परेशान होते हुए देखा गया। महिला शिल्पी पुलिस कर्मियों और अन्य लोगों से पूछते नजर आए कि यहां कहा रूका जा सकता है। कुछ ने एनआइटी में रूकने की प्लानिंग की। क्योंकि सूरजकुंड के होटल मंहगे होने के कारण उन्हें परेशानियां झेलनी पड़ रही है। वहीं दिल्ली के हस्तशिल्पियों ने बताया कि उन्हें तो यहां पिछले कई सालों से रूकने का स्थान ही नहीं मिल रहा है। इस बार दिल्ली के बाहर वालों को भी रहने का स्थान नहीं दिया गया।

# पांच दिन पहले हुई हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने 5 दिन पहले थाना एनआईटी एरिया में हुई युवक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक को अदालत में पेश करने ले जाते पुलिस कर्मी।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नवीन और फारुख एसजीएम नगर के निवासी है। आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में मृतक दीपक के पिता मुकेश ने बताया कि दीपक की आरोपी नवीन के साथ दोस्ती थी और उनके साथ मिलकर नशा किया करता था। उन्होंने अपने बेटे को समझाने की बहुत कोशिश की परंतु उसने उनकी एक नहीं मानी। 13 मार्च की शाम दीपक अपने घर पर यह कहकर गया था कि वह अपने दोस्तों से मिलने जा रहा है। अगले दिन उन्हें सूचना मिली कि दीपक आरोपी नवीन के चुबारे में मृत पड़ा हुआ है।

पीड़ित मुकेश की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस द्वारा इस मामले में वारदात में प्रयोग लाठी-डंडे बरामद किए गए हैं। इस मामले में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने दिनांक 17 मार्च को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से आरोपी फारुख को जेल भेज दिया गया है और आरोपी नवीन को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दीपक उनका दोस्त था परंतु वह उनकी परचून की दुकान के बाहर स्मैक बेचता था।

उसकी वजह से वहां पर रहने वाले लोगों को यह लगने लगा कि स्मैक बेचने में आरोपी नवीन की भी मिलीभगत है जिसकी वजह से समाज में उनकी छवि खराब हो रही थी। नवीन ने दीपक को समझाने की कई बार कोशिश की परंतु दीपक नहीं माना तो 13 मार्च की श्याम आरोपी उसके साथ उसे अपने साथ घर ले गए और वहां पर लाठी-डंडों के साथ से उसके साथ मारपीट की जिसकी वजह से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा इस मामले में जांच की जा रही है और वैज्ञानिक पहलुओं और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# ब्रेन और स्पाइनल ट्यूमर के सटीक इलाज की संभावना बढ़ी

## आरजीसीआईआरसी द्वारा रोहिणी में न्यूरो एंड स्पाइन ओंको अपडेट कॉन्क्लेव आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पिछले** कुछ वर्षों में नई तकनीकों ने ब्रेन एवं स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर के इलाज की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव किया है। इन तकनीकों में आसपास के अंगों को प्रभावित किए बिना सटीक तरीके से ट्यूमर को हटाना संभव होता है। इससे शरीर के अन्य अंगों की कार्यप्रणाली पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। नई तकनीकों को लेकर जागरूकता के लिए नई दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) ने अपनी



रोहिणी स्थिति शाखा में न्यूरो एंड स्पाइन ओंको अपडेट कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसमें देश के दो सबसे बड़े न्यूरो ओंको हॉस्पिटल टाटा मेमोरियल और आरजीसीआईआरसी के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। साथ ही एम्स, जीबी पंत हॉस्पिटल, आरएमएल हॉस्पिटल और सफदरजंग हॉस्पिटल के विशेषज्ञ भी शामिल रहे। बीएलके, मैक्स, अपोलो, फोर्टिस, मेदांता, पारस, और आर्टेमिस जैसे प्रतिष्ठित निजी अस्पताल भी इस कॉन्क्लेव का हिस्सा बने।

न्यूरो एंड स्पाइन ओंको अपडेट 2022 के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. आई.सी. प्रेमसागर ने कहा, 'न्यूरो एंड स्पाइन ओंको अपडेट 2022 अपनी तरह का इकलौता कार्यक्रम रहा, जहां न्यूरो-ओंको सर्जन, मेडिकल ओंकोलॉजिस्ट, रेडिएशन ओंकोलॉजिस्ट, न्यूरो पैथोलॉजिस्ट, न्यूरो एनेस्थेटिस्ट, न्यूरो रेडियोलॉजिस्ट, न्यूरो फिजियोलॉजिस्ट और न्यूरो साइकोलॉजिस्ट ने एक मंच पर इस संबंध में नवीनतम ट्रेंड पर चर्चा की।'

इस दौरान न्यूरो नेविगेशन और इंट्रा ऑपरेटिव अल्ट्रासाउंड की तकनीक के माध्यम से सर्जरी पर वर्कशॉप भी आयोजित की गई, जिससे युवा न्यूरो सर्जन इस तकनीक का अनुभव कर सकें। सर्जरी के दौरान सर्जन और प्रतिनिधियों के बीच सीधी बातचीत से प्रक्रिया की तकनीकी व्यवस्थाओं को समझने में मदद मिली।

# अधिकारी ने मेला व्यवस्था की समीक्षा की

## सभी गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से नजरः मान

### 19 मार्च से 4 अप्रैल तक होगा मेला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अतिरिक्त** उपायुक्त सतबीर मान ने ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के साथ 35वें इंटरनेशनल हैण्डीक्राफ्ट सूरजकुंड मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, रैजिस्ट्रेस, सफाई, बैरिकेडिंग सहित सभी तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पूरी तरह से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर मेले में पुख्ता इंतजामात पर निगरानी रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेला परिसर सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन की निगरानी में भी हैं। एडीसी सतबीर मान होटल सनबर्ड के बैठक कक्ष में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट अधिकारियों साथ मेले की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि





होटल सनबर्ड में सूरजकुंड मेला की समीक्षा बैठक में भाग लेते अधिकारी।

मेले सुरक्षा को लेकर इंतजामों में किसी भी तरह की कोई कमी न रखें। विभिन्न व्यवस्थाओं के मद्देनजर पूरे मेला परिसर को 8 भागों में विभक्त किया गया है और प्रत्येक सेक्टर में एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। उन्होंने मीटिंग में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह मेला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की पहचान है और विश्व का सबसे बड़ा हैंडीक्राफ्ट का मेला है। ऐसे में सभी ड्यूटी मैजिस्ट्रेट विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तालमेल से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मेले में पांच एंट्री गेट बनाए गए हैं। आम जनता के लिए तीन गेट रहेंगे। एक गेट वीआईपी व एक गेट मीडिया इंट्री के लिए रहेगा। प्रत्येक गेट पर पर्यटकों का टेंपरेचर करने व सुरक्षा जांच की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक टिकट पर बार कोडिंग की व्यवस्था होगी। मेले में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आपको बता दें अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान को जिला प्रशासन की तरफ से वहीं पुलिस की तरफ से डीसीपी मुख्यालय नितिश अग्रवाल को पुलिस की तरफ से नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सुरक्षा को लेकर पूरा मेला परिसर, पार्किंग स्थल व आस-पास की जगहें सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगी। मेला परिसर में एक अस्थाई पुलिस लाईन भी बनाई गई है।

# ब्राह्मण सभा ने सामाजिक मुद्दों पर की चर्चा

## सर्वश्रेष्ठ विधायक चुने जाने पर जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा ने विधायक नीरज शर्मा ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**समाज** में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने को लेकर रविवार को जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा की पंचायत गांव सिकरोना में आयोजित हुई। आपको बता दें कि शादियों में दहेज की लिस्ट पढ़ने, शादियों में डीजे के प्रयोग पर रोक, दिन में शादी समारोह आयोजित करने जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर महीने ग्रामीण अंचल के किसी एक गांव में पंचायत का आयोजन किया



विधायक नीरज शर्मा को सम्मानित करते हुए जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा अध्यक्ष बृजमोहन वत्स

जाता है। इसी क्रम में रविवार को गांव सिकरोना में इस पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष बृजमोहन वत्स ने की। पंचायत में इन मुद्दों के अलावा भी समाज के गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए, ताकि उन बातों को आज के परिपेक्ष्य में समाज में चलन में लाया जा सके। इस मौके पर एनआईटी विधायक को हरियाणा विधानसभा द्वारा सर्वश्रेष्ठ विधायक चुने जाने पर जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक नीरज शर्मा ने अपने सुझाव देते हुए कहा कि समाज की भलाई के लिए सभी एकजुट रहें। समाज को एकजुट करने का जो प्रयास जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा द्वारा किया जा रहा है वह सराहनीय है। इसके अलावा पृथला क्षेत्र से विधायक रहे पं टेकचंद शर्मा ने अपने सम्बोधन के दौरान सुझाव देते हुए कहा कि किसी बुजुर्ग की मृत्यु पर जिसे अर्थी पर चद्दर चढाने का जो चलन है उस पर रोक लगनी चाहिए तथा इसके स्थान पर एक किलो सामग्री का चलन शुरू होना चाहिए, जिससे वातावरण को शुद्ध होगा। इस सुझाव की उपस्थित सभी लोगों ने प्रशंसा की।

इसके अलावा पंचायत में रविदत्त शर्मा जाजरू ने अपने संबोधन में सुझाव देते हुए कहा कि शादी समारोह में गुरूग्राम और मंदिर के लिए, जो शगुन लिया जाता है इसके साथ ब्राह्मण भवन के लिए भी शगुन लिया जाना शुरू किया जाना चाहिए। इस मौके पर जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा द्वारा दहेज की लिस्ट नहीं पढने का जो नियम बनाया गया है उसका पालन करने वाले मास्टर महेन्द्र शर्मा सीकरी, शिव दत्त शर्मा,रविदत्त शर्मा, देवदत्त शर्मा सिकरोना, रविदत्त शर्मा जाजरू, दीपचंद शर्मा हरफला व अशोक शर्मा सहराला को सम्मानित प्रोत्साहित किया गया।

# हनीट्रेप और उद्योगपति आत्महत्या मामले में एक और गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** उपायुक्त क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने आत्महत्या करने को मजबूर करने के मामले में फरार चल रहे छठे आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अरमान है जो यूपी के मेरठ जिले का रहने वाला है। इस मामले में अरमान का पूरा परिवार शामिल है। जिसमें अरमान की मां जिन्नत, बहन नाजिया उर्फ जूही तथा रोशनी उर्फ रुही, भाई अरबाज तथा अरबाज की पत्नी इया खान को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मामला हनीट्रैप का है। जिसमें आरोपियों ने सेक्टर-17 के रहने वाले शंकर नाम के व्यक्ति को हनीट्रैप में फंसाकर उससे पैसे ऐंठे थे। बार-बार ब्लैकमेलिंग करने की वजह से उसने खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को दी अपनी शिकायत में मृतक शंकर के बेटे अनुराग ने बताया कि उसके पिता सेक्टर-23 में स्थित सनफ्लेक्स इंडस्ट्रीज के मालिक थे। वह काफी दिनों से परेशान चल रहे थे। अनुराग ने जब अपने पिता से उनकी परेशानी का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्हें उनकी फेसबुक पर किसी लड़की के साथ दोस्ती हुई थी। जिसने उन्हें फोन करके दिल्ली के एक होटल में बुलाया और वहां पर शराब में नशीला पदार्थ मिलाकर उनको अश्लील वीडियो बना ली।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री ने किया स्कूल बिल्डिंग का भूमि पूजन



**बल्लभगढ़।** रविवार को प्रदेश के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री मूलचंद शर्मा ने हवन के साथ स्थानीय राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की लगभग 8 करोड़ 50 लाख रुपये की की लागत से बनने वाली नई चार मंजिला इमारत की आधारशिला रखी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार भी प्रकट किया और कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पूरा करने का काम किया है। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, मूलचन्द मित्तल, बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद, जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी, खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कौर, प्रिंसिपल अशोक त्यागी, प्रिंसिपल अरविंद यादव, प्रिंसिपल कृष्णा श्योराण, एसडीओ दत्तात्रेय, पारस जैन,बृजलाल शर्मा ,पूर्व मेयर अनिता गोस्वामी, हुकम सिंह भाटी, महेश गोयल, प्रताप भाटी, लखन बैनीवाल, हरप्रसाद गोड, राकेश गुर्जर, सुभाष लाम्बा, प्रेम खट्टर, वीरेंद्र मनचंदा, सत्यदेव शर्मा, रमेश भारद्वाज, भगवान दास गोयल, दीपक चौधरी, संदीप चौधरी, योगेश शर्मा, मास्टर देवेंद्र कुमार, बांके बिहारी, राजेश रावत, अनुराग गर्ग, कैलास वशिष्ठ, जगत भूरा, रवि भगत, प्रमोद गिल, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, महावीर सैनी, गजेंद्र वैष्णव, सुषमा यादव, गायत्री देवी, दिपांसु अरोड़ा, कुलदीप सिंह, जगदीश मास्टर, तेजपाल मास्टर, सुष्मिता भौमिक सहित शहर के गणमान्य और प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।

### बैसाखी में पूर्व मंत्री सुभाष बतरा होंगे मुख्य अतिथि



**फरीदाबाद।** हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद की अध्यक्षता में गोपी कालोनी कार्यालय में हुई। बैठक का मुख्य मुद्दा बैसाखी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने पर रहा। जिसमें सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पार्षद सुभाष आहूजा करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री सुभाष बतरा होंगे। बैठक में नीतू लांबा को प्रदेश सचिव के पद पर और भावना धवन को एनआईटी-1 नम्बर की प्रधान नियुक्त किया गया। रजत लांबा को प्रदेश सदस्य बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि बैसाखी के पर्व पर पंजाबी परिवार मिलन सम्मेलन को सफल बनाने के लिये अभी से सभी कार्यकर्ताओं को मेहनत करनी होगी और इसमें शहर के सभी प्रमुख पंजाबी समाजसेवियों को सम्मानित किया जायेगा। महासचिव तेजिन्द्र खरबंदा ने कहा कि 13 अप्रैल को लायंस क्लब सैक्टर 19 में होने वाले बैसाखी सम्मेलन में सभी सदस्य अपने अपने परिवार के साथ उपस्थित होंगे। प्रदेश सलाहकार सुभाष आहूजा ने कहा कि पंजाबी संस्कृति का यह त्यौहार ऐसा सफल और संदेश देने वाला होना चाहिए, जिसमें नई पाढ़ीयों को पंजाबी संस्कृति की पूर्ण झलक दिखाई दे। बैठक में सुभाष आहूजा, तेजिन्द्र खरबंदा, अश्वनी कालड़ा, परविन्द्र मल्होत्रा, बोधराज मक्कड़, अशोक खुराना, गिरधारी लाल अरोड़ा, परमजीत कौर, रवि, नीतू लांबा, भावना धवन, प्रिंस रहेजा, विजय कुमार, रजत लांबा और सचिव अमित कपूर आदि ने अपने विचार रखे।

### पुलिस सहायता के लिए मेले में डायल 112 का स्टॉल

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा सूरजकुंड मेले की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत मेले में किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए स्टॉल नंबर 1424 पर डायल 112 पुलिस बूथ स्थापित किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बूथ पर नागरिक मेले के दौरान किसी भी प्रकार की सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। मेले में ज्यादा भीड़ होने के कारण कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के लोग भीड़ का फायदा उठाकर चोरी या किसी भी अन्य प्रकार की वारदात को अंजाम दे सकते हैं, इसलिए नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार इस पुलिस बूथ को स्थापित किया गया है। नागरिकों से अनुरोध है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई भी संदिग्ध वस्तु व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे तो वह पुलिस बूथ पर आकर तुरंत इसकी सूचना पुलिस टीम को दें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को घटित होने से पहले ही रोका जा सके और मेले के अंदर नागरिकों के जान व माल की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रकार आम नागरिक भी पुलिस कार्यों में सहयोग करके मेले को शांति प्रिया ढंग से संपन्न करवाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

### पानी की किल्लत लेकर लोगों ने लगाया सड़क पर जाम



**फरीदाबाद।** पिछले एक महीने से वार्ड नंबर-9 और 10 में व्याप्त पानी की किल्लत को लेकर रविवार को लोगों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने डबुआ चुंगी नंबर-17 मार्ग पर जाम लगा दिया। इस जाम का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललित भड़ाना ने किया। इस दौरान गुस्साए लोगों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए ललित भड़ाना ने कहा कि जो सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं देने में असफल रहे, उसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है, उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से लोग पीने के पानी की किल्लत से जूझ रहे है, परंतु शिकायत करने के बावजूद लोगों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। अभी तो गर्मियों की शुरूआत हुई है, तब यह हाल है, जून जुलाई जैसे महीनों में क्या स्थिति होगी, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। ललित भड़ाना ने कहा कि एक तरफ भाजपा फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने की बात करती है, जबकि दूसरी तरफ लोगों द्वारा नगर निगम को विभिन्न प्रकार के टैक्स देने के बावजूद उन्हें पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो रहा, ऐसी सरकार को सत्ता में लाकर आम जनता अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि अगर जल्द ही वार्ड नंबर 9 और 10 में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो लोगों के साथ मिलकर नगर निगम मुख्यालय पर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर भोपाल सिंह, नरेश कृपाल भड़ाना, शारदा पंडित, पप्पू सहित अनेकों महिला पुरुष मौजूद थे।

# कोविड मामले

## नई लहर का खतरा

**हालांकि**, कोविड के मामले घट रहे हैं, पर नई लहर का खतरा पैदा हो सकता है। भारत ओमीक्रान लहर थमने के बाद अब सामान्य स्थिति में आ गया है। रोज केवल 3,000 नए मामले सामने आ रहे हैं तथा मौतों की संख्या घटी है। टीके की 1.8 बिलियन से अधिक खूराकें लगाई जा चुकी हैं तथा 12 वर्ष से अधिक बच्चों को टीके लगाए जा रहे हैं। बीस मिलियन से अधिक लोगों को बूस्टर खूराकें मिल चुकी हैं। लेकिन अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। अधिकांश नियंत्रण हटाए जा चुके हैं तथा 27 मार्च से अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रायें बहाल की जा रही हैं। लेकिन अब भी चिन्ता का विषय बना हुआ है। क्या कोविड-19 पूरी तरह समाप्त हो चुका है? यदि इसकी कोई और लहर देश में आ गई तो उस पर मचने वाले शोर-शराबे की कल्पना की जा सकती है। वैज्ञानिक अभी इस बात की पुष्टि नहीं कर रहे हैं कि वैश्विक महामारी समाप्त हो गई है। ऐसे में बुधवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ द्वारा दिया बयान चिन्ताजनक है। उसके अनुसार कोविड-19 संक्रमण एक बार फिर बढ़ रहे हैं और जनवरी से इसके घटने की प्रवृत्ति उलट गई है। दुनिया भर में पिछले एक सप्ताह में 11 मिलियन से अधिक नए संक्रमण सामने आ चुके हैं और इसके साथ ही 43,000 लोगों की मौत हुई है। यह स्थिति चिन्ताजनक है। संक्रमण में अधिकतम वृद्धि यूरोप में सामने आई है। ओमीक्रान की एक नई उप-किस्म के प्रसार तथा सुरक्षा व्यवहारों में ढिलाई इसका कारण हैं। संक्रमण के नए किस्म को 'गोपनीय किस्म' कहा जा रहा है क्योंकि जेनेटिक परिवर्तनों के कारण पीसीआर टेस्ट इसे डेल्टा स्वरूप से अलग नहीं कर पा रहे हैं। डेनमार्क में वैज्ञानिकों का कहना है कि यह उप-प्रकार ओमीक्रान की तुलना में बहुत अधिक संक्रामक है। यह यूरोप में आधे से अधिक मामलों के लिए जिम्मेदार है। डब्लूएचओ के अनुसार ओमीक्रान से पहले संक्रमित हो चुके लोग इस उप-प्रकार से पुन: संक्रमण से अत्यधिक सुरक्षित हैं। इसके साथ ही टीकाकरण और बूस्टर खूराकों के कारण अस्पतालों में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या काफी कम है तथा मरने वाले लोगों की संख्या बहुत कम है।



एशिया में भी नए संक्रमण बढ़ रहे हैं। चीन, हांगकांग, न्यूजीलैंड व दक्षिण कोरिया में संक्रमण बढ़ रहे हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि तेजी से फैलते उप-प्रकार के संक्रमण भारत भी किसी प्रकार पहुंच सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बहाल होने पर ये भारत में भी प्रवेश करेंगे। कुछ शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया है कि वैश्विक महामारी की अगली लहर जून के अंत में भारत में शुरू हो सकती है और इसका शिखर अगस्त के मध्य तक पहुंच सकता है। कुछ वैज्ञानिकों को विश्वास है कि नया उप-प्रकार ओमीक्रान की तरह शायद फेफड़ों को संक्रमित न करे और इससे मौतों की संख्या कम हो सकती है। लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि वर्तमान समय में भारत में प्रयोग की जाने वाली वैक्सीनें गंभीर संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर सकती हैं? इसकी भी कोई गारंटी नहीं है कि वायरस में समय-समय पर होने वाले परिवर्तन मौसमी लहरों का कारण बन सकते हैं। विकसित देशों में अधिकांश लोगों को तीन खूराकें मिल चुकी हैं जिनमें से कम से कम एक एमआरएनए वैक्सीन है। इससे वे न्यूनतम संक्रमणों से बच सकते हैं। लेकिन भारत में क्या होगा? इसके साथ ही हम में से अधिकांश लोगों ने मास्क पहनना व सेनीटाइज़र प्रयोग करना बंद कर दिया है। यदि नए उप-प्रकार का भारत में गंभीर संक्रमण हो तो क्या हम लाकडाउन व नियंत्रणों का सामाजिक प्रभाव झेलने को तैयार हैं जो नई लहर के खतरे से अधिक होंगे? हमें ध्यान देना होगा कि वैक्सीन के कारण प्राप्त इम्युनिटी अधिकांश लोगों में 6 महीने बाद कमजोर हो जाती है और उनको भविष्य में गंभीर संक्रमण से बचने के लिए बूस्टर खूराक जरूरी होगी।

# डिब्बा बंद भोजन से सुरक्षा आवश्यक

कम्पनियां ग्राहकों को ललचाने व खासकर बच्चों को अपने उत्पादों का आदी बनाने के लिए चीनी व नमक तथा संतृप्त वसा का अधिक उपयोग करती हैं।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



हाल ही में भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक अधिकरण-एफएसएसएआई ने खाद्य सामग्रियों के लिए फ्रंट आफ पैकेजिंग लेबल-एफएओएल लागू किया है। इसके साथ ही यह बहस भी तेज हो गई है कि क्या डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों की एक हेल्थ स्टार रेटिंग-एचएआर होनी चाहिए जिसका संबंध खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता से हो अथवा हानिकारक खाद्य के लिए चेतावनी दी जाए। इस संबंध में एफएसएसएआई पर अतिरिक्त-प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग का दबाव है जो चाहता है कि प्रत्येक खाद्य को एक से पांच स्टार की रेटिंग दी जाए। सवाल है कि हेल्थ स्टार रेटिंग की तुलना में चेतावनी का लेबिल बेहतर क्यों है? हमारे देश में स्वास्थ्यप्रद व पोषक भोजन तैयार करने और खाने की परंपरा है। हमारे भोजन में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट व अन्य पोषक तत्वों का बहुत संतुलित रूप पाया जाता है। इसी कारण हमारा भोजन हमेशा बहुत संतुलित रहा है। लेकिन हाल में प्रसंस्कृत भोजनों की प्रवृत्ति बढ़ी है तथा खासकर बाजारें अति-प्रसंस्कृत खाद्यों से पटी पड़ी हैं।

वैज्ञनिकों का विश्वास है कि ये अति-प्रसंस्कृत खाद्य कैंसर समेत अनेक गैर-संक्रामक बीमारियों-एनसीडी का कारण हैं। केवल इतना ही नहीं, कंपनियां ग्राहकों को ललचाने व खासकर बच्चों को अपने उत्पादों का आदी बनाने के लिए चीनी व नमक तथा संतृप्त वसा का अधिक उपयोग करती हैं। हमारे देश में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, किडनी व यकृत की बीमारियां भोजन में अतिरिक्त चीनी, सोडियम व संतृप्त वसा के कारण बढ़ रही हैं। हमारे देश में लोगों में पोषण के प्रति जागरूकता की कमी के कारण तथा खाद्य पैकेटों पर चेतावनी की अनुपस्थिति में लोग अनजाने ही हानिकारक खाद्य पदार्थों का प्रयोग करते हैं। इसके कारण बीमारियां बढ़ रही हैं जिनको अक्सर जीवनशैली बीमारियों का नाम दे दिया जाता है। यदि ऐसे हानिकारक खाद्य पदार्थों पर चेतावनी लिखी जाए कि इनमें निर्धारित सीमा से अधिक चीनी, नमक या संतृप्त वसा है तो लोग उनके पार्श्व प्रभावों के बारे में समझेंगे तथा भोजन खरीदते समय सूचनाओं के आधार पर फैसला करेंगे। यह सच है कि इससे इन हानिकारक खाद्यों को बनाने वाली कंपनियों की बिक्री में कमी आएगी, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि इससे आम आदमी के स्वास्थ्य में निसंदेह सुधार होगा। यह केवल सैद्धान्तिक नतीजा नहीं है, बल्कि विभिन्न देशों में इसका अनुभव किया जा चुका है। इस मुद्दे का महत्व समझते हुए विभिन्न देशों ने खाद्य पैकेटों पर चेतावनी लिखना अनिवार्य कर दिया है जिनमें चिली, ब्राजील, इस्राइल, आदि शामिल हैं।

चिली ने एक कानून बना कर हानिकारक खाद्यों में खाद्य पदार्थों की सीमा निर्धारित करने के साथ ही इसके बारे में चेतावनी छापना अनिवार्य कर दिया है। चिली द्वारा कानूनन चेतावनी छापना जरूरी करने के बाद ऐसे हानिकारक खाद्यों की बिक्री में भारी कमी आई है। हम समझ सकते हैं कि इससे चिली में सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में कितना सहयोग मिला है। आज हम अपने देश में यह निर्णय करने की प्रक्रिया में हैं कि उपभोक्ताओं को हानिकारक खाद्य पदार्थों के बारे में चेतावनी देने के बजाय उनको स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों के चयन के बारे में कैसे सिखाया जाए। लेकिन अस्वास्थ्यकर खाद्य को स्टार रेटिंग दे कर उसे वैध बनाना उचित नहीं कहा जा सकता है।

इस संबंध में एफएसएसएआई ने 15 फरवरी, 2022 को विभिन्न पक्षों के साथ एक बैठक आयोजित की। इसके प्रतिभागियों में विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ के साथ खाद्य उद्योग के 17 सदस्य, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट-आईआईएम अहमदाबाद के दो सदस्य, उपभोक्ता संगठनों के तीन सदस्य, प्रमुख संस्थान सेंटर फार साइंस एंड इन्वायरमेंट-सीएसई के एक सदस्य, एफएसएसएआई के 9 अधिकारी तथा 10 विशेषज्ञ स्तर के अधिकारी शामिल हुए। अंतरराष्ट्रीय अनुभवों पर चर्चा करने के बजाय बैठक में आईआईएम अहमदाबाद तथा डेक्स्टर कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराए एक अध्ययन पर चर्चा हुई। संकेत किया गया कि इस अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों द्वारा निर्धारित खाद्य पैकेटों पर हेल्थ स्टार रेटिंग-एचएसआर को लागू किया जाना चाहिए। महत्वपूर्ण रूप से उपभोक्ता संगठनों के दो प्रतिनिधियों तथा साइंस एंड इन्वायरमेंट के एक प्रतिनिधि ने इस निर्णय के खिलाफ मत दिया। लेकिन उनकी राय को अनदेखा कर कहा गया कि 20 हजार लोगों में किए गए सर्वेक्षण की राय ज्यादा महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी पक्षों को केवल स्टार रेटिंग पर सुझाव देने चाहिए। यहां तक कि आईआईएम अहमदाबाद द्वारा कराए सर्वेक्षण में भी यह बात सामने आई थी कि हानिकारक खाद्य खरीदने के मामले में चेतावनी का विकल्प बेहतर है जो अनावश्यक पोषक तत्वों की अधिकता के कारण था। लेकिन इसके बावजूद एचएसआर की संस्तुति वाली रिपोर्ट को वरीयता दी गई जिसमें उपभोक्ताओं को स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में जानकारी देने का उल्लेख नहीं है। इससे रिपोर्ट तैयार करने वालों की निष्पक्षता पर संदेह होता है। केवल इतना ही नहीं, हेल्थ स्टोर रेटिंग पर निर्णय लेने वाली विभिन्न पक्षों की बैठक में कंपनियों व उनके संगठनों के प्रतिनिधियों की भारी उपस्थिति थी। यहां तक कि विशेषज्ञों में भी कंपनियों से जुड़े अनेक लोग शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि दुनिया में केवल आस्ट्रेलिया ही हेल्थ स्टार रेटिंग लागू करने वाला एकमात्र देश है, जबकि अधिकांश अन्य देशों में एफओपीएल व्यवस्था है। किसी खाद्य की स्टार रेटिंग तय करने के लिए एक लागरिद्म या फार्मूला प्रयोग होता है। मजेदार बात है कि यह फार्मूला तैयार करने वाला ग्रेग गैम्ब्रिल स्वयं एक खाद्य कंपनी से जुड़ा था। इस प्रकार यह हितों के टकराव का स्पष्ट मामला है।

आस्ट्रेलिया के खाद्य वैज्ञानिक स्वयं भी इस फार्मूले से चिन्तित हैं जिसे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य दांव पर लगा कर कंपनियों के दबाव में स्वीकार किया गया है। इसके अनुसार यदि फलों के रस जैसे किसी पोषक को हानिकारक खाद्य पदार्थ में डाला जाता है तो उसकी स्टार रेटिंग पांच स्टार तक पहुंच सकती है। उदाहरणार्थ, यदि संतरे का रस अधिक चीनी वाले पेय में डाला जाता है तो उसे ज्यादा स्टार मिल सकते हैं, जबकि उपभोक्ता अनजाने ही हानिकारक खाद्य पदार्थ प्रयोग कर रहा होगा और उसे इसका पता लगाने का अवसर भी नहीं मिलेगा। यदि इसके बजाय अतिरिक्त चीनी, नमक या संतृप्त वसा के बारे में चेतावनी दी जाए तो उपभोक्ता सूचना के आधार पर पसंद तय करेगा तथा उसका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

आज जब देश की खाद्य नियामक संस्था देश की जनता के स्वास्थ्य के बारे में निर्णय ले रही है तो उसे कंपनियों के मुनाफे के बजाय इसे पहली प्राथमिकता देनी चाहिए। निर्णय लेने की प्रक्रिया में इतनी बड़ी संख्या में खाद्य कंपनियों की उपस्थिति तथा उनकी एफएसएसएआई के साथ लंबे समय से जारी साझेदारी एफएसएसएआई के निर्णय पर सवालिया निशान लगा देती है। ऐसे में स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी है कि वह इन विषयों पर गहरी नजर रखे तथा देश की जनता के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक स्वास्थ्य स्टार रेटिंग को लागू करने के बजाय एक ऐसा प्राविधान बनाए जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य पदार्थों के लिए स्पष्ट चेतावनी देना जरूरी हो।

# योगी के नेतृत्व में लहराया भाजपा का परचम

**इंद्रशेखर सिंह**
(लेखक भारतीय बीज संघ के पूर्व निदेशक हैं)



बधाई हो योगी जी, यह आपके लिए दोहरा शब्द है। आपकी रणनीति अपरंपरागत है और विपक्ष के गलत अनुमानों को छोड़कर कोई भी आपकी जीत का श्रेय नहीं चुरा सकता है। तो चलिए इसे प्राप्त करते हैं।

आम आदमी पार्टी ने भले ही पंजाब जीत लिया हो, लेकिन उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को प्रभावित करने में फिर से विफल रही। लेकिन हमें उन्हें छूट देनी होगी, क्योंकि वे वैसे भी गंभीर दावेदार नहीं थे। लेकिन बसपा 'हाथी' का क्या हुआ? मायावती की पार्टी एक बार फिर दलित और गैर-दलित वोटों पर कब्जा करने में विफल रही। इसे केवल 12.7 प्रतिशत वोट मिले और यूपी राज्य विधानमंडल के लिए एक सदस्य चुना गया। बता दें कि पिछली विधानसभा में बसपा के करीब 19 विधायक थे। और जैसे ही हाथी एक आबनूस कब्र की ओर चलता है, एक नवोदित दलित नेता, उग्र चंद्रशेखर रावण, अपने वजन के नीचे रौंदने की उम्मीद में खुद को बहुत पतला फैलाता है। वह भी दलित वोटों को भुनाने में विफल रहे; शायद दलित एकता को भी कमजोर किया। मायावती के विपरीत, उन्होंने कम से कम सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ लोकप्रियता हासिल करने और नए संघ बनाने और पूरे यूपी में कैडर का विस्तार करने में कामयाबी हासिल की। अब यह स्पष्ट है कि रावण लंबी दौड़ की योजना बना रहा है और भविष्य में परिपक्व दलित और ओबीसी वोट को पकड़ने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। शायद यही वजह रही कि अखिलेश यादव ने शुरुआत में ही उन्हें डस लिया।

कुल मिलाकर इस दौर में दलित वोट फिर से बीजेपी की तरफ गया. लेकिन बसपा या रावण सबसे बड़े हारे हुए नहीं हैं। रसातल में गहरे धकेल प्रियंका की छवि के साथ-साथ यूपी कांग्रेस भी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय लल्लू चुनाव भी हार गए। सिर्फ दो सीटों के साथ कांग्रेस की प्रचार मशीन फेल हो गई है. उनकी 'उदार और वामपंथी' झुकाव वाली चुनावी रणनीति ने पार्टी के सम्मान को नष्ट कर दिया है। व्यावहारिक रूप से कोई कैडर नहीं होने के कारण, प्रियंका के चेहरे पर 'लड़की हूं लड़ सकती हूं।' उसने देश को दिखा दिया है कि वह सिर्फ हारने के लिए लड़ सकती है। अगर मैं प्रियंका होती, तो मैं अपनी मंडली को हटा देती - खासकर चापलूसी करने वाले वामपंथी। उन्होंने इंदिरा की पोती को उनके राजनीतिक जूते में आने से पहले ही नष्ट कर दिया। उदार मीडिया और हर प्रभावित टीवी एंकर कांग्रेस पार्टी को गुमराह करने के दोषी हैं। अपने मौजूदा स्वरूप में कांग्रेस अगले चुनाव तक खत्म हो सकती है क्योंकि वह यूपी को उसकी अपनी विचारधारा से परे समझने में विफल रहती है।




वे युवाओं को आकर्षित करने में विफल रहे हैं और पारंपरिक यथास्थिति की अवहेलना की है। उन्होंने जाति संतुलन की भी उपेक्षा की है और राज्य के नए नेताओं को सशक्त बनाने में विफल रहे हैं। जहां बीजेपी काफी हद तक यूपी के ठाकुरों पर निर्भर है, वहीं कांग्रेस उनसे खफा नजर आ रही है. यूपी के पूर्व अध्यक्ष संजय सिंह का बीजेपी में शामिल होना एक राजनीतिक बयान था. लेकिन कैप्टन अमरिंदर और सिंधिया के बाहर होने और पायलट के अनुशासित होने से कांग्रेस के घर की सफाई पूरी होती दिख रही है। पंजाब की हार के साथ सिद्धू और चन्नी की अहं की जंग भी खत्म हो गई है। कांग्रेस के भीतर केवल एक समूह से निपटा जाना बाकी है। एक बार ऐसा हो जाने के बाद, किसी को लगता है कि कांग्रेस नेतृत्व अधिक केंद्रीकृत और प्रभावी होगा। इस्तीफे की अफवाहों के झांसे में न आएं। गांधी तिकड़ी केवल एक बार फिर वफादारों की परीक्षा ले सकती है। गांधी परिवार चुपचाप कांग्रेस की जागीर को तोड़ा जा रहा है।

कांग्रेस अपना घर साफ करने के लिए बीजेपी का इस्तेमाल कर रही है. मुझे पता है कि यह एक साहसिक बयान है, लेकिन कांग्रेस कोर टीम इसे पढ़कर हैरान नहीं होगी। राजनीतिक पहिया-व्यापारी अक्सर अपने विरोधियों का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने के लिए करते हैं। यूपी वापस आ रही है, तो प्रियंका ने ऐसा स्वप्निल साक्षात्कार अभियान क्यों शुरू किया, शायद यह अच्छी तरह से जानते हुए कि वह खुद को नष्ट कर लेगी? मेरा दिमाग सिर्फ एक ही जवाब के बारे में सोच सकता है- प्रियंका पश्चिमी सहयोगियों और उदारवादी दाताओं की तलाश में रही होगी। लेकिन इस साहसिक कार्य ने कांग्रेस की गरिमा को ठेस पहुंचाई और भाजपा को मजबूत किया। कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ किसी भी महागठबंधन के खिलाफ भी काम किया।

रालोद को फायदा हुआ और उसे सात अतिरिक्त सीटें मिलीं, जबकि सपा को 111 सीटें मिलीं, जो निश्चित रूप से एक बड़ी संख्या थी। लेकिन अखिलेश इससे बेहतर कर सकते थे। उनकी जिन्ना प्रवृत्ति और बुरे राजनीतिक सलाहकारों ने उन्हें एक बार फिर विपक्ष में ला दिया है। नतीजतन, अभिषेक मिश्रा जैसे उनके सलाहकार समूह के प्रमुख सदस्यों को मतदाताओं ने खारिज कर दिया। सपा के प्रवक्ता चाहे जो भी कहें, इसे मुस्लिम-यादव राज के गठबंधन के रूप में माना जाता है और सीधे अन्य समुदायों को धमकाता है। किसानों की क्रांति में सपा की देर से भागीदारी और शांत राजनीतिक अभियान सभी भाजपा की जीत के लिए जिम्मेदार हैं। शायद कांग्रेस की तरह अखिलेश को भी घर की सफाई की जरूरत है. उसे चीजों और लोगों के बारे में अपने स्वयं के अनुभव का उपयोग करने की आवश्यकता है, न कि स्थिर सलाह पर निर्भर रहने की।

ऐसा नहीं है कि बीजेपी ने गलतियां नहीं कीं, लेकिन ये सोची-समझी गलतियां थीं. एक अपेक्षित नुकसान, निश्चित रूप से, अमेठी में था। मौजूदा विधायक गरिमा सिंह को टिकट नहीं दिया गया और इसके बजाय संजय सिंह भाजपा के टिकट पर लड़े। वह हार गए, अपने स्वयं के राजनीतिक करियर को समाप्त कर दिया और 2024 में स्मृति ईरानी की स्थिति को भी कमजोर कर दिया।

यूपी में विपक्ष को गंभीरता से पुनर्विचार करने और खुद को फिर से जीवंत करने की जरूरत है, अन्यथा दिल्ली में राजनीतिक सीट का दरवाजा उनके लिए हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। यह पाने का समय है

## आप की बात

### सही-गलत की अमेरिकी परिभाषा

**जब** भी निर्णायक व्यक्ति या देश नैतिकता और अनैतिकता की परिभाषा केवल स्वार्थ के लिए गढ़े, तो उसकी विश्वसनीयता निश्चित ही कम हो जाती है, जिस प्रकार अमेरिका विश्व में कोई भी छोटी या बड़ी घटना होने सही गलत का पाठ पढ़ने लगता है लेकिन अमेरिका के लिए जो बात उसके फायदे की है उसको सही और जिससे अमेरिका का कोई भी नुकसान होता है उसे गलत या अनैतिक बता देता है अपने लाभ के अमेरिका के एक राष्ट्रपति तालिबानियों को स्वतन्त्रता सेनानी तक कह देते है और अफगानिस्तान में लाभ ना होते देख सारी नैतिकता,सही और गलत को ताक पर रख कर अफगानिस्तान से सेना वापस बुला लेता है और वहां की असहाय महिलाओं और बच्चों तक को आतंकियों के हवाले छोड़ कर वहां से निकल जाता है यूक्रेन में पहले तो अमेरिका हर स्थिति में युक्रेन का साथ देने की बात कह कर रूस को युद्ध के लिए उकसाता है और युद्ध शुरू होने पर कह देता है हम साथ तो है लेकिन अपनी सेना नही भेजेंगे। फिर रूस पर अनेक प्रतिबन्ध लगाये जाते हैं, लेकिन पेट्रोलियम पर प्रतिबन्ध नही लगाये जाते क्योंकि नाटो समूह के कई देश बड़ी मात्र में पेट्रोलियम रूस से खरीदते हैं।

– **सुनील विद्यार्थी**, मेरठ

### विचारणीय प्रश्न

**संयुक्त** राष्ट्र ने हर वर्ष 15 मार्च को इस्लामोफोबिया डे मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। 193 सदस्यीय संरा महासभा में इस्लामिक सहयोग संगठन ने यह प्रस्ताव पेश किया था, कई मुसलिम देशों सहित चीन ने भी इसका समर्थन किया हैं। केवल भारत व फ्रांस जैसे कुछ देशों ने इसका विरोध किया हैं, यह विरोध सही भी हैं। भारत का मानना हैं कि इस प्रस्ताव के कारण संयुक्त राष्ट्र धार्मिक खेमों में बट जाएगा। वास्तव में भी किसी धर्म विशेष के लिए संरक्षण के लिए दिवस घोषित करने की ज़रुरत नहीं हैं। और जब गैर इस्लामिक धर्मो के प्रति डर, द्वेष फेलाया जाता हैं तब संरा के मुंह पर ताले लग जाते हैं! इस दिवस को मनाने के लिए पाकिस्तान निरंतर प्रयास कर रहा था। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक की जो स्तिथि हैं जाहिर है वो पूरी दुनिया को पता हैं। पहले पाकिस्तान को खुद अपने गिरेबान मे झांकने चाहिए। दूसरे समाजों, संप्रदायों के प्रति द्वेष का भाव जब वहां संविधान में है, तो इस्लामोफोबिया के प्रति शिकायत कितनी वाजिब है? अगर कोई देश धर्म के आधार पर किसी भी तरह की प्राथमिकता का इजहार कर रहा है तो यह दूसरे धर्म के लोगों के प्रति भेदभाव के भाव ही दर्शा रहा हैं।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

### समझने की जरूरत

**होली** खुशियों के रंग बिखेरने के लिए जाना जाता है और हर बार की तरह इस बार भी यह त्योहार सकारात्मकता, अध्यात्मिकता और आत्मीयता बढ़ा रहा था। लेकिन, इसी बीच कुछ लोग हुड़दंग और अराजकता फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। दरअसल, कुछ लोग ऐसे थे जो कानून की अव्हेलना और समाज की सीमाओं की पराकाष्ठा कर रहे थे। अब सवाल उठता है कि क्यों इंसान त्योहारो के मर्म से अंजान है? कारण कई है व सभी कारणों की जनक हमारी बदलती ज़िन्दगियां है। आज त्योहारो के बीच लोग अनुचित मौज मस्ती के अवसर ढूंढते हैं जो बिल्कुल ही ग़लत व्यवहार है। लोगों को आज ज़रूरत है कि वह त्योहारों में छिपे संदेशो को ढूंढें तथा जाने और यही आज की आवश्यकता है। भारत विविधता में एकता के लिए जाना जाता है और इसी तथ्य को बरकरार रखने हेतु हमे खुद को और अपनों को बदलने की अति आवश्यकता है। वास्तविकता यही हैं कि त्योहार हमें संस्कृति से जोड़ता है। यानी संस्कृति को जानने हेतु हमे त्योहारो के मायनो को समझना होगा।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



1947 के बाद देश के सुरक्षा ढांचे में सुधार की जरूरत थी, लेकिन कुछ खास नहीं किया गया।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**हमें** उम्मीद है कि यूक्रेन मामले पर चीन उठ खड़ा होगा और स्पष्ट रूप से अपनी बात सामने रखेगा।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**क्या** लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल को दिल्ली का नया उप-राज्यपाल बनाया जाएगा?

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# बीमारी खत्म होने तक चलेगा पोलियो उन्मूलन अभियान: योगी

## ● मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के जिला अस्पताल में बच्चों को दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारम्भ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के जिला अस्पताल में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन किया और गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार एवं फल प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत अभियान सशक्त भारत अभियान का हिस्सा है। इसे लेकर सभी संस्थाओं जनप्रतिनिधियों और आमजन को सरकार के कार्यक्रमों से जुड़ना होगा। सब लोग एक साथ सामूहिक रूप से जुड़ेंगे तो इसके सफल व सार्थक परिणाम आएंगे। सामूहिकता के भाव से ही हमने 40 साल तक मासूमों पर कहर बरपाने वाली इंसेफेलाइटिस पर पूरी तरह नियंत्रण पाया है। वैश्विक महामारी कोरोना को काबू में कर पूरी दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने 12 वर्ष पूर्व ही पोलियो की समस्या पर समाधान प्राप्त कर लिया है, परन्तु इन 12 वर्षों में कुछ देशों में पोलियो के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि जरा सोचिए, पोलियो की चपेट में जो बच्चे जिंदगी भर के लिए स्थाई विकलांगता के शिकार हो जाते हैं उनके व उनके परिवारों पर क्या बीतती होगी। इसलिए सरकार पोलियो उन्मूलन अभियान को तब तक जारी रखेगी जब तक पूरी दुनिया से यह बीमारी समाप्त नहीं हो जाती है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रदेश में पांच वर्ष तक के 380 करोड़ बच्चों को पोलियोरोधी ड्रॉप पिलायी जाएगी। इतने बच्चों को बीमारी से सुरक्षा कवर देने के लिए 1.10 लाख बूथ बनाए गए हैं। साथ ही 76 हजार से अधिक सचल टीमें लगाई गई हैं जो इस अभियान को सफल बनाएंगी। उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के अलावा बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए मिशन इंद्रधनुष भी चलाया जाता है। मासूमों को पूरा टीकाकरण कवरेज समय पर देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण में अंतर्विभागीय समन्वय का विशेष योगदान रहा। इसी प्रकार पल्स पोलियो अभियान व अन्य कार्यक्रमों में भी इसकी आवश्यकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 वर्षों में 50 हजार मासूम इंसेफेलाइटिस की चपेट में आकर असमय काल कवलित हो गए थे। हमने 5 वर्ष में इसके उपचार व सम्पूर्ण उन्मूलन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए। इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौत के आंकड़े 95 फीसद तक नियंत्रण में हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 5 साल में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर काफी मजबूत हुआ है। एक समय तक इंसेफेलाइटिस से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश में इलाज का एक मात्र केन्द्र बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही था, वह भी जर्जर हालत में था। आज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी सुविधा है, बाल रोग संस्थान है। गोरखपुर में 1 हजार बेड्स की सुविधा वाला एम्स शुरू हो गया है। बस्ती, देवरिया सिद्धार्थनगर में मेडिकल कॉलेज शुरू हो गए हैं। कुशीनगर में निर्माणाधीन है। महराजगंज में बनने जा रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों को भी मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज बन गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें क्षय रोग के उन्मूलन की दिशा में भी तेजी से काम करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए जारी वृहद अभियान में हम सभी को जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि आप टीबी से ग्रस्त किसी एक बच्चे को गोद लेकर और सरकारी कार्यक्रमों से उसके उपचार से जुड़कर अपना योगदान दे सकते हैं। यह एक राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन व अन्य संस्थाएं भी टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रयासरत हैं।

## राजधानी में 2783 केंद्रों पर बच्चों को पिलाई गयी पोलियो की दवा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए रविवार से पल्स पोलियो अभियान शुरू किया गया। राजधानी में रविवार को 2783 केंद्रों पर पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गयी। सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों समेत अन्य केंद्रों पर खुराक देने का काम किया गया। कैसरबाग स्थित अवंतीबाई चिकित्सालय में सुबह 10 बजे सीएमओ डा मनोज अग्रवाल और जनकल्याण परिवार की डा निधि सिंह और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा एमके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान की शुरूआत की। राजधानी में कुल 7,43,684 बच्चे हैं जिन्हें अभियान के तहत दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं सोमवार से शहर में 2204 टीमें घर जाकर पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। 136 मोबाइल टीमें दूर दराज के इलाकों में जाएंगी। 136 ट्रांजिट टीम सड़कों पर कैंप लगाकर पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। यह अभियान 25 मार्च तक चलेगा। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय घई के मुताबिक प्रदेश में एक लाख 10 हजार के करीब बूथ बनाए हैं। इसके लिए 3 लाख 20 हजार वैक्सीनेटर की तैनाती करने के साथ ही राज्य में कुल 3 करोड़ 80 लाख के करीब बच्चे चिह्नित किए गए हैं।

# हार कर्तव्य पथ पर क्षणिक विराम हो सकती है विश्राम नहीः स्वतंत्र देव

## ● भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव में हारे पार्टी प्रत्याशियों को लिखा पत्र



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा के** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने यूपी चुनाव में जीत से वंचित रह गए भाजपा प्रत्याशियों को पत्र लिखा है और उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की लिखी पंक्तियां याद दिलाई। उन्होंने पत्र में लिखा कि जनता ने भाजपा को पुनः सरकार बनाने का अवसर दिया है। इस असाधारण उपलब्धि का श्रेय सभी प्रत्याशियों के तप, त्याग और परिश्रम को जाता है। उन्होंने लिखा कि कुछ मतों से आप पीछे जरूर रह गए लेकिन भाजपा अपनी जीत में संपूर्णता देखती है। यह हमारे संगठन का संस्कार है। उन्होंने अटल जी की लिखी पंक्तियों याद दिलाते हुए लिखा जनसेवा में वह भी सही, यह भी सही। उन्होंने कहा कि यह कर्तव्य पथ पर क्षणिक विराम हो सकता है विश्राम नहीं। उन्होंने विश्वास जताया है कि सभी कार्यकर्ता पूर्व की तरह निष्ठा और समर्पण से जनता की सेवा करेंगे और देश व प्रदेश की गौरव यात्रा में योगदान देने के लिए अग्रसर रहेंगे।

# सपा ने घोषित किए बाकी बचे 18 उम्मीदवार

**विधान परिषद चुनाव**

## कुल घोषित 36 उम्मीदवारों में से दो सीटें सहयोगी दल रालोद के हिस्से में

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा प्रमुख** अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के लिए समस्त 36 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। समाजवादी पार्टी ने गठबंधन धर्म निभाते हुए मेरठ-गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर-बुलंदशहर अपने सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के लिए छोड़ी है। राष्ट्रीय लोकदल ने गौतमबुद्ध नगर-बुलंदशहर विधान परिषद सीट से सुनीता शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद में स्थानीय निकाय कोटे की 36 सीटों के लिए 9 अप्रैल को मतदान होना है जबकि मतगणना 12 अप्रैल को होगी।

विधानपरिषद की 36 सीटों के लिए दो चरण में चुनाव कराए जाएंगे। पहले चरण के नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है नामांकन पत्रों की जांच सोमवार 21 मार्च को होगी, जबकि 23 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। दूसरे चरण के तहत विधानपरिषद की 6 सीटों के लिए 22 मार्च तक नामांकन पत्र भरा जा सकेगा। 23 मार्च को नामांकन पत्र की जांच होगी और 25 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

समाजवादी पार्टी ने होली से पहले 36 में से 18 उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी थी जिसमें डॉक्टर कफील खान को देवरिया क्षेत्र से विधान परिषद का उम्मीदवार बनाया है। डॉक्टर कफील खान गोरखपुर के बीआरडी अस्पताल कांड से चर्चा में आए थे। इसके अलावा लखनऊ-उन्नाव से सुनील कुमार सिंह यादव साजन को टिकट दिया है।

सुनील साजन लखनऊ-उन्नाव सीट से अपना नामांकन भी दाखिल कर चुके हैं। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी ने रविवार को विधान परिषद की समस्त 36 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। जिसमें प्रमुख रूप से मुरादाबाद-बिजनौर से अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय मलिक, रामपुर-बरेली से मशकूर अहमद, बदायूं से सिनोज कुमार शाक्य, पीलीभीत-शाहजहांपुर से अमित कुमार, हरदोई से रजीउद्दीन, खीरी से अनुराग वर्मा, सीतापुर से अरुणेश कुमार को उम्मीदवार बनाया गया है।

इसके अलावा रायबरेली से वीरेंद्र शंकर सिंह, प्रतापगढ़ से विजय बहादुर, बाराबंकी से राजेश कुमार, बहराइच से अमर, आजमगढ़-मऊ से राकेश कुमार, गाजीपुर से भोलानाथ शुक्ला, जौनपुर से मनोज कुमार, वाराणसी से उमेश, मिर्जापुर-सोनभद्र सीट से रमेश सिंह, प्रयागराज सीट से वासुदेव, बांदा-हमीरपुर से आनन्द कुमार त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा झांसी जालौन ललितपुर से श्याम सुन्दर सिंह, कानुपर फतेहपुर से दिलीप सिंह उर्फ कल्लू, इटावा फर्रुखाबाद से हरीश कुमार, आगरा-फिरोजाबाद से दिलीप सिंह यादव, मथुरा-एटा-मैनपुरी विधान परिषद की दो सीटों पर क्रमशः उदयवीर सिंह एवं राकेश को उम्मीदवार बनाया है। इाके अलावा दूसरे चरण में होने वाले विधान परिषद के चुनाव के लिए गोण्डा विधान परिषद सीट से भानु कुमार त्रिपाठी, फैजाबाद सीट से हीरालाल, बस्ती सिद्धार्थनगर सीट से संतोश यादव सनी, गोरखपुर महराजगंज से रजनीश एवं बलिया सीट से अरविन्द गिरी को सपा ने प्रत्याशी बनाया है।

# भाजपा के संरक्षण में अपराधियों ने अवांछनीय गतिविधियां शुरू कर दी हैः अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के संरक्षण में अपराधियों ने बिना खौफ अपनी अवांछनीय गतिविधियां शुरू कर दी हैं। प्रशासन तंत्र भी उन पर हाथ डालने से हिचकता है। भाजपा राज में पहले भी भय और भ्रष्टाचार का बोलबाला था। अब तो दुबारा सत्ता में आने से असामाजिक तत्वों को अहंकारी नेतृत्व का भी साथ मिल गया है।

भाजपा सरकार की वापसी पर दुद्धी सोनभद्र में होली पर बुलडोजर पर हुड़दंगियों ने बारात निकाली। पुलिस मूकदर्शक बनी रही। राज्य में दोबारा छल बल से आई भाजपा सरकार से जनता की उम्मीदों पर पानी फिरा है और चारों ओर निराशा का कोहराम है। अभी तो शपथ भी नहीं हुई। आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद में होली के दिन घर में घुस कर साहिबाबाद थाना क्षेत्र में 11वीं की छात्रा से गैंगरेप की विचलित करने वाली घटना प्रकाश में आई है। छात्रा जब थाने में शिकायत दर्ज कराने गई तो उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। यही नहीं उसके साथ अभद्रता भी की गई। भाजपा के झूठे वादों से परेशान होकर बुन्देलखण्ड के किसान और युवा आत्महत्या को मजबूर हैं। 71 दिनों में 76 लोगों ने खुदकुशी की है। न युवाओं को रोजगार, न ही किसानों को उनकी उपज का दाम मिलने की उम्मीद है।

खुदकुशी करने वालों में छात्र, नौजवान, बेरोजगार, किसान, महिलाएं तथा अन्य कई वर्गों के लोग है। किसान एवं नौजवान की तो बद से बद्त्तर स्थिति है। पीड़ित परिवारों की मदद भी नहीं की जा रही है। भाजपा सरकार पूर्णतया असंवेदनशील है। आगरा के पत्रकार गौरव अग्रवाल की निष्पक्ष पत्रकारिता और जनहित में उठाई गई आवाज को भाजपा सरकार शारीरिक प्रताड़ना से दबाना चाहती है, यह निंदनीय है।

पत्रकारों का उत्पीड़न कर लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। पत्रकारों को न्याय मिलना चाहिए। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को लगातार कमजोर किया जा रहा है। उसे थोथे स्तम्भ में बदलने की साजिश है। आगरा में सत्ता संरक्षित माफिया डान की धमकी के बाद राजस्थान पलायन को मजबूर डाक्टर परिवार को सुरक्षा एवं न्याय मिलना चाहिए। पीड़िता ने स्वयं वीडियों जारी कर बयान किया कि वह कैसे लगातार ब्लैकमेलिंग, एक्सटोर्शन और हमलों की शिकार है। पीड़ित परिवार ने पूर्ण सुरक्षा मुहैया कराये जाने के साथ दोषियों को कठोर से कठोर सजा दिलाये जाने की मांग की है। भाजपा शासन में पुलिस की अवैध वसूली ने गरीब की जान ले ली।

लखीमपुर खीरी में पुलिस के द्वारा अवैध वसूली से परेशान होकर गौरीफंटा कोतवाली में आत्मदाह करने वाले टैक्सी चालक शुभम गुप्ता की उपचार के दौरान मृत्यु अत्यंत दुःखद है। पीड़ित परिवार को न्याय दिया जाए तथा दोषी पुलिस कर्मियों की बर्खास्तगी होनी चाहिए।

# सात तस्कर गिरफ्तार, पौने दो कुंतल से ज्यादा गांजा बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ को** अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 7 सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 कुन्तल 88 किलोग्राम गॉजा, अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित मूल्य लगभग 50 लाख रूपए बरामद करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिल कुमार, अरमान उर्फ बन्टी फिरोजाबाद, जयराम मौर्या मऊ, सच्चिदानन्द राय गाजीपुर, प्रदीप यादव बिहार, जाफर हुसैन बिहार और कृष्णा टूडू असम हैं जिनके पास से 1 कुन्तल 88 किलोग्राम गॉजा, 1 कन्टेनर ट्रक नंबर एचपी 12 जी 5855, 1 कार वैगन आर नंबर बीआर-01 बीजी 5345 बरामद हुई है। अभियुक्तों को कोनी तिराहा मटिया बुजुर्ग थानाक्षेत्र खोराबार गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया है।

विगत कुछ दिनों से एसटीएफ को भारत के विभिन्न राज्यों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। अभिसूचना संकलन के दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग असम राज्य से अवैध मादक पदार्थ की बड़ी खेप लेकर गोरखपुर आने वाले हैं। इस दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि कुछ लोग असम राज्य से एक कन्टेनर ट्रक नंबर एचपी 12 जी 5855 में अवैध मादक पदार्थ कुशीनगर-लखनऊ मार्ग के कोनी तिराहा से होते हुए राजबूरा पंजाब जाने वाले है। इस सूचना पर एसटीएफटीम द्वारा स्थानीय पुलिस के सहयोग से 7 लोगों को आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग असम से चायपत्ती लोड करते है तथा ज्यादा पैसा कमाने की लालच मे चायपत्ती के पैकटों के बीच गॉंजा लोड करा लेते है। ट्रक मे गॉंजा लोड कराने का काम लम्बू नामक व्यक्ति द्वारा किया गया तथा एक मोबाइल नम्बर दिया गया जो जयराम मौर्या का है, जिसे गॉंजा सुपुर्द करना था। हम लोगों को गॉंजे की खेप पहुॅचाने की एवज में 1 लाख रूपये प्रति चक्कर मिलता है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना खोराबार गोरखपुर में एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कराया गया है अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जायेगी।

## एसटीएफ ने विश्व गौरैया दिवस पर दो वन्य जीव तस्कर गिरफ्तार किए

### ● संकटग्रस्त, लुप्तप्राय प्रजाति के 206 तोते व 18 मुनिया बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** को अन्तर्राज्यीय स्तर पर वन्य जीवों की तस्करी करने वाले 2 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से संकटग्रस्त, लुप्तप्राय प्रजाति के 206 तोते व 18 मुनिया बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तार अभियुक्त राजपति गढ़िया दरगाह रोड लखनऊ और शाहनवाज उर्फ शानू लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार कर 206 अदद तोते, 18 मुनिया को नक्खास चिड़िया बाजार से गिरफ्तार किया गया है। वन्य जीव अपराध नियन्त्रण ब्यूरो भारत सरकार की पहल पर एसटीएफ ने संकटग्रस्त, लुप्तप्राय प्रजाति के पक्षियों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना पर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही शुरू की, अभिसूचना संकलन के दौरान यह ज्ञात हुआ कि शाहनवाज पंजाब से काफी संख्या मे तोते व मुनिया लेकर लखनऊ आ रहा है और राजपति को बेचेगा, एसटीएफ की एक टीम द्वारा क्षेत्रीय वन विभाग लखनऊ की टीम को साथ लेकर पक्षियों की तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्य राजपति व शाहनवाज को नक्खास चिड़िया बाजार से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि विभिन्न राज्यों से संकटग्रस्त, लुप्तप्राय प्रजाति के पक्षियों की तस्करी कर इन्हे ऊंचे दामों पर खरीदा व बेचा करते है। गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ मे दाखिल किया गया है।

# पुरानी पेंशन के लिए केन्द्र और राज्य कार्मिकों ने की बड़ी तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**होली के** पावन पर्व पर शिव गोपाल मिश्रा राष्ट्रीय महामंत्री रेलवे कर्मचारी मेंस यूनियन के द्वारा अपने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पुरानी पेंशन व्यवस्था के मुद्दे पर प्रदेश की कर्मचारियों से और शिक्षकों की एकता को एक ऐतिहासिक जीत बताया गया। बैठक में सबसे पहले प्रदेश के सभी कर्मचारियों शिक्षकों को इस बात की बहुत बधाई दी उन्होंने पुरानी पेंशन को अपना नेता माना और प्रदेश के राजनीति करने वाले कुछ नेताओं को आईना दिखाया। राष्ट्रीय कार्यक्रमों के तहत दिल्ली में अति शीघ्र पूरे देश के सभी प्रदेशों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके आगामी आंदोलनात्मक बड़े कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। अप्रैल में केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों, राज्य कर्मचारी संगठनों के साथ कई शिक्षक संगठनों की देशव्यापी बैठक भी बुलाई जा रही है। बैठक में तय किया गया कि 2024 के संसदीय चुनाव से पहले इस मुद्दे को पूरी तरह से सभी राष्ट्रीय पार्टियों के समक्ष रखकर अपने एजेंडे में रखने की बात की जाए अन्यथा प्रदेश की तरह कर्मचारी शिक्षक समाज द्वारा पूरे देश में राजनीतिक निर्णय लिए जाएंगे।

बैठक में हरि किशोर तिवारी प्रदेश अध्यक्ष, शिव बरन सिंह यादव महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कहा कि सरकार ने बिना सोचे विचारे नई पेंशन स्कीम लागू कर दी है। यह किसी भी तरह से सरकारी कर्मचारियों के हित में नहीं है। वर्ष 2005 के बाद राजकीय सेवा में आने वाले तमाम कर्मचारी इस स्कीम के विरोध में हैं। सभी विभागों के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को ही बहाल करने के पक्ष में आंदोलन कर रहे हैं। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना जिसे जनवरी 2004 में केंद्र की तरफ 31 दिसंबर 2003 के बाद भर्ती सरकारी कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में बदल दिया गया था। एनपीएस में कर्मचारियों के लिए फायदेमंद कई प्रावधान शामिल थे जो नई योजना में नहीं हैं। इसमें सबसे अहम बात तो यही है कि कर्मचारियों को वेतन से 10 प्रतिशत अंशदान देना होता है जिसका प्रावधान ओपीएस में नहीं था। यही नहीं ओपीएस के विपरीत एनपीएस में भविष्य निधि का भी कोई प्रावधान नहीं है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू करने का जिक्र करते हुए केन्द्रीय नेता शिवगोपाल मिश्रा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल होना तय है बस एक सामूहिक आन्दोलन की जरूरत है। हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए हड़ताल से लेकर दिल्ली रैली और केन्द्रीय संगठनों के साथ किए गए आन्दोलन का परिणाम है कि आज पुरानी पेंशन राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव ने दोहराया कि पुरानी पेंशन को लेकर केन्द्र में उथल पुथल की स्थिति है काफी संख्या में संसद सदस्य पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में है। राज्यों में सरकारों पर पुरानी पेंशन का दबाव बना हुआ है। बैठक में तय किया गया कि अप्रैल में एक सामूहिक बैठक के उपरान्त राष्ट्रव्यापी वृहद आन्दोलन की घोषणा कर दी जाए।

# शताब्दी वर्ष तक हर गांव में पहुंचेगा आरएसएस का शाखा कार्य: संजय

## ● जॉब सीकर की बजाय जॉब प्रोवाइडर बनाने की दिशा में बढ़ें युवाः आरएसएस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ ने अपने आने वाले शताब्दी वर्ष (2025 )तक हर गांव तक शाखा का कार्य पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। रविवार को यह जानकारी आरएसएस मीडिया सेन्टर विश्व संवाद केंद्र में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह संजय ने दी है।

अवध प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह संजय ने बताया कि 11 से 14 मार्च तक कर्णावती गुजरात में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में अवध प्रांत ने सभी गांव तक प्रत्यक्ष संघ कार्य पहुंचाने का लक्ष्य लिया है।




यह कार्य 2025 में होने वाले संघ शताब्दी वर्ष तक पूरा करने की योजना बनायी है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस बैठक में 1275 अपेक्षित प्रतिनिधियों में से 1211 प्रतिनिधि उपस्थित रहें। अवध प्रांत से 37 कार्यकर्ताओं ने प्रतिनिधि सभा में शामिल हुए। प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ अशोक कुमार दुबे ने बताया कि भारत को स्वावलंबी बनाने हेतु कार्यों के अवसर बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव देश भर से आए प्रतिनिधियों द्वारा पारित किया गया। इसमें बताया गया कि प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता, मानवशक्ति की विपुलता और अंतर्निहित उद्यमकौशल के चलते भारत अपने कृषि, विनिर्माण, और सेवा क्षेत्रों को परिवर्तित करते हुए कार्य के पर्याप्त अवसर उत्पन्न कर आत्मनिर्भर बनाने की क्षमता है। इस क्षमता का सदुपयोग करने के लिए एक तरफ सरकार की योजनाओं के साथ साथ आर्थिक, शैक्षिक एवं सामाजिक संगठनों का सहयोग, प्रोत्साहन की भी आवश्यकता है। भारत के युवाओं को जॉब सीकर की बजाय जॉब प्रोवाइडर बनाने की व्यापक योजना करनी है, भारत का युवा केवल अपने रोज़गार तक ही नहीं बल्कि वे देश के रोज़गार व आर्थिक उन्नति की सोचें एवं सहकारिता संस्कार का अवलम्बन करते हुए राष्ट्रोत्थान के कार्य का एक अंग बनें। इस मौके पर सह प्रान्त संघचालक सुनीत खरे, सह प्रान्त प्रचार प्रमुख डॉ दिवाकर अवस्थी व विश्व संवाद केंद्र के सचिव अशोक सिन्हा भी उपस्थित रहे।

# कमलापुर पुलिस की कार्यशैली से आहत होकर पीड़ित पक्ष ने किया हाइवे जाम

संवाददाता । कमलापुर सीतापुर



**थाना कमलपुर** के अन्तर्गत आने वाले ग्राम फत्तेपुर निवासी राकेश पुत्र श्यामलाल की चार वर्षीय लड़की राखी का होली के दिन एक्शीडेट हो गया था पीड़ित राकेश का आरोप है कि गाव के ही निवासी फय्याज पुत्र फव्वाद ने जान बूझ कर उसकी लड़की का एक्शीडेन्ट करके मार दिया है

जब की फय्याज मुस्लिम धर्म का है और पीणित पंछ राकेश हिंदू धर्म का है और दलित विरादरी पासी समाज से तालुक रखता है पीड़ित पक्ष ने 24 घन्टे वीत जाने के बाद कमलापुर पुलिस प्रसासन द्वारा आरोपी फय्याज पर कोई कठोर कार्रवाई न किए जाने से आहत होकर सोकाकुल परिवार पंछ के लोगों ने कमलापुर हाईवे जाम कर दिया हाईवे लगभग आधा घंटा जाम रहा हाईवे जाम देख कमलापुर पुलिस के हाथ पांव फूल गए और पणोश के सभी थानो के साथ साथ सीओ सिधौली को सूचित किया हाइवे जाम की सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंचे सी ओ सिंधौली यादुवेंद यादव ने पीड़ित पंछ को समझा बुझाकर कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए जाम खुलवाया तथा स्थित तनाव पूर्ण देखते हुए फत्तेपुर गांव में पी एस सी के साथ पुलिस बल लगाकर गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया तथा मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक एन पी सिंह सीतापुर के साथ सी ओ सिंधौली यादुवेंद यादव कोतवाल सिधौली प्रभारी निरीक्षक थाना अटरिया थाना मछरेहटा थाना रामपुर कला थाना कमलापुर थाना खैराबाद थाना मछरेहटा थाना मानपुर सभी लोगों ने दल बल के साथ फत्तेपुर गांव जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा पीणित पक्ष को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाते हुए कमलापुर पुलिस को अग्रिम कार्रवाही के निर्देश दिए।

## फांसी लगाकर ग्रामीण ने की आत्महत्या

संवाददाता। बरेली

**एक युवक** ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उसके घरवालों ने गांव के दबंगों को उसकी मौत के लिए जिम्मेदार बताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी । फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव पथरा निवासी 45 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र ओमपाल की लाश आज सुबह उसके घर में ही छत से लगे पंखे से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि संजीव कुमार का कल शाम को गांव के ही रहने वाले अवधेश और पवन से शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था गुस्साए अवधेश और पवन ने संजीव की पिटाई करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी थी जिसके बाद संजीव घर वापस लौट आया और रात में किसी समय छत के पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली सुबह होने पर घर के लोगों ने उसे बिस्तर पर नहीं देखा तब खोजने की कोशिश की कुछ देर बाद ही उसकी लाश घर के कमरे में फांसी पर लटकी मिली घरवालों ने घटना की शिकायत पुलिस से की मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी मृतक तीन बेटों का पिता था उसकी पत्नी का नाम वसुंधरा देवी है।

### आग से झुलसी मंदबुद्धि महिला की मौत

**बरेली।** एक मंदबुद्धि महिला ने घर मे ही संदिग्ध परिस्थितियों में खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी अयोध्या प्रसाद की पत्नी विद्या देवी की बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घर वालों ने बताया कि विद्या देवी मानसिक रूप से काफी कमजोर थी और 13 मार्च को पति से हुए किसी विवाद के बाद उसने घर में रखा मिट्टी का तेल खुद पर डालकर आग लगा ली।

## क्विक न्यूज

### होली प्रेम और सदभाव का त्यौहार : अलका अर्कवंशी



**संडीला(हरदोई)।** क्षेत्रीय विद्यायक अलका अर्कवंशी ने होली मिलन समारोह में बोलते हुए कहा कि होली प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने और भेदभाव तथा वैमनस्य को मिटाने का त्यौहार है। इसी भावना के साथ इस त्यौहार को मनाया जाता चाहिए। श्री महावीर जी मंदिर परिसर में आयोजित इस होली मिलन समारोह में नव निर्वाचित क्षेत्रीय विद्यायक अलका अर्कवंशी ने बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि होली भारत का वह त्यौहार है जो तमाम आपसी गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे के प्रति प्रेम, मैत्री और सदभाव बढ़ाने का संदेश देता है। इसके अलावा उन्होंनें हिरण्यकश्यप और भक्त प्रहलाद की पौराणिक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह त्यौहार हमें सत्य की असत्य पर विजय का संदेश भी देता है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंवर वीरेन्द्र सिंह, पूर्व चेयरमैन शैलेश अग्निहोत्री, शेखर पाण्डेय, विशुन दयाल शुक्ला, प्रदीप जायसवाल, कन्हैया लाल महरोत्रा, डॉ0 विभा सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, रफीक लंबू, गौरव महरोत्री, रिषभ खन्ना, रमन जायसवाल, महेन्द्र सोनी समेत बहुत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जमीनी रंजिश में चले लाठी डंडे, पांच घायल

**हरगांव सीतापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम तकिया सुल्तानपुर के योगन्द्र वर्मा पुत्र अनिल वर्मा अपने खेत में सरसों की कटाई कर रहे थे। तभी जमीनी रंजिश को लेकर विपक्षी राज किशोरए सुनील पुत्रगण गोकरनए बब्बू पुत्र राम सनेहीए प्रदीप पुत्र शिवदीनए ने लाठी डंडो और लात घूंसों से योगेंद्र और उसके भाई को मारने लगेए बचाव में आई योगेंद्र की माँ सुषमा व बहन रिया और सुशील को भी मार मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ितों ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देते हुए गुहार लगाई है थानाध्यक्ष ने बताया आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### दो भाइयों की सड़क हादसे में मौत

**बरेली।** ननिहाल से होली खेल कर लौट रहे सगे भाइयों की रास्ते में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा देवरनिया में होली पर शुक्रवार को दो घरों की खुशियां मातम में बदल गईं। ननिहाल से होली खेलकर लौट रहे दो बाइक सवार चचरे-तहरे भाईयों को नशे मे धुत मारुति वैन के चालक ने रौंद दिया। जिससे दोनों भाईयों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वैन मे सवार चालक व अन्य लोग मौके से भाग निकले लेकिन वैन को कब्जे मे ले लिया गया है। बता दें देवरनिया कोतवाली क्षेत्र के गांव दुगना निवासी एवरन का 20 वर्षीय पुत्र अमित कुमार अपने चाचा के यहां इसी कोतवाली क्षेत्र के गांव बैकरन नन्द्रा आया हुआ था।होली वाले दिन रामेन्द्र गंगवार अपने चचरे भाई अमित कुमार को साथ लेकर बाइक से अपनी ननिहाल गांव रोहला व यहां से दोस्त के यहां गांव वसुधरन जागीर से होली खेलने गये थे। दोनों भाई बाइक से होली खेलकर वापस लौट रहे थे तभी देवरनिया कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत इटौआ-वसुधरन रोड पर गांव कमालपुर के पास सामने से तेज गति से आती मारुति वैन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाईयों की मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जाता है कि मारुति वैन मे चालक समेत चार लोग सवार थे जो नशे मे धुत थे। हादसे के बाद चारों वैन छोडकर भाग गए।

### भाई से झगड़े के बाद बहन ने जहर खाकर जान दी

**बरेली** । भाई से हुए झगड़े के बाद बहन ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । रामपुर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव रोशन बाग निवासी 17 वर्षीय नूर बी पुत्री मुर्तजा अली की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल शाम बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के घर वालों ने बताया कि नूर बी का कल दिन में अपने भाई शाहजेब से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

# भाजपा के एमएलसी प्रत्याशियों का हुआ स्वागत



संवाददाता सीतापुर

**प्रदेश महामंत्री** भाजपा अनूप गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी ने लखीमपुर से एम एल सी पद का उम्मीदवार घोषित किया है। जिसके बाद वह अपने निर्वाचन क्षेत्र एवं गृह क्षेत्र हरगांव होते हुए लखीमपुर जा रहे थे। जहां पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेन्द्र शुक्ला भाजपा एवं मंडल अध्यक्ष भाजपा संजय जायसवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्टेशन चौराहे के पास माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। जिसके बाद प्रदेश महामंत्री का काफिला हरगांव से लखीमपुर जिला कार्यालय के लिए रवाना हो गया। अंशुल शुक्ला वरिष्ठ पत्रकार सुमित शुक्ला पंकज भाई जी भोला पाण्डेय मदन श्रीवास्तव के के जोशी विपिन वर्मा सुनील गुप्ताए गिरीश मिश्रा अलोक मिश्रा नितिन मिश्रा उदित बाजपेई प्रदीप मिश्रा मनोज गुप्ता मिन्टू जय सिँहए गुड्डू अवस्थी वीरेंद्र मिश्रा बच्चा विजय राज आदि लोग उपस्थित रहे।

### पवन सिंह चौहान का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



भारतीय जनता पार्टी से पवन कुमार सिंह चौहान का एम एल सी पद के लिए सीतापुर से टिकट फाइनल होने के बाद पार्टी कार्यालय सीतापुर जातें समय पार्टी के पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नहेर चौराहा कामलापुर में पवन कुमार सिंह चौहान का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया इस मौके पर जे पी सिंह चौहान मेहुल कुमार यादव अनुराग जयसवाल बबलू सिंह चौहान देवेश सिंह भूपेंद्र सिंह तोमर उदय सिंह चौहान रमाकांत अवस्थी आशीश अवस्थी अरविंद पाण्डे अखण्ड प्रताप सिंह अनुज पाण्डे रवी सिंह पंकज सिंह राहुल यादव विष्णू सुक्ला जयक्रष्ण पाण्डे राहुल यादव मंडल महामंत्री आषतोश मिश्रा भारतीय जनता पार्टी आदि लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया

# सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

● **दूसरी सड़क दुर्घटना अतरौली भटपुर रोड पर भट्ठे के पास हुई।**

**सड़क दुर्घटनाओं** में चार लोगों की दुखद मौत हो गयी। पहली सड़क दुर्घटना अतरौली रोड पर जंगली शिव मंदिर के पास हुई। बताया जाता है कि 55 वर्षीय मुकेश बाजपेयी अपने वृद्ध पिता 80 वर्षीय ब्रजलाल बाजपेयी के साथ बाइक से जनपद सीतापुर जा रहे थे। जब बाइक जंगली शिव मंदिर मोड़ पर पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को उठाकर पहले सीएचसी ले जाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ट्रामासेंटर भेजा गया लेकिन रास्ते में ही दोनों की मौत हो गयी। दूसरी सड़क दुर्घटना अतरौली भटपुर रोड पर भट्ठे के पास हुई। बताया गया है कि ग्राम रसुलवा निवासी 22 वर्षीय अंकित ग्राम धनाखेड़ा निवासी बंटी के साथ बाइक से घर जा रहे थे। भट्ठे के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गयी जिससे अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गयी। इसके अलावा संडीला मल्लावां रोड पर हुए एक अन्य हादसे में ग्राम रामपुर निवासी तीस वर्षीय मुकेश कश्यप की मौत हो गयी। मुकेश कश्यप लखनऊ में रहकर राज मिस्त्री का काम करते थे। वह होली के दूसरे दिन लखनऊ से अपने घर जा रहे थे। ग्राम हलवाईखेड़ा के पास सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे मुकेश की मौके पर ही मौत हो गयी।

# नहर में उतराता मिला महिला का सिर विहीन शव



संवाददाता। मोहम्मदी खीरी।

● **6-7 दिन पुरानी लग रही लाश**

● **हत्या की जताई जा रही आशंका**

● **लावारिश में पोस्टमार्टम को भेजी गई लाश**

थाना पसगवां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिसोरा नासिर के पास स्थित मछेछा नहर में एक अज्ञात महिला का सिर विहीन शव बरामद हुआ। यह शव लगभग 6-7 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतका ने मेहरून रंग का फुल आस्तीन का कुर्ता व लाल रंग की सलवार पहनी हुई है। शव पीलीभीत, शाहजहांपुर की तरफ से नहर में बहता हुआ आया है। जब पुलिस को सूचना मिली तो महमदपुर चौकी इंचार्ज अनेक पाल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकवालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। काफी कोशिश की बावजूद शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक प्रथम दृष्टया हत्या का मामला नजर आ रहा है। पुलिस ने लावारिश में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# बरनवाल समाज नवयुवक संघ ने मनाया होली मिलन समारोह

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**बरनवाल समाज** नवयुवक संघ के द्वारा स्थानीय सौभाग्य पैलेस में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आरंभ, बरनवाल जाति के आदि पुरुष महाराजा अहिबरन की प्रतिमा पर, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सदर विधायक योगेश वर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव, सीतापुर जनपद के जिला पूर्ति अधिकारी, बरनवाल समाज की शान संजय बरनवाल विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुष्मिता बरनवाल, प्रतीक बरनवाल तथा बबीता बरनवाल के द्वारा संपादित किया गया।

संस्था के अध्यक्ष प्रतीक बरनवाल ने बताया कि बरनवाल नवयुवक संघ हर वर्ष इस कार्यक्रम में समाज के बच्चों को, एक वृहद मंच अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए प्रदान करता है। एंट्री काउंटर पर संस्था के कोषाध्यक्ष कीर्ति प्रकाश बरनवाल, संजय बरनवाल तथा मनीष बरनवाल डटे रहे। सरस्वती वंदना मीत शिखा बरनवाल तथा बरनवाल जाति गीत श्रीराम जन्म बरनवाल ने अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुत किया। समाज के हाईस्कूल एवं इंटर ने जिन छात्रों ने, उच्च अंक प्राप्त किए उन्हें सम्मानित किया गया। समाज के वृद्धजनों में पुष्पा व गोदावरी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज का नाम, रोशन करने वाले हार्ट सर्जन डा. अंकित बरनवाल, सेना में कर्नल पुष्पेंद्र बरनवाल तथा सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता शैलेश बरनवाल को संघ द्वारा सम्मानित किया गया। कोविड-19 का पिछले साल शिकार हुए संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेश बरनवाल को उनके कार्यों के लिए याद किया गया तथा श्रद्धांजलि दी गई स ज्ञान प्रकाश बरनवाल ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 23 फरवरी को संघ के द्वारा आयोजित सेल्फी प्रतियोगिता के पुरस्कार शुभम, राजीव, सर्वेश, नितिन तथा नीलमणि बरनवाल को दिए गए। प्रथम, आलेख व लवली बरनवाल आदि के सहयोग से उपस्थित लोगों के मध्य कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में बरनवाल समाज समिति, नवयुवक संघ, महिला संघ के बहुत से सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सचिव नितिन, स्मिता ज्ञान प्रकाश, मनीष, नमिता, राजीव, नूतन, योगेंद्र नाथ, राकेश, रोहित, रोमित, तुषार, नीरू, संदीप, सौरभ, अभिषेक, विवेक, राजशेखर, शरद व रामजन्म सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष कीर्ति प्रकाश बरनवाल तथा संजय बरनवाल ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# संस्था ने की गरीबों-असहायों की मदद



**सिंगाही-खीरी।** मानव सेवा ही श्रेष्ठ सेवा के उद्देश्य को सार्थक करते हुए असहाय और गरीबों की मदद के लिए लगातार कस्बे के समाजसेवी जोगेंद्र शाक्य असहायों को जरूरत की चीजें देकर सुविधा प्रदान करते है। होली के त्योहार के मौके पर कस्बे के समाजसेवी जोगेंद्र शाक्य व उनकी पत्नी सभासद मांडवी शाक्य ने गुरुवार को कस्बे की चंद्रकली, सरजना, प्रेमा देवी, पुष्पा, संतोष देवी, कमलेश, जगदीश, कमलेश व श्यामू सहित करीब 300 महिलाएं व जरूतमंद लोगों नए कपड़े वितरण किए ताकि वे लोग भी सामान्य लोगों की तरह होली कर पर्व को मना सके। सभासद मांडवी शाक्य ने कहा कि गरीबों के बीच कपड़ा बांटने पर खुशी मिलती है। बताते चलें कि जोगेंद्र शाक्य आठ साल से त्योहार पर जरूरतमंदों की मदद करते चले आ रहे हैं। वह बताते हैं कि ऊपरवाले ने हमारे ऊपर कृपा की है। हमारा फर्ज है कि दूसरों की मदद करें। मैं हर साल होलीए दिवाली ईद पर गरीब महिलाएं व असहाय लोगों को सूट और रुपये उपहार के रूप में देते हैं। इसके बाद जब उनके चेहरे पर मुस्कान बिखरती है तो वो मुझे सुकून दे जाती है। इस दौरान डा. बलविंदर शाक्य, राजेंद्र शाक्य व अनिल कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

### मणिपुर में...

को लेकर बीजेपी शनिवार से लगातार बैठक कर रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के नाम पर सस्पेंस बना हुआ है। इस पहाड़ी राज्य में भाजपा सत्ता में लौटी है। यहां सोमवार को राज्य विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री का चयन हो जाने की संभावना है। उत्तराखंड के कार्यवाहक सीएम पुष्कर धामी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक ने रविवार को अमित शाह से मुलाकात की। बैठक से पहले, धामी के हवाले से कहा गया कि सरकार गठन की प्रक्रिया चल रही है। अंतिम निर्णय भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व ही लेगा।

### लखनऊ में...

अपना नेता चुनेंगे। लखनऊ के लोकभवन में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को औपचारिक रूप से भाजपा विधायक दल का नेता चुना जाएगा। भाजपा विधायक दल के नेता के चयन के बाद विधायकों का दल राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के पास जाकर उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का दावा पेश करेगा। इधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में तीन दिन तक होली मनाने के बाद आज लखनऊ लौटे हैं। उनके लौटने के साथ ही शपथ ग्रहण की तैयारियों ने भी गति पकड़ ली है। प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल गठन पर उनकी केन्द्रीय नेतृत्व के साथ कई चक्र की बैठकें हो चुकी हैं। अब तो 25 को शपथ ग्रहण होना है। भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण 25 मार्च को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा। प्रदेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ केन्द्र सरकार के एक दर्जन से अधिक मंत्री तथा भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य भी रहेंगे।

### कोविशील्ड की...

वायरस के नए मामलों में अचानक बढ़ोतरी की चर्चा के साथ चिंताएं बढ़ने लगी हैं। डब्ल्यूएचओ ने दूसरे देशों को वायरस के खिलाफ सतर्क रहने की चेतावनी भी दी है। चीन, सिंगापुर, हांगकांग, वियतनाम, दक्षिण कोरिया दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में कोविड मामलों में वृद्धि देख रहे हैं। राष्ट्रीय टीकाकरण तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) में कोविड -19 टास्क समूह के प्रमुख डॉ. एनके अरोड़ा ने हाल ही में कहा था कि चौथी लहर एक नए वैरिएंट द्वारा संचालित होगी क्योंकि बीए 2 वायरस 75 फीसदी आबादी में मौजूद है। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता कि भारत में चौथी लहर कब आएगी।

### भविष्य में...

ही 1,000 से अधिक बदलाव हो चुके हैं, हालांकि, केवल ऐसे पांच स्वरूप सामने आए हैं, जो चिंता का कारण बने हैं। राय ने कहा, भारत ने पिछले साल कोविड-19 की बहुत ही विनाशकारी दूसरी लहर का सामना किया जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रहा। हालांकि, वर्तमान में हमारी प्रमुख ताकत प्राकृतिक संक्रमण है जो लंबी अवधि के लिए बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा, उच्च टीकाकरण कवरेज है। इसलिए, भविष्य की किसी भी लहर का गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, यह ऐसा समय है, जब भारत सरकार अनिवार्य रूप से मास्क पहनने से ढील देने पर विचार कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और संक्रमण की चपेट में आने के उच्च जोखिम वाले लोगों को एहतियात के तौर पर मास्क पहनना जारी रखना चाहिए। महामारी विज्ञानी ने जोर देकर कहा कि भविष्य में वायरस के किसी भी नए स्वरूप के उभरने की निगरानी के लिए सरकार को जीनोमिक अनुक्रमण सहित सार्स-सीओवी-2 की निगरानी जारी रखनी चाहिए।

### रूस की...

सेना दूसरे प्रमुख शहरों के बाहर तीन सप्ताह से अधिक समय से रुकी हुई है। रूस का यह अभियान दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सेना की सबसे बड़ी जमीनी कार्वाई है। यूक्रेन के प्रमुख शहरों पर रूसी बमबारी में सैकड़ों पुरुष, महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं। वहीं, लाखों नागरिक भूमिगत आश्रयों में हैं या देश से बाहर चले गए हैं। राजधानी कीव में एक अस्थाई अनाथालय में कम से कम 20 बच्चे फंसे हुए हैं। कुछ दिनों से इन बच्चों की देखभाल वहां की नर्स कर रही हैं, जो लगातार बमबारी के कारण बाहर नहीं निकल सकीं। रूसी सेना ने शनिवार को कहा कि उसने युद्ध में पहली बार अपनी नवीनतम हाइपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल किया। मेजर जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने कहा कि किंजल मिसाइलों ने इवानो-फ्रैंकिवस्क के पश्चिमी क्षेत्र में यूक्रेन की मिसाइलों और विमान से दागे जाने वाले गोला-बारूद के एक भूमिगत गोदाम को नष्ट कर दिया। यह मिसाइल ध्वनि से 10 गुना अधिक गति से 2,000 किलोमीटर दूर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। हालांकि, अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिका हाइपरसोनिक मिसाइल के इस्तेमाल की पुष्टि नहीं कर सकता।

### शरद यादव...

युवा नेता ने आरोप लगाया कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में है तथा धर्मनिरपेक्षता व सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वाले सभी दलों को आपस में हाथ मिलाना चाहिए। उन्होंने भाजपा नेताओं द्वारा हिंदी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' का समर्थन किए जाने के संदर्भ में पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोग महंगाई और बेरोजगारी के कारण परेशान हैं और किसी फिल्म के बजाय इन मुद्दों पर बहस होनी चाहिए। वहीं तेजस्वी ने यह भी कहा कि देश में नफरत की राजनीति हो रही है और संविधान तथा लोकतंत्र खतरे में हैं। बिहार की राजनीति में शरद यादव को लालू विरोधी माना जाता है। पिछले दिनों स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। 2018 में जनता दल (यू) नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अलग होने के बाद उन्होंने अपनी पार्टी बनायी थी, लेकिन उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्होंने 2019 का लोकसभा चुनाव राजद के टिकट पर लड़ा था, वहीं उनकी बेटी ने 2020 का बिहार विधानसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में लड़ा था। उस समय कांग्रेस राजद नीत महागठबंधन में शामिल थी।

### बिहार में...

क्षेत्र में साहिबगंज पड़ता है। साहिबगंज निवासी एक व्यक्ति के आंखों की रोशनी चली गई है और उसका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर रविवार सुबह अपना आक्रोश प्रकट करते हुए सड़क पर टायर जलाए। पुलिस द्वारा उन्हें समझाने बुझाने के बाद यातायात बहाल हुआ। इसके अलावा, मधेपुरा जिले के मुरलीगंज प्रखंड (ब्लॉक) में दो लोगों की मौत हो गई। वहां स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नकली शराब का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। मुरलीगंज थाना प्रभारी राजकिशोर मंडल ने कहा कि मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है, क्योंकि मृतकों के परिवार के सदस्यों ने घटना के बारे में पुलिस को सूचना मिलने से पहले ही शवों की अंतएष्टि कर दी। उधर, जहरीली शराब पीने के बाद सात लोग बीमार पड़ गए और उन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बिहार में करीब छह साल से मद्यनिषेध कानून लागू है।

### अप्रैल में...

एक विज्ञप्ति में कहा कि यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक गठबंधन को आगे बढ़ाना और मजबूत करने के साथ द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करना है। इसके अलावा दोनों नेता नवाचार, अर्थव्यवस्था, अनुसंधान और विकास, कृषि और अधिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।

### यासीन मलिक...

एक साझा लक्ष्य है और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले साधनों को लेकर उनके बीच सहमति है। यह भी पता चला है कि आतंकी गतिविधियों के लिए वित्तपोषण पाकिस्तान से भी किया जा रहा है। अदालत ने कहा कि साजिश की लगाम आईएसआई जैसी पाकिस्तानी एजेंसियों के रूप में सीमापार बैठे आकाओं के हाथों में थी और प्रत्एक षडयंत्रकारी हर दूसरे साजिशकर्ता को जानते हुए प्राप्त निर्देशों के हिसाब से अपनी भूमिका निभा रहा था, जिसका मकसद जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने के अंतिम उद्देश्य के तहत रक्तपात, हिंसा और तबाही को अंजाम देना था। अदालत ने कहा कि आतंकी गतिविधियों के वास्ते धन पाकिस्तान और उसकी एजेंसियों द्वारा भेजा गया था और यहां तक कि राजनयिक मिशन का इस्तेमाल नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए किया गया था। न्यायालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित आतंकी हाफिज सईद ने भी आतंकी गतिविधियों के लिए धन भेजा था।

### गंगा की...

सीवर के बुनियादी ढांचे का विकास, औद्योगिक अपशिष्ट शोधन संयंत्र, ग्रामीण स्वच्छता और नदी की तलहटी की सफाई शामिल है।

# उद्धव ने एआईएमआईएम की गठजोड़ की पेशकश ठुकराई

भाषा। मुंबई

**शिवसेना के** एक हिंदुत्ववादी पार्टी होने का उल्लेख करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने गठजोड़ के लिए एआईएमआईएम की पेशकश रविवार को खारिज कर दी। साथ ही, इसे महाविकास आघाडी सरकार का नेतृत्व कर रही पार्टी (शिवसेना) को बदनाम करने की भाजपा की साजिश करार दिया। पार्टी के सांसदों और पदाधिकारियों की एक बैठक को यहां वीडियो लिंक के माध्यम से संबोधित करते हुए ठाकरे ने असदुद्दीन ओवैसी नीत ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को भारतीय जनता पार्टी की बी टीम करार दिया।

उन्होंने हिंदुत्व और अन्य मुद्दों को लेकर पूर्व सहयोगी दल भाजपा की आलोचना की और वी डी सावरकर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के कथित

## ● कहा-यह भाजपा की साजिश का हिस्सा

बयानों तथा मुस्लिम बहुल इलाकों में शाखा खोलने की संघ की कथित योजना का भी उल्लेख किया।

ठाकरे ने आरोप लगाया, शिवसेना एआईएमआईएम से कभी गठजोड़ नहीं करेगी, जो कि भाजपा की बी टीम है। भाजपा सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए हिंदुत्व का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा, भला किसने एआईएमआईएम से गठजोड़ करने की मांग की है? यह भाजपा का एक गेम प्लान और षड्यंत्र है। एआईएमआईएम और भाजपा के बीच साठगांठ है। उन्होंने कहा, भाजपा ने एआईएमआईएम को शिवसेना के हिंदुत्व पर सवाल उठाने को कहा है, ताकि शिवसेना को बदनाम किया जा सके। इसी का अनुसरण करते हुए एआईएमआईएम



नेता गठजोड़ की पेशकश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को एआईएमआईएम के सांसद इम्तियाज जलील ने कहा था कि भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए उनकी पार्टी शिवसेना नीत एमवीए के साथ गठजोड़ कर सकती है। इस पर, शिवसेना ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। ठाकरे ने पंचायत स्तर से लेकर संसद तक, पूरे देश में राज करना चाह रही भाजपा के रुख का मुकाबला करने के लिए शिवसेना के कार्यकर्ताओं से अपील की। उन्होंने भाजपा के इस रुख को तानाशाही का संकेत करार दिया। एमवीए में शामिल अन्य दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस हैं। शिवसेना प्रमुख ठाकरे ने कहा कि पार्टी 22 मार्च को राज्य के विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्रों में शिव संपर्क मुहिम शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य उस भ्रम को दूर करना है, जो भाजपा विभिन्न मुद्दों पर शिवसेना के बारे में पैदा करने की कोशिश कर रही है। ठाकरे ने ओवैसी की पार्टी पर तंज करते हुए कहा कि शिवसेना औरंगजेब की कब्र पर सिर झुकाने वालों से ना कभी जुड़ी हुई थी और ना कभी जुड़ेगी। उन्होंने कहा, हम एआईएमआईएम के साथ कभी गठजोड़ नहीं करेंगे, यहां तक कि सपने में भी नहीं। लेकिन मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि गठजोड़ के लिए एआईएमआईएम की पेशकश भाजपा से आई है। कारण कि, अब तक, पूरा देश यह समझ गया है कि एआईएमआईएम, भाजपा की बी टीम है। ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा ओवैसी की पार्टी का इस्तेमाल कर वोट को विभाजित करने और अपने राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि शिवसेना ने भाजपा से नाता तोड़ा है, हिंदुत्व से नहीं। उन्होंने भाजपा पर सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए हिंदुत्व का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ...हम हिंदुत्व के लिए राजनीति करते हैं। वे सिर्फ राजनीति के लिए हिंदुत्व का इस्तेमाल करते हैं। उनके और हमारे बीच यही मूल अंतर है। पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एआईएमआईएम की तरफ से गठबंधन के लिए ठाकरे नीत पार्टी को पेशकश किए जाने पर शिवसेना को जनाब सेना करार दिया था। इसका जवाब देते हुए ठाकरे ने कहा कि शिवसेना का सदा यह मानना रहा है कि हिंदुत्व राजनीति से ऊपर है।



नई दिल्ली में जामा मस्जिद के निकट हेरीटेज पार्क का उदघाटन करते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व उनकी पत्नी सविता कोविंद

# हिजाब पर फैसले देने वाले न्यायाधीशों को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी

भाषा । बेंगलुरु

**हिजाब पर** फैसला सुनाने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश समेत तीन न्यायाधीशों की जान को खतरे के मद्देनजर राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि राज्य सरकार ने तीनों न्यायाधीशों को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का फैसला किया है। इस संबंध में एक व्यक्ति को तमिलनाडु में गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने इस मामले में छद्म धर्मनिरपेक्षता और लोगों की चुप्पी को लेकर सवाल उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिदेशक को मामले की जांच करने और तमिलनाडु में गिरफ्तार किए गए युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के लिए कहा है। मुख्य न्यायाधीश रितुराज अवस्थी, न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित और न्यायमूर्ति जे. एम. खाजी की तीन सदस्ईय पीठ ने 15 मार्च को मुस्लिम छात्राओं के एक वर्ग द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इस याचिका में कक्षा के अंदर हिजाब पहनने की अनुमति मांगी गई थी। विधान सौध पुलिस ने शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एक वीडियो क्लिप को लेकर प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें एक व्यक्ति तमिल में बोल रहा था और तीन न्यायाधीशों को जान से मारने की धमकी दे रहा था। बोम्मई ने कहा, तमिलनाडु में कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सहित तीन न्यायाधीशों को मौत की धमकी का मामला दर्ज किया गया है। कुछ राष्ट्र विरोधी ताकतें इस देश की व्यवस्था को चुनौती देने की कोशिश कर रही हैं। ऐसा अतीत में कभी नहीं हुआ था। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सभी को न्यायपालिका के फैसले का पालन करना चाहिए और इस व्यवस्था में अपील करने का मौका है। बोम्मई ने कहा कि फिर भी कुछ ताकतें लोगों को व्यवस्था के खिलाफ उकसाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन ऐसी ताकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# द कश्मीर फाइल्स फिल्म के निर्माता भारत में मुसलमानों की हत्याओं पर भी फिल्म बनाएं : आईएएस अधिकारी

भाषा। भोपाल

**मध्यप्रदेश में** पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक अधिकारी ने द कश्मीर फाइल्स फिल्म के निर्माता से भारत में कई राज्यों में बड़ी तादात में मुसलमानों की हत्याओं पर भी एक फिल्म बनाने का आग्रह किया है और कहा कि इस अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य कीड़े-मकोड़े नहीं हैं, बल्कि इंसान है और देश के नागरिक हैं।

आईएएस अधिकारी के दो दिन पहले दिए गए इस विवादित बयान पर मध्यप्रदेश के एक मंत्री ने रविवार को कहा कि इस बारे में वह कार्मिक विभाग को पत्र लिख कर उनके खिलाफ कार्वाई की मांग करेंगे।

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उप सचिव 50 वर्षीय आईएएस अधिकारी नियाज खान ने शुक्रवार को ट्वीट किया, कश्मीर फाइल ब्राह्मणों के दर्द को दिखाती है। उन्हें पूरे




सम्मान के साथ कश्मीर में सुरक्षित रहने की अनुमति दी जानी चाहिए। निर्माता को कई राज्यों में बड़ी तादाद में हुई मुसलमानों की हत्याओं को दिखाने के लिए भी एक फिल्म बनानी चाहिए। मुसलमान कीड़े-मकोड़े नहीं हैं, बल्कि इंसान और देश के नागरिक हैं।

अधिकारी ने यह भी कहा कि अलग-अलग अवसरों पर मुसलमानों के नरसंहार को दिखाने के लिए वह एक पुस्तक लिखने की योजना भी बना रहे हैं ताकि द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्म की तरह किसी फिल्म निर्माता द्वारा इस पर भी फिल्म बनाई जा सके और अल्पसंख्यकों के दर्द और पीड़ा को भारतीयों के सामने लाया जा सके। द कश्मीर फाइल्स फिल्म के निर्माता अभिषेक अग्रवाल एवं निर्देशक विवेक अग्निहोत्री हैं। यह फिल्म 1990 के दशक में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के नरसंहार एवं पलायन पर आधारित है, जो 11 मार्च को रिलीज हुई है। अनुपम खेर, पल्लवी जोशी एवं मिथुन चक्रवर्ती इसमें मुख्य भूमिका में हैं। मध्यप्रदेश और गुजरात समेत कुछ भाजपा शासित राज्यों ने फिल्म को कर मुक्त किया है। नियाज खान के इस विवादित बयान पर पूछे गए सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए मध्यप्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने यहां रविवार को मीडिया से कहा, वह (नियाज खान) फिरकापरस्ती की बात कर रहे हैं और उन्हें पद पर रहने का अधिकारी नहीं है। जिस प्रकार से नियाज खान ने यह बयानबाजी एवं ट्वीट युद्ध शुरू किया है, ए सर्विस रूल्स के भी खिलाफ है।

उन्होंने आगे कहा, वह (नियाज खान) एक प्रशासकीय पद पर बैठे हैं। उन्हें अपनी सीमाओं का ज्ञान होना चाहिए था। वह सर्विस रूल्स की सीमाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। आज मैं कार्मिक विभाग को पत्र लिख रहा हूं कि इस तरह की हरकत कोई कर रहा है तो निश्चित रूप से उसके खिलाफ मिसकंडक्ट (कदाचार) का केस भी चलना चाहिए और उन्हें उनके आईएएस के पद से हटाना चाहिए।

## क्विक न्यूज



बंगाल की खाड़ी में साइक्लोन की चेतावनी जारी करता तटरक्षक बल का जवान

### पूर्व सैनिकों की भर्ती बंद करना चाहता है सीआईएसएफ

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा बिना हथियार वाली ड्यूटी करने के लिए प्रायोगिक तौर पर करीब 1,700 पूर्व सैनिकों की भर्ती को अर्द्धसैनिक बल का कुछ खास समर्थन नही मिल रहा है और उसने केन्द्रीय गृह मंत्रालय से इन सभी के कांट्रैक्ट समाप्त करने का अनुरोध किया है। आधिकारिक सूत्रों ने इस आशय की जानकारी दी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल सीआईएसएफ को कहा था कि वह ताप बिजली घरों और कोयला उत्पादन इकाइयों सहित देश में अपनी 13 सुरक्षा इकाइयों में नॉन कोर ड्यूटी के लिए 2,000 पूर्व सैनिकों की भर्ती पर विचार करे। इन पूर्व सैनिकों की भर्ती संविदा पर एक साल के लिए की जानी थी, उसके बाद इस कांट्रैक्ट को एक-एक साल के लिए दो बार बढ़ाया जा सकता था। इस प्रायोगिक भर्ती का लक्ष्य पूर्व सैनिकों की मदद और पुनर्वास तथा सुरक्षा के क्षेत्र में उनके अनुभवों का लाभ लेना था। सीआईएसएफ की मुख्य जिम्मेदारी असैन्य हवाई अड्डों, परमाणु संयंत्रों और एरोस्पेस प्रतिष्ठानों के साथ-साथ सरकारी और निजी क्षेत्र की विभिन्न महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करना है। अर्द्धसैनिक बल ने मार्च, 2021 में विज्ञापन जारी कर उपनिरीक्षक (एसआई), सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल रैंक के सेना के पूर्व कर्मियों के लिए 2,000 रिक्तियां निकाली थी। इसके लिए अधिकतम आयु सीमा 50 साल रखी गई थी। इसके लिए वेतन एसआई के लिए 40,000 रुपए प्रतिमाह और कांस्टेबल के लिए 25,000 रुपए प्रतिमाह तय किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सीआईएसएफ ने करीब l,700 पूर्व सैनिकों की भर्ती भी की और उनकी विभिन्न जगहों पर तैनाती भी की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह प्रयोग सफल नही रहा। बल ने हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर इसे समाप्त करने का अनुरोध किया है।

### मंदिरों में समिति नियुक्त करने के विषय पर शीर्ष न्यायालय सुनवाई को तैयार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय तमिलनाडु के सभी हिंदू मंदिरों में एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यासी समिति नियुक्त करने के अनुरोध वाली अर्जी को खारिज करने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई करने पर सहमत हो गया है। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी की पीठ ने तमिलनाडु राज्य और अन्य को नोटिस जारी कर पिछले साल नौ दिसंबर के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिका पर जवाब मांगा है। पीठ ने 16 मार्च के अपने आदेश में कहा, नोटिस जारी किया जाए। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने हिंद धर्म परिषद की एक अर्जी पर अपना आदेश जारी किया था। अर्जी के जरिए राज्य एवं हिंदू धार्मिक एवं धमार्थ दान विभाग को तमिलनाडु के सभी हिंदू मंदिरों में एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में अरंगवलार समिति (न्यासी समिति) नियुक्त करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष न्यायालय में दायर याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उच्च न्यायालय यह समझ पाने में नाकाम रहा कि पिछले कुछ वर्षों से हिंदू मंदिरों में अरंगवलार नियुक्त नही किया गया है और कई मंदिरों का जीर्णोद्धार नही हो सका है। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता सी. आर. जय सुकिन ने शीर्ष न्यायालय में कहा कि कई मंदिरों का रखरखाव नही हो रहा है और खासतौर पर कुछ प्राचीन मंदिर नष्ट हो गए।

### भाजपा विधायकों के साथ बैठक में शामिल होने को इंफाल पहुंचे सीतारमण और रिजिजू

**इंफाल।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू मणिपुर के नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों के साथ बैठक में शामिल होने के लिए रविवार को इंफाल पहुंचे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। मणिपुर में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सीतारमण को केन्द्रीय पर्यवेक्षक और रिजिजू को सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पार्टी के एक नेता ने बताया कि सीतारमण का मणिपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मिलने का कार्यक्रम है। दोनों केन्द्रीय मंत्रियों के साथ राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और विधायक टीएच बिश्वजीत तथा वाई. खेमचंद भी मणिपुर लौटे है। राज्य के ए नेता शनिवार को दिल्ली गए थे।



अमृतसर स्वर्ण मंदिर में सिखों के त्योहार 'होला मोहल्ला' दौरान सिख समुदाय के लोग

# चक्रवात आसनी के कारण अंडमान के कुछ हिस्सों में बारिश, तेज हवाएं

भाषा। पोर्ट ब्लेयर

**चक्रवात आसनी** के प्रभाव से रविवार को बारिश और तेज हवाओं के कारण अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में आम जनजीवन प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साल के पहले चक्रवाती तूफान के तेजी से द्वीप समूह की तरफ बढ़ने के मद्देनजर अंतर-द्वीपीय जहाज सेवा के अलावा चेन्नई एवं विशापत्तनम समेत अन्य क्षेत्रों के लिए जहाज सेवाओं को भी रोक दिया गया है और मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने का अलर्ट जारी किया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक, एहतियात के तौर पर द्वीप समूह के विभिन्न हिस्सों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के लगभग 150 कर्मियों को तैनात किया गया है और छह राहत शिविर भी स्थापित किए गए हैं। आपदा प्रबंधन सचिव पंकज कुमार ने कहा, मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि प्रशासन उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठा रहा है। उन्होंने बताया कि पोर्ट ब्लेयर में एनडीआरएफ के कुल 68 कर्मियों, जबकि डिगलीपुर, रंगत और हटबे इलाकों में 25-25 कर्मियों को तैनात किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि पोर्ट ब्लेयर के साथ-साथ उत्तर एवं मध्य और दक्षिण अंडमान जिलों में भारी बारिश होने के साथ तेज हवाएं चल रही हैं। उत्तर और मध्य अंडमान की जिला उपायुक्त अंजलि सहरावत ने कहा कि तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को एनडीआरएफ के कर्मियों द्वारा सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को जारी एक ट्विटर पोस्ट में कहा, आज 20 मार्च 2022 को भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े पांच बजे दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर बना कल का कम दबाव वाला क्षेत्र न्यूनतम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया। अगले 24 घंटों के दौरान इसके और गहन न्यूनतम दबाव वाले क्षेत्र में बदलने की आशंका है।

आईएमडी ने कहा, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर पर दबाव आज भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े आठ बजे कार-निकोबार (निकोबार द्वीप समूह) से लगभग 110 किलोमीटर उत्तर और उत्तर-पश्चिम में केंद्रित था। भारतीय समयानुसार अगले दिन सुबह साढ़े पांच बजे न्यूनतम दबाव वाले क्षेत्र के चक्रवाती तूफान में बदलने के आसार हैं।

# भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सोनकर को मोती के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए साझेदारी का प्रस्ताव मिला

भाषा। नई दिल्ली

**मोती बनाने** की विधा में टिश्यू कल्चर की आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करते हुए नियंत्रित एपीजेनेटिक द्वारा ख़ास मोती बनाने वाले भारतीय वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक जेनेटिक मेडिसिन विभाग ने इस क्षेत्र में आगे के अनुसंधान के लिए साझेदारी का प्रस्ताव दिया है। डॉ. सोनकर के नए अनुसंधान के बाद वर्ल्ड एक्वाकल्चर, एक्वाकल्चर यूरोप और इंफोसिस इंटरनेशनल जैसी तमाम अंतराष्ट्रीय विज्ञान पत्र-पत्रिकाओं में उनका लेख प्रकाशित हुआ है और उसके बाद दुनिया के अलग-अलग कोनों के वैज्ञानिक उनसे संपर्क कर रहे हैं। भारत सरकार ने भी उन्हें इस नए अनुसंधान के बाद पद्मश्री सम्मान के लिए चुना है और 21 मार्च को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सोनकर ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, इस अनुसंधान के लिए मैंने टिश्यू कल्चर का उपयोग करने के साथ-साथ नियंत्रित एपीजेनेटिक (वातावरण, खान-पान और रहन-सहन) का भी इस्तेमाल किया। टिश्यू कल्चर का उपयोग करके हमने सीप के जीन के उन कुछ गुणों को अभिव्यक्त होने से रोक दिया जिसके

कारण मोती में अशुद्धियां आती हैं। उसी प्रकार कुछ ऐसे जीन को अपनी अभिव्यक्ति देने के लिए प्रेरित कर दिया जो शुद्धतम मोती के तत्व उत्पन्न करते हैं। उन्होंने बताया कि मीठे पानी के सीप ज्यादातर कैल्साइट क्रिस्टलाइजेशन करते हैं जो सामान्यत: हड्डियों में होता है, वहीं समुद्री पानी के सीप अपने वातावरण की भिन्नता के कारण एरागोनाइट क्रिस्टलाइजेशन करते हैं जिसकी वजह से मोती को रत्न का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि एरागोनाइट क्रिस्टलाइजेशन में मोती के बहुमूल्य चमकीले पदार्थ की अधिकता होती है और इसी कारण समुदी सीप के बने मोती रत्न की श्रेणी में आते हैं और इसी क्रिश्टलाइजेशन के कारण मोती का रंग, गुणवत्ता आदि का निर्धारण होता है। वैज्ञानिक ने अपने नए अनुसंधान के बारे में बताया, प्रयोग के दौरान मैंने सीप में ऐसे जीन को अभिव्यक्त होने से रोक दिया (मैथिलिएशन) जो कैल्साइट क्रिस्टलाइजेशन के लिए जिम्मेदार हैं और नियंत्रित एपीजेनेटिक का उपयोग करके ऐसे जीन को अभिव्यक्त होने का वातावरण दिया जो एरागोनाइट क्रिस्टलाइजेशन करते हैं। डॉ. सोनकर ने कहा, मेरे लिए यह शोध इस मायने में महत्वपूर्ण है कि जिस तरीके से नई विधा का इस्तेमाल कर मुझे सीप के मेंटल (सीप का अंदरूनी हिस्सा) से फ्लास्क के अंदर मोती बनाने में सफलता मिली है, उसी विधा से नियंत्रित एपीजेनेटिक के माध्यम से आज के बदलते परिवेश में कैंसर सहित तमाम रोगों से लड़ने वालेतत्वों को मजबूत किया जा सकता है और इंसान को रोगमुक्त होने की ओर ले जाया जा सकता है। इस अनुसंधान के लिए मिली प्रेरणा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मुझे यह प्रेरणा जापानी वैज्ञानिक डॉ योशीनोरी ओशिमी के द्वारा फिजिओलाजी व मेडिसिन के क्षेत्र में किए उनके शोधकार्य से मिली। उन्होंने आटोफेजी नामक कोशिकीय गतिविधि की खोज की जिसके तहत शरीर स्वयं विकृत कोशिकाओं को नष्ट कर देता है। इसे विज्ञान जगत ने गंभीर बीमारियों के इलाज की संभावना के रूप में देखा जिसके लिए उन्हें वर्ष 2016 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस खोज को विश्वभर में आने वाले समय में कैंसर के इलाज की संभावना के रूप में देखा गया है, जबकि डॉ. योशीनोरी ने यह खोज किसी मनुष्य या जीव के कोशिकाओं के अध्ययन से नहीं की, बल्कि बेकरी उत्पाद में उपयोग होने वाले ईस्ट के कोशिकाओं पर अपना सारा प्रयोग किया और कोशिकाओं की आटोफेजी गतिविधि को खोजा। उन्होंने कहा, यह देख मैंने मोती बनाने वाले सीपों पर एपीजेनेटिक के बदलाव के प्रभाव के अध्ययन हेतु अपने शोध कार्य की योजना बनाई। डॉ. सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपने अनुसंधान के पहले ह्यूस्टन स्थित राइस युनिवर्सिटी से डीएनए, बायलोजी जेनेटिक कोड पर अध्ययन किया, वागनिनजेन यूनिवर्सिटी नीदरलैंड से न्यूट्रीशन एन्ड कैन्सर व न्यूट्रीशन एन्ड डायबिटीज़ व हार्ट डिसीज पर अध्ययन किया, और टोक्यो इन्सटीट्यूट आफ टेक्नोलाजी से डॉ. योशीनोरी के सेल बायलोजी के शोध का अध्ययन किया।

# पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर खेत में मिला ड्रोन

भाषा। नई दिल्ली। कोलकाता

**सीमा सुरक्षा** बल (बीएसएफ) इस बात की जांच कर रहा है कि पश्चिम बगाल में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक किसान को अपने खेत में मिले ड्रोन का कहीं सीमापार अपराधों के लिए दुरुपयोग तो नहीं किया जा रहा था।

बीएसएफ के साउथ बंगाल फ्रंटियर के कोलकाता स्थित मुख्यालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि उसने उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल में स्थानीय पुलिस स्टेशन से संपर्क किया है, ताकि काले क्वाडकॉप्टर मॉडल संख्या एस 500 की फॉरेंसिक जांच कराने के लिए उसे अपने कब्जे में लिया जा सके। बीएसएफ ने कहा, इस ड्रोन का निर्माण चीन में किया गया है और उसे 19 मार्च को सुबह करीब छह बजे (उत्तर 24 परगना जिले के) पूरबपाड़ा में किसान पंकज सरकार ने अपने खेत में पाया। उसने कहा, यह खेत अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 300 मीटर दूर है। उस किसान ने टूटे ड्रोन को उठा लिया एवं उसे पेट्रापोल थाने के अधिकारियों को सौंप दिया। उसने कहा कि समीप की कल्याणी चौकी से बीएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन उन्हें ज्यादा जानकारी एवं ड्रोन नहीं मिला, इसलिए उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। बीएसएफ ने कहा कि यह पाया गया कि उस ड्रोन में कोई कैमरा नहीं है और उसपर अबतक किसी ने दावा नहीं किया है।उसने कहा, हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि इस ड्रोन का कहीं सीमा पर सुरक्षा को भंग करने की साजिश के तौर पर या फिर सीमापार तस्करी के लिए दुरुपयोग तो नहीं किया जा रहा था। बीएसएफ ने कहा कि उसने ड्रोन के बारे में सूचना जुटाने की कोशिश की और उसे पता चला कि कल्याणी गांव के एक निवासी एवं उसके बेटे ने कथित रूप से बनगांव की ओर से एक अज्ञात उड़ती हुई चीज देखी, जिससे रोशनी निकल रही थी और वह 18 मार्च को रात करीब 10 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वैसे तो पाकिस्तान के साथ भारत के पश्चिमी मोर्चे पर तैनात बीएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां, हथियार, गोला-बारूद और ड्रग्स ले जाने वाले ड्रोन के उभरते खतरे से जूझ रही हैं, लेकिन यह शायद पहली बार है जब इस तरह की संदिग्ध उड़ने वाली वस्तु बांग्लादेश के साथ पूर्वी मोर्चे पर मिली है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जांच से ही पता चलेगा कि क्या यह कोई नापाक ड्रोन गतिविधि थी या कोई मानवरहित यान को यूं ही उड़ा रहा था।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 21 मार्च, 2022



# पोलैंड में प्रदर्शनकारियों ने बंद की सड़क

## बेलारूस जाने वाले ट्रकों की लगी लंबी कतारें

एपी। वारसा

**पोलैंड में** कोरोसिज्जिन सीमा पर प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने एक सड़क को बंद कर दिया है, जिसके चलते बेलारूस जाने वाले ट्रकों की लंबी कतारें लग गई हैं। पोलैंड के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार प्रदर्शनकारी रूस और उसके साथी बेलारूस के साथ व्यापार पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शकारी बीते दो सप्ताह से सीमा पर नाकेबंदी कर रहे हैं ताकि रूस पर यूक्रेन में जारी युद्ध को समाप्त करने का दबाव बनाया जा सके। पूर्वी पोलैंड में नो ट्रेड विद रशियाउ प्रदर्शन का नया दौर शनिवार तड़के शुरू हुआ। स्थानीय कर कार्यालय के प्रवक्ता मिशाल डेरुस ने बताया कि रविवार तड़के लगभग 950 ट्रक सीमा पार कर बेलारूस में दाखिल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीमा बिंदू की ओर जाने वाली सड़क को बंद कर दिया गया है और पुलिस प्रदर्शनकारियों को वहां से हटा रही है। पोलैंड के प्रधानमंत्री एम. मोरावीकी ने शनिवार को हुए प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए यूरोपीय संघ से रूस के साथ सभी तरह के सड़क व समुद्री व्यापार पर रोक लगाने की अपील की है।



रोमानिया के बुखारेस्ट में यूक्रेन में रूस के युद्ध के खिलाफविरोध प्रदर्शन के दौरान 13 महीने की पेनी अपने कंधों पर यूक्रेन का झंडा लपेटे खड़ी है

## पिछले सप्ताह करीब 40,000 लोगों ने मारियुपोल छोड़ा

**कीव।** रूसी बलों से घिरे यूक्रेन के मारियुपोल के प्रशासन का कहना है कि पिछले सप्ताह में करीब 40,000 लोग शहर छोड़कर चले गए जोकि इस शहर की आबादी 4,30,000 का करीब 10 फीसदी है। अजोव सिटी पोर्ट शहर की नगर परिषद ने रविवार को कहा कि 39,426 निवासी अपने निजी वाहनों के जरिए मारियुपोल से सुरक्षित निकल चुके हैं। इसने कहा कि शहर छोड़कर जाने वाले लोग करीब 8,000 वाहनों में सवार होकर मानवीय गलियारे के रास्ते ज़पोरज़िया को रवाना हुए। गौरतलब है कि यूक्रेन के रणनीतिक रूप से अहम शहर मारियुपोल पर पिछले तीन सप्ताह से लगातार रूसी बलों के हमले जारी हैं, जिसके चलते स्थानीय निवासियों को शहर छोड़कर जाने को मजबूर होना पड़ा। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि रूसी बलों से घिर चुके मारियुपोल में भोजन, पानी और ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह ठप हो चुकी है और अब तक कम से कम 2,300 लोगों की मौत हो चुकी है।

## जेलेंस्की ने रूस से जुड़े दलों को निलंबित किया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उन 11 राजनीतिक दलों की गतिविधियों को निलंबित करने का आदेश दिया है, जिनके संबंध रूस से हैं। इनमें से सबसे बड़ा दल अपोजिशन प्लेटफॉर्म फॉर लाइफ है, जिसके पास 450 सदस्ईय यूक्रेनी संसद में 44 सीट हैं। इस पार्टी का नेतृत्व विक्टर मेदवेदचुक कर रहे हैं, जिनके रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अच्छे संबंध हैं। पुतिन मेदवेदचुक की बेटी के गॉडफादर हैं। सूची में एवनी मुराएव के नेतृत्व वाली नाशी (हमारी) पार्टी भी है। रूसी आक्रमण से पहले ब्रिटिश अधिकारियों ने आगाह किया था कि रूस मुराएव को यूक्रेन का नेता बनाना चाहता है। रविवार तड़के एक वीडियो संबोधन में जेलेंस्की ने कहा, रूस द्वारा शुरू किए गए व्यापक युद्ध और रूस के साथ कुछ राजनीतिक दलों के संबंधों को देखते हुए कई राजनीतिक दलों की गतिविधियों को मार्शल कानून की अवधि तक निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि कलह के उद्देश्य से राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा की जाने वाली गतिविधियां सफल नहीं होंगी।

## चीन में एक साल बाद कोविड से मौत के दो मामले मिले

**बीजिंग।** चीन के स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को कोविड-19 से दो व्यक्तियों की मौत होने की जानकारी दी। जनवरी 2021 के बाद से चीन में किसी कोविड मरीज की मौत होने की यह पहली घटना है। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के तेजी से फैलने के कारण चीन दो साल में महामारी के सबसे बदतर दौर से जूझ रहा है। चीन के पूर्वोत्तर जिलिन प्रांत में इन दो कोविड-19 मरीजों की मौत से देश में अब तक मरने वाले कोविड मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 4,638 हो गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग की अधिकारी जिआवो याहुइ ने कहा कि जान गंवाने वाले दोनों कोविड मरीज बुजुर्ग थे। इसके अलावा इनमें से एक बुजुर्ग ने कोविड-19 का टीका भी नहीं लगवाया था। चीन में शनिवार को कोविड-19 के 2,157 नए मामलों में से तीन चौथाई जिलिन में दर्ज किए गए। इसके चलते इस प्रांत में यात्रा संबंधी प्रतिबंध लागू किए गए हैं।

## क्विक न्यूज

### नेपाल ने शंकर प्रसाद शर्मा को भारत में अपना नया राजदूत नियुक्त किया

**काठमांडू।** नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने अर्थशास्त्री डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा को भारत मे राजदूत नियुक्त किया है। एक आधिकारिक घोषणा मे रविवार को यह जानकारी दी गई। डॉ. शर्मा अमेरिका मे नेपाल के राजदूत रह चुके है। नई दिल्ली मे नेपाल के राजदूत का पद पिछली सरकार द्वारा नियुक्त राजदूत नीलाम्बर आचार्या को करीब छह माह पहले वापस बुला लिए जाने के बाद से खाली पड़ा था। राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक बयान मे कहा गया है, राष्ट्रपति भंडारी ने नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 282 के अनुरूप मंत्रिपरिषद की सिफारिश पर डॉ. शर्मा को भारत मे राजदूत नियुक्त किया है। शर्मा ने इससे पहले अमेरिका मे नेपाल के राजदूत की भूमिका निभाई है। उन्होने 2002 और 2006 के बीच राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप मे भी कार्य किया है। वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. शर्मा ने वित्त मंत्रालय मे मुख्य सलाहकार के रूप मे भी अपनी सेवाएं दी है। वह हवाई विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र से पीएचडी है। वर्ष 1997 मे राष्ट्रीय योजना आयोग से जुड़ने से पहले उन्होने सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ साउथईस्ट एशियन स्टडीज मे बतौर वरिष्ठ अर्थशास्त्री कार्य किया। वह हवाई के पूर्व-पश्चिम सेंटर मे भी फेलो रहे।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को सराहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को सराहा और कहा कि इसने अमेरिकी प्रतिबंधो के बावजूद रूस से कच्चे तेल का आयात किया। भारत मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार के कड़े आलोचक रहे खान ने भारतीय विदेश नीति की खुलकर सराहना की। खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत मे एक रैली को संबोधित करते हुए खान ने कहा कि वह पड़ोसी देश भारत की सराहना करेंगे क्योकि उसके पास अपनी एक स्वतंत्र विदेश नीति रही है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत क्वाड समूह का हिस्सा है और उसने अमेरिकी प्रतिबंधो के बावजूद रूस से कच्चा तेल आयात किया। खान ने कहा कि उनकी विदेश नीति भी पाकिस्तानी जनता के हित मे रहेगी। संसद मे अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने से पहले इमरान खान जनसमर्थन हासिल करने के लिए रैली कर रहे है। खान ने कहा, मै किसी के सामने नही झुका और अपने देश को भी किसी के आगे झुकने नही दूंगा।

### बांग्लादेश में मालवाहक जहाज से टकराई नौका, छह की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बाहरी इलाके मे शीतलक्ष्य नदी मे रविवार को एक नौका के मालवाहक जहाज से टकरा जाने के कारण कम से कम छह लोगो की मौत हो गई। अधिकारियो ने बताया कि रविवार दोपहर सैयदपुर अल अमीन नगर इलाके मे एम.वी. अफसर उद्दीन नामक नौका की एम. वी. रूपोशी-9 नामक जहाज से टक्कर हो गई। नौका मे कम से कम 50 यात्री सवार थे। इस हादसे के बाद नौका डूब गई। दुर्घटना के बाद, बांग्लादेश अंतर्देशीय जल परिवहन प्राधिकरण ने नदी पुलिस, नौसेना और तटरक्षक बल के साथ मिलकर इलाके मे बचाव अभियान शुरू कर दिया है। एक निजी टीवी चैनल ने दमकल सेवा के एक अधिकारी के हवाले से कहा, अब तक छह शव निकाले जा चुके है, जिनमे से तीन महिलाएं है। लापता लोगो के लिए बचाव अभियान जारी है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि कई अन्य यात्रियो के डूबने की आशंका है और उनमे से कुछ नौका के अंदर फंसे हुए हो सकते है।

### फिल्म कोडा ने पीजीए में शीर्ष पुरस्कार पर कब्जा जमाया, ऑस्कर के लिए उम्मीद बढ़ी

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म कोडा ने शनिवार रात आयोजित प्रॉड्यूसर्स गिल्ड अवॉर्ड (पीजीए) मे शीर्ष पुरस्कार पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही इस लघु फिल्म ने अगले सप्ताह होने वाले ऑस्कर पुरस्कार के लिए निर्माताओ की उम्मीदे बढ़ा दी है। इस फिल्म की कहानी मे चार सदस्यो वाले एक परिवार के तीन लोग बधिर है। चौथा किरदार गायिकी के क्षेत्र मे अपना करियर बनाना चाहता है और वह कई बड़े आयोजनो मे हिस्सा लेता है। कोडा के सह-निर्माता फिलिप रॉसेलेट और पेट्रिक डब्ल्यू ने 33वे पीजीए पुरस्कार के दौरान कहा कि यह फिल्म एक रोमांचक यात्रा पर ले जाती है और इसे बनाने का अनुभव बेहद खास रहा। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को बेहद प्यार और लगाव के साथ बनाया गया। पुरस्कार समारोह के दौरान एक अमेरिकी सांकेतिक भाषा अनुवादक भी मंच पर उपस्थित रहा, जिसने सामने बैठे फिल्म के उन तीन कलाकारो के लिए अनुवादक का काम किया, जो बधिर है। कोडा , बधिर वयस्कों के बच्चों के लिए एक संक्षिप्त शब्द है। यह फिल्म 27 मार्च को आयोजित होने वाले ऑस्कर पुरस्कार मे भी तीन श्रेणियो के लिए नामांकित है।

# यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में अमेरिका ने हाइपरसोनिक हथियारों के विकास की गति तेज की

एपी। पोर्टलैंड (अमेरिका)

**हाइपरसोनिक हथियारों** को विकसित करने के मामले में रूस से पिछड़ रही अमेरिकी नौसेना ने इस खाई को पाटने की कोशिश तेज कर दी है और अगले साल के उत्तरार्ध में वह इन हथियारों की अपने पोतों पर तैनाती शुरू कर देगी। इन हथियारों को विकसित करने के मामले में अमेरिका का मुकाबला रूस और चीन से है। ए हथियार बैलिस्टिक मिसाइल की गति से बढ़ते हैं लेकिन इनकी फुर्ती की वजह से इन्हें मार गिरना मुश्किल होता है।

रूसी सेना का कहना है कि वह पहले ही हाइपसोनिक मिसाइलें विकसित कर चुकी है और उसने दावा किया कि यूक्रेन से लड़ाई के दौरान शनिवार को उसने इस श्रेणी की एक मिसाइल से लक्ष्य पर निशाना साधा है। पेंटागन ने अब तक हाइपरसोनिक हथियार के इस्तेमाल की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, अमेरिकी सेना इन हथियारों को विकसित करने की गति तेज कर रही है। अमेरिकी हथियार को बैलिस्टिक मिसाइल की तरह प्रक्षेपित किया जाएगा और यह आवाज की गति से सात-आठ गुना अधिक गति से लक्ष्य को भेदने के लिए बढ़ेगा। जनरल डायनामिक्स कंपनी की अनुषंगी बाथ आयरन वर्क्स ने तीन विध्वंसकों पर यह हथियार प्रणाली तैनात करने के लिए इंजीनियरिंग और डिजाइन में आवश्यक बदलाव की खातिर कार्य शुरू कर दिया है। अमेरिकी नौसेना ने कहा कि यह काम अगले वित्त वर्ष में एक शिपयार्ड में शुरू होगा।

## अमेरिका: हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पांच लोग घायल

**अजूसा (अमेरिका)।** अमेरिका के अजूसा शहर के निकट एंजिलिस राष्ट्रीय उद्यान में शनिवार शाम को लॉस एंजिलिस शेरिफ के एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच लोग घायल हो गए। लॉस एंजिलिस काउंटी के दमकल विभाग ने यह जानकारी दी। शेरिफ एलेक्स विलनुएवा ने लॉस एंजिलिस टाइम्स को बताया कि सभी पांच यात्रियों को पोमोना वैली मेडिकल सेंटर ले जाया गया। उन्होंने कहा कि यात्रियों में से एक की हालत गंभीर है, दो की हालत कुछ बेहतर है और दो अन्य को मामूली चोटें आई हैं। हादसा शाम चार बजकर 58 मिनट पर सैन गेब्रियल जलाशय के पास हुआ, जो राजमार्ग 39 और अजूसा के निकट पूर्वी फोर्क रोड के पास स्थित है। लॉस एंजिलिस टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार ग्रीन एयर रेस्क्यू 5 हेलीकॉप्टर दुर्घटना के समय क्षेत्र में सेवा के लिए गया था। शेरिफ विभाग ने कहा कि सैन डिमास थाने में फोन आया था कि एक हेलीकॉप्टर शाम चार बजकर 58 मिनट पर नीचे गिर गया है।




सियोल में रूसी दूतावास के पास यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के खिलाफ रैली के दौरान प्रदर्शन करते लोग

# स्थानीय आवक बढ़ने से बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट

भाषा। नई दिल्ली

**विदेशी बाजारों** में गिरावट के रुख के बीच बीते सप्ताह देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, सीपीओ सहित लगभग सभी तेल-तिलहनों के भाव हानि दर्शाते बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह विदेशी कारोबार में मंदी का रुख था और आयातित तेलों के दाम आसमान छू रहे हैं। इनके मुकाबले देशी तेल सस्ते हैं। सोयाबीन डीगम और सीपीओ एवं पामोलीन के महंगा होने के साथ इन तेलों के लिवाल कम हैं। आयातित तेल महंगा होने के बाद इनकी जगह उपभोक्ता सरसों, मूंगफली, बिनौला की अधिक खपत कर रहे हैं। नई फसल की मंडियों में आवक भी बढ़ी है। इन तथ्यों के मद्देनजर विदेशों में गिरावट का असर स्थानीय तेल तिलहन कीमतों पर भी दिखा और समीक्षाधीन सप्ताहांत में तेल-तिलहनों के भाव हानि दर्शाते बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि संभवत: होली के कारण पिछले दो-तीन दिन से मंडियों में सरसों की आवक घटकर 6-6.5 लाख बोरी रह गई जो इससे कुछ दिन पहले ही लगभग 15-16 लाख बोरी के बीच हो रही थी। उन्होंने कहा कि सोमवार को मंडियों के खुलने के बाद आगे के रुख का पता लगेगा। सूत्रों ने कहा कि पिछले दो-तीन साल के दौरान किसानों को अपने तिलहन फसल का अच्छा दाम मिलने से तिलहन की पैदावार बढ़ी है और इस बार सरसों की अच्छी पैदावार है। उपज बढ़ने के साथ-साथ सरसों से तेल प्राप्ति का स्तर भी बढ़ा है। पिछले साल सरसों से तेल प्राप्ति का स्तर 39-39.5 प्रतिशत था जो इस बार बढ़कर लगभग 42-44 प्रतिशत हो गया है। सूत्रों ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ा दे और किसानों को प्रोत्साहन देती रहे तो वे अपने-आप पैदावार बढ़ा देंगे। तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ने से देश आत्मनिर्भर होगा और विदेशी मुद्रा की बचत होगी जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और रोजगार बढ़ेगा। सूत्रों ने बताया कि विदेशी बाजारों में मंदी और स्थानीय आवक बढ़ने के कारण अपने पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 200 रुपए घटकर 7,500-7,550 रुपए प्रति क्विंटल रह गया। सरसों दादरी तेल ।,000 रुपए घटकर 15,300 रुपए क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी क्रमश: 100 रुपए और 75 रुपए की हानि के साथ क्रमश: 2,425-2,500 रुपए और 2,475-2,575 रुपए टिन (15 किलो) पर बंद हुईं।

## स्टार्टअप को ऋण को इक्विटी में बदलने के लिए अब 10 साल का समय मिला

**नई दिल्ली।** सरकार ने स्टार्टअप के लिए कंपनी में किए गए ऋण निवेश को इक्विटी शेयरों में बदलने की समयसीमा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया है। सरकार के इस फैसले से उभरते उद्यमियों को कोविड-19 महामारी के प्रभाव से बाहर निकलने में मदद मिलेगी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के एक नोट से यह जानकारी मिली है। अभी तक परिर्वतीय नोट्स को इन्हें जारी करने की तारीख से पांच साल तक इक्विटी शेयरों में बदलने की अनुमति थी। अब इस समयसीमा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया गया है। कोई निवेशक स्टार्टअप में परिवर्तनीय नोट के जरिए निवेश कर सकता है, जो एक प्रकार का बांडात्रऋण उत्पाद होता है। इस निवेश में निवेशक को यह विकल्प दिया जाता है कि यदि स्टार्टअप कंपनी का प्रदर्शन अच्छा रहता या भविष्य में वह प्रदर्शन के मोर्चे पर कोई लक्ष्य हासिल करती है, तो निवेशक उससे अपने निवेश के एवज पर कंपनी के इक्विटी शेयर जारी करने को कह सकता है। स्टार्टअप कंपनी द्वारा कर्ज के रूप में मिले धन के एवज में परिवर्तनीय नोट जारी किया जाता है। धारक के विकल्प के आधार पर इसका भुगतान किया जाता है। या फिर इसे स्टार्टअप कंपनी के इक्विटी शेयर में बदला जा सकता है। अब इन नोट को जारी करने की तारीख से 10 साल के दौरान इक्विटी शेयर में बदला जा सकेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि परिवर्तनीय नोट स्टार्टअप के लिए शुरुआती चरण के वित्तपोषण का एक आकर्षक माध्यम बन गए हैं। डेलॉयट इंडिया के भागीदार सुमित सिंघानिया ने कहा, परिवर्तनीय डिबेंचराबांड के उलट परिवर्तनीय नोट इक्विटी में बदलने का लचीला विकल्प देते हैं।

## निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ से फरवरी में 248 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** निवेशकों का रुझान अन्य विकल्पों की तुलना में शेयरों की ओर बढ़ने से फरवरी में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड कोषों (ईटीएफ) से 248 करोड़ रुपए की निकासी देखने को मिली है। यह लगातार दूसरा महीना है जबकि गोल्ड ईटीएफ से निवेशकों ने निकासी की है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ से 452 करोड़ रुपए निकाले थे। इससे पहले दिसंबर में गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध निवेश 313 करोड़ रुपए रहा था। निकासी के बावजूद इस श्रेणी में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) फरवरी के अंत तक बढ़कर 18,727 करोड़ रुपए हो गईं, जो जनवरी के अंत तक 17,839 करोड़ रुपए थीं। इस दौरान गोल्ड ईटीएफ में फोलियो की संख्या 3.09 लाख बढ़कर 37.74 लाख हो गई। एलएक्सएमई की संस्थापक प्रीति राठी गुप्ता ने कहा कि यह रुख दर्शाता है कि स्वर्ण संपत्तियों को निवेशकों द्वारा पोर्टफोलियो के विविधीकरण और बाजार उतार-चढ़ाव में हेजिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.72 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**सेंसेक्स की** शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2.72 लाख करोड़ रुपए का जबर्दस्त उछाल आया। वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच यहां भी जोरदार लिवाली से सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में अच्छी-खासी वृद्धि हुई।

छुट्टियों वाले कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,313.63 अंक या 4.16 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 656.60 अंक या 3.95 प्रतिशत चढ़ गया। व्यापाक बाजार में तेजी के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 2,72,184.67 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 54,904.27 करोड़ रुपए बढ़कर 16,77,447.33 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की



कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस टेक्नोलॉजीज का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 41,058.98 करोड़ रुपए बढ़ा। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 27,557.93 करोड़ रुपए बढ़कर 13,59,475.36 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं इन्फोसिस का मूल्यांकन 13,501.05 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 7,79,948.32 करोड़ रुपए रहा। देश के शीर्ष बैंकों एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार मूल्यांकन में जोरदार उछाल आया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 46,283.99 करोड़ रुपए बढ़कर 8,20,747.17 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 27,978.65 करोड़ रुपए बढ़कर 4,47,792.38 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक की 29,127.31 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 5,00,174.83 करोड़ रुपए रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत ।,703.45 करोड़ रुपए बढ़कर 4,93,907.58 करोड़ रुपए रही। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 22,311.87 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,22,325.91 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 33,438.47 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,37,859.67 करोड़ रुपए रहा। सप्ताह के दौरान दूरसंचार क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 15,377.68 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 3,96,963.73 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही।

## अपनी क्षमता के 30 प्रतिशत पर परिचालन कर रहे हैं सौर उपकरण संयंत्र, सरकार से मदद मांगी

**नई दिल्ली।** सौर उपकरण विनिर्माताओं को अभी अपने संयंत्रों का परिचालन मात्र 30 प्रतिशत क्षमता पर करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। अखिल भारतीय सौर उद्योग संघ (एआईएसआईए) ने बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह को अपनी स्थिति से अवगत कराया है। संघ का कहना है कि घरेलू विनिर्माताओं को अपनी पकड़ बनाने तथा स्थापित होने में मदद के लिए संरचनात्मक रक्षोपायों के साथ शुल्क अड़चनों को भी दूर करने की जरूरत है। इससे पहले इसी सप्ताह सिंह को लिखे पत्र में संघ ने कहा कि हम पिछले एक दशक से पुनरोद्धार की उम्मीद कर रहे हैं। कड़ी चुनौतियों के बीच आज हमारा टिके रहना मुश्किल हो गया है। एक मजबूत मेक इन इंडिया सौर विनिर्माण के बिना देश की ऊर्जा क्षेत्र की सुरक्षा पर आशंका मंडराती रहेगी। पत्र में कहा गया है कि घरेलू उपकरण विनिर्माताओं को स्थापित करने के लिए संरचनात्मक रक्षोपाय जरूरी है।

# चुनाव जीतने के लिए तय हो रही है आर्थिक नीतियां, सरकार को राजकोष की चिंता नहीं : यशवंत सिन्हा

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व वित्त** मंत्री यशवंत सिन्हा का मानना है कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा कल्याण योजनाओं पर भारी खर्च की वजह से राजकोषीय स्थिति पर काफी बुरा असर पड़ रहा है और राजकोषीय घाटा असामान्य रूप से काफी ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। सिन्हा ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा कि यह हैरानी की बात है कि किसी को भी सरकार की राजकोषीय स्थिति की चिंता नहीं है, सरकार को खुद भी नहीं। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिन्हा ने कहा, मोदी सरकार मुफ्त अनाज सहित अन्य कल्याण योजनाओं पर भारी-भरकम राशि खर्च कर रही है। सरकार की राजकोष की स्थिति ढांवाडोल है। राजकोषीय घाटा असामान्य रूप से काफी ऊंचे स्तर पर है। यह सरकार के उन आंकड़ों से भी अधिक है, जिन्हें भरोसेमंद नहीं माना जाता। देश का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पहले इसके 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान था। सिन्हा ने आरोप लगाया, आज सरकार की आर्थिक नीतियां इस आधार पर तय होती हैं कि क्या इनसे उसे चुनाव जीतने में मदद



मिलेगी या नहीं। उन्होंने कहा, इससे एक तरफ गरीबों के लिए कल्याण चल रहा है, दूसरी ओर चुनिंदा कॉरपोरेट अत्याशित लाभ कमा रहे हैं। यह कुछ ऐसा हो रहा है जिसको लेकर देश में किसी को चिंता नहीं है। सिन्हा ने कहा कि यह मजबूत राजकोषीय नीतियों और मजबूत आर्थिक नीतियों के बीच स्पष्ट रूप से असंतुलन की स्थिति है। यही आज की सचाई है। एक सवाल के जवाब में सिन्हा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को मुद्रास्फीति और वृद्धि की चुनौतियों से जूझना होगा। चालू वित्त वर्ष में एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## बीएसएनएल की सेवाओं से आय 2021-22 में 17,000 करोड़ रुपए रह सकती है, 4जी से उम्मीद

भाषा। नई दिल्ली

**भारत संचार** निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पी के पुरवार ने कहा कि कंपनी को वित्त वर्ष 2021-22 में 17,000 करोड़ रुपए की सेवा आय अर्जित करने की उम्मीद है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में थोड़ा कम है। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से कॉल कनेक्ट शुल्क को हटाने के कारण आय में यह कमी होगी। पुरवार ने जोर देकर कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनी को अपना ग्राहक आधार बनाए रखने और आने वाले महीनों में शुरू होने वाली 4जी सेवाओं से अपनी पकड़ बनाए रखने का भरोसा है। उन्होंने कहा कि 5जी सेवाओं के लिए निजी दूरसंचार कंपनियों की प्रतिस्पर्धा तेज होने के बावजूद ऐसा होगा। निजी परिचालकों द्वारा 5जी पेशकशों की शुरुआत से बीएसएनएल को तत्काल नुकसान नहीं होगा।

# सरकार जीएसटी कानून के तहत क्रिप्टोकरेंसी के वर्गीकरण पर कर रही है काम

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार माल** एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून के तहत क्रिप्टोकरेंसी को वस्तुओं या सेवाओं के रूप में वर्गीकृत करने पर काम कर रही है, ताकि लेनदेन के पूरे मूल्य पर कर लगाया जा सके।

इस समय सिर्फ क्रिप्टो एक्सचेंज द्वारा दी जाने वाली सेवा पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है और इसे वित्तीय सेवाओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। जीएसटी अधिकारियों का विचार है कि क्रिप्टो किसी लॉटरी, कैसीनो, सट्टेबाजी, जुआ, घुड़दौड़ के समान हैं, जिनके पूरे मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू है। इसके अलावा सोने के मामले में पूरे लेनदेन मूल्य पर तीन प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। एक अधिकारी ने कहा, क्रिप्टोकरेंसी पर जीएसटी लगाने के संबंध में स्पष्टता जरूरी है और हम विचार कर रहे हैं कि क्या इसे पूरे मूल्य पर लगाया जाना चाहिए, और क्या क्रिप्टोकरेंसी को वस्तुओं या सेवाओं के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि अगर क्रिप्टोकरेंसी के पूरे लेनदेन पर जीएसटी लगाया जाता है तो यह दर 0.1 से एक फीसदी के बीच हो सकती है। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, कर की दर पर चर्चा शुरुआती चरण में है, चाहे यह 0.1 प्रतिशत हो या एक प्रतिशत। पहले वर्गीकरण पर निर्णय को अंतिम रूप देना होगा और फिर दर पर चर्चा की जाएगी। जीएसटी कानून क्रिप्टोकरेंसी के वर्गीकरण के बारे में स्पष्ट रूप से नहीं बताता है और ऐसी वर्चुअल डिजिटल मुद्राओं को विनियमित करने के लिए कानून के अभाव में वर्गीकरण करते समय यह भी ध्यान रखना होगा कि कानूनी ढांचा इसे अनुयोज्य दावे के रूप में वर्गीकृत करता है या नहीं। अनुयोज्य दावा एक ऐसा दावा है, जो न्यायालय में कार्वाई के योग्य हो।

## टाटा टी की मेटावर्स पर होली पार्टी

**मुंबई।** लोकल नीति को जारी रखते हुए टाटा टी प्रीमियम ने मेटावर्स की दुनिया में पहला कदम रखा है। टाटा टी प्रीमियम इस प्लेटफार्म पर आयोजित कर रहा है अपनी तरह की पहली होली पार्टी! इस पहल के साथ टाटा टी प्रीमियम दुनिया का पहला ऐसा ब्रांड बना है जो रंगों के त्योहार होली को एक फ्यूचरिस्टिक प्रौद्योगिकी वर्च्युअल प्लेटफार्म पर मना रहा है। इस प्लेटफार्म पर आकर ग्राहक अपना पसंदीदा अवतार लेकर, कई अलग-अलग होली गेम्स के साथ रंगों का मज़ा ले सकते हैं। जिसे प्रस्तुत कर रहे हैं गानों की दुनिया के जाने-माने सितारें, संगीतकार और गीतकार जोड़ी सचेत-परंपरा। यह दोनों असली ज़िन्दगी में पति.पत्नी हैंए सचेत टंडन उत्तर प्रदेश से और परंपरा टंडन दिल्ली से है। उत्तर प्रदेश की लठमार होली और दिल्ली की रंगवाली होली का जादू ये दोनों अपने परफॉर्मेंस में जिवंत करेंगे, ठीक उसी तरह जैसे टाटा टी प्रीमियम के स्पेशल एडिशन फेस्टिव पैक पर किया गया है। युग मेटावर्स के संस्थापक और सीईओ उत्कर्ष शुक्ला ने बताया कि हम भारत के गौरव को मनाने और उसे प्रदर्शित करने में विश्वास करते हैं।

## दाईवा स्मार्ट टीवी की श्रृंखला

**नोएडा।** भारत के तेजी से बढ़ रहे घरेलू कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड दाईवा ने क्लाउड टीवी से पावर्ड एचडी रेडी स्मार्ट टीवी को लॉन्च किया है। यह टीवी 80 व 98 के आकार में पेश किये गये हैं। स्मार्ट टीवी में दो नए वैरिएंट 32.9। और 40.9 हैं जोकि क्लाउड टीवी वॉयस असिस्टेंस से संचालित हैं। स्मार्ट टीवी की कीमत 11,990 रुपये और 12,490 रुपये है जबकि 98,39 टीवी की कीमतें 17,990 रुपये और 18,490 रुपये है। दोनों टीवी लाइंस पैनल पर एक साल की अतिरिक्त वारंटी अलावा एक साल की वारंटी के साथ आते हैं। इन टेलीविजन को भारत में कंपनी की वेबसाइट पर और अग्रणी रिटेल स्टोर्स से खरीदा जा सकता है। अर्जुन बजाज सीईओए न कहा कि दाईवा को प्राइम वीडियो और क्लाउड टीवी के साथ सहयोग करके खुशी हो रही है।

# उच्च शिक्षा का लोकतंत्रीकरण



**सूचना और संचार प्रौद्योगिकी हमारी बहुत मदद कर सकती है क्योंकि यह उच्च शिक्षा में नवीन हस्तक्षेप लाने वाले प्रवर्तक के रूप में यह तेजी से उभर रही है और शिक्षण के नए आख्यान बना रही है।**

1960 के दशक में अमेरिकी शिक्षा सचिव, जॉन गार्डनर ने एक बार सोचा था कि क्या हम एक ही समय में समान और उत्कृष्ट हो सकते हैं। तब से, शिक्षा में पहुंच, समानता, गुणवत्ता व सामर्थ्य के सह-अस्तित्व के ढांचे पर व्यापक रूप से बहस हुई है। इस तरह की एक व्यापक शिक्षा प्रणाली को सभी ज्ञान उपासकों हेतु उनके दरवाजे पर और सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता है ताकि कार्यक्षेत्र संबंधी ज्ञान, ठोस व व्यवहारिक कौशल और संस्कृति, दिक व काल में संवाद करने की क्षमता वाले प्रभावी शिक्षार्थियों का एक बड़ा भंडार तैयार किया जा सके। छात्र समुदाय, विशेष रूप से भारत में, एक विविधतापूर्ण समूह है जिसकी जरूरतों की एक बड़ी विविधता है और इसके लिए शिक्षण के विभिन्न स्वरूपों, गति, शिक्षण शैली के विकल्प और लचीलेपन के अन्य संबद्ध रूपों की आवश्यकता होती है।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) इस संबंध में हमारी बहुत मदद कर सकती है क्योंकि यह उच्च शिक्षा में नवीन हस्तक्षेप लाने वाले प्रवर्तक के रूप में तेजी से उभर रही है और शिक्षण के नए आख्यान बना रही है। आधुनिक दुनिया में तकनीकी प्रगति इतनी तेज और प्रासंगिक है कि वे उच्च शिक्षा संस्थान(एचईआई), जो शिक्षण और अध्यापन की प्रक्रियाओं में हो रहे परिवर्तनों को अपनाने हेतु खुद को सुसज्जित करने के लिए उच्च शिक्षा में तकनीकी हस्तक्षेपों का उपयोग करने में असमर्थ हैं, अपनी प्रासंगिकता खो देंगे।

उच्च शिक्षा का डिजिटलीकरण इस संदर्भ में एक महत्वपूर्ण कारक है क्योंकि यह शिक्षण के परिणामों के अनुरूप उत्तरदायी प्रशासन, बहु-विषयक पाठ्यक्रम, उपयुक्त शिक्षाशास्त्र (अनुभवात्मक शिक्षा) और वास्तविक समय प्रदर्शन मूल्यांकन, प्रभावी संचार, अंतर-जुड़ाव, ई-शिक्षण की आज की चुनौतीपूर्ण स्थितियों में भी सहज उपलब्धता बनाने में मदद करता है। इसके अलावा, डिजिटलाइजेशन उन शिक्षार्थियों की मदद करेगा जो कक्षा में नहीं हो सकते हैं और जो अलग-अलग हैं।

भारतीय उच्च शिक्षा में डिजिटलीकरण शैक्षिक संचार के लिए कंसोर्टियम के तहत इलेक्ट्रॉनिक व मल्टीमीडिया संसाधन केंद्रों (ईएमआरसी) द्वारा गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री और पाठ्यक्रम के उत्पादन और 2437 व्यास उच्च शिक्षा टीवी चैनल और बत्तीस स्वयंप्रभा डीटीएच चौनलों के माध्यम से उनके प्रसार के साथ शुरू हुआ। पिछले दशक के दौरान शिक्षा मंत्रालय द्वारा ऑनलाइन पाठ्यक्रमों, गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शैक्षणिक सामग्री, शैक्षणिक अनुसंधान और संस्थागत प्रशासनिक प्रथाओं तक पहुंच से संबंधित कई मुहिमों के जरिए इस डिजिटलीकरण प्रक्रिया को तेज किया गया है।

ऑनलाइन पाठ्यक्रमों व ऑनलाइन सामग्री तक पहुंच के लिए, स्वयं मंच के जरिए बड़े पैमाने पर खुले ऑनलाइन कोर्स, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी उन्नत शिक्षा कार्यक्रम, ई-पीजी पाठशाला (पाठ्यक्रम-आधारित इंटरैक्टिव ई-सामग्री), ई-आचार्य (एनएमई-आईसीटी के तहत परियोजनाओं के जरिए विकसित समस्त ई-सामग्री की मेजबानी के लिए पोर्टल) ), फोस्से (फ्री / लिब्रे एवं ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर फॉर एजुकेशन) और साक्षत (वन-स्टॉप एजुकेशन पोर्टल) उपलब्ध हैं।

ई-शोध सिंधु (उच्च शिक्षा ई-संसाधनों हेतु संघ), ई-शोधगंगोत्री (थीसिस व शोध प्रबंध का एक डिजिटल भंडार), शोध शुद्धी (साहित्यिक चोरी का पता लगाने वाला सॉफ्टवेयर), राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी (विशाल शैक्षणिक सामग्री का एक डिजिटल भंडार) डेटाबेस और उपकरण भावी शैक्षणिक अनुसंधान के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।



**प्रोफेसर राघवेंद्र पी तिवारी**
कुलपति, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा

इसी तरह, विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और डिजाइन विकास में वर्चुअल शिक्षण परिवेश के जरिए कौशल विकास और नवाचार की सुविधा हेतु, ई-यंत्र (एम्बेडेड सिस्टम में प्रशिक्षण के लिए प्रयोगशाला), ई-कल्पा (डिजाइन के लिए डिजिटल शिक्षण परिवेश), वर्चुअल लैब्स (वेब- रिमोट-ऑपरेशन के लिए डिजाइन किए गए सक्षम प्रयोग), स्पोकन ट्यूटोरियल (आईटी एप्लिकेशन में ट्यूटोरियल), एसओएस टूल्स (सॉफ्टवेयर और सिमुलेशन पैकेज), वीडियो सामग्री का टेक्स्ट ट्रांसक्रिप्शन, ओएससीएआर (ओपन सोर्स कोर्सवेयर का एनिमेशन रिपोजिटरी) उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, विद्या (विशेषज्ञों का एक डिजिटल डेटाबेस), शिक्षाविदों व संस्थानों के बीच विशेषज्ञता साझा करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध कराया गया है।

डिजिलॉकर (डिजिटल रूप में छात्रों के सभी पुरस्कारों की 2437 उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए) और बादल (एनएमई-आईसीटी क्लाउड डेवलपमेंट और अकादमिक जरूरतों के लिए ई-गवर्नमेंट एप्लिकेशन की तैनाती) के माध्यम से डिजिटल अकादमिक प्रबंधन को राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी द्वारा सुनिश्चित किया जाता है, और समर्थ प्रतिक्रिया समय को कम करके और शिक्षा करने में आसानी को बढ़ावा देकर प्रशासनिक, वित्तीय और मूल्यांकन संबंधी गतिविधियों की दक्षता परियोजना में सुधार कर रहा है। इन सभी प्रयासों ने उच्च शिक्षा में डिजिटलीकरण का एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने हेतु एक ठोस आधार आवश्यक बना दिया है। ये पहल प्रस्तावित डिजिटल विश्वविद्यालय के लिए भी बहुत उपयोगी होगी, जिसके विश्वविद्यालय 4.0 मॉडल पर स्थापित होने की उम्मीद है। उच्च शिक्षा के डिजिटलीकरण ने कोविड-19 महामारी के दौरान तेजी से वृद्धि देखी, जिससे एचईआई को एलएमएस का उपयोग करके ऑनलाइन शिक्षण का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। अब यह स्पष्ट है कि उच्च शिक्षा अगली पीढ़ी के शिक्षण माहौल को बनाने के लिए पाठ्यक्रम डिजाइन, अभ्यास-संचालित शिक्षण, अनुसंधान, मूल्यांकन और शिक्षण और अध्यापन के अन्य सभी पहलुओं में डिजिटलाइजेशन का व्यापक उपयोग करेगी।

शिक्षार्थियों के लिए, डिजिटलीकरण संचालित लचीलापन, अनुकूलन क्षमता और वैयक्तिकरण ऑनलाइन और पारंपरिक कक्षा शिक्षण दोनों में शिक्षण को एक आनंदमय उद्यम बनाते हैं। प्रौद्योगिकी-सक्षम फ्लिप्ड क्लासेस, वर्चुअल रियलिटी सेशन, वर्चुअल लैब, डिजिटल मॉडल और सिमुलेशन, गेमिफिकेशन, ई-डॉक्यूमेंट्स, ई-टेक्स्ट और रेफरेंस बुक्स, ऑनलाइन असाइनमेंट, अप्रेंटिसशिप और विशाल व खुले शैक्षिक संसाधनों के जरिए, छात्रों को शिक्षण के आकर्षक अनुभव हो सकते हैं।

आसन्न संक्रमण को सुविधाजनक बनाने के लिए, एचआईई को एक विश्वसनीय पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए उपयुक्त तकनीक का उपयोग करने की आवश्यकता है जो शिक्षण परिणामों में सुधार करती है और वैयक्तिकरण प्रदान करती है।

इसे आईसीटी का उपयोग करके, हाइब्रिड लर्निंग मॉडल को अपनाकर, उद्योग संघों के निर्माण और 21वीं सदी के जीवन कौशल व दक्षताओं को विकसित करके पूरा किया जा सकता है। एचआईई को लगातार अपने पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम सामग्री, शिक्षाशास्त्र, मूल्यांकन को उन्नत करने, शिक्षाविदों के साथ समस्या-समाधान अनुसंधान को एकीकृत करने, दुनिया भर में साथियों के साथ डिजिटल वातावरण में अनुसंधान करने तथा मॉड्यूलर मॉडल को अनुकूलित करने की आवश्यकता है। एचआईई को शिक्षार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सॉफ्ट और कार्यक्षेत्र-विशिष्ट कौशल के इर्द-गिर्द घूमते हुए शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोणों की ओर जाने की आवश्यकता है। उन्हें ऑफलाइन, ऑनलाइन, ऑन-लैब, ऑनसाइट प्लेटफॉर्म वाले हाइब्रिड लर्निंग मॉडल को अपनाने की जरूरत है और उद्योग-अकादमिक सहयोग व आउटरीच गतिविधियों का निर्माण करके ग्रामीण भारत में उद्योग, कौशल-केंद्र एवं असंगठित शिक्षण केंद्रों को शामिल करना चाहिए।

उच्च शिक्षा के डिजिटलीकरण के बिना राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की कल्पना नहीं की जा सकती है। डिजिटलीकरण प्रौद्योगिकियों में संकाय सदस्यों की क्षमता निर्माण को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में प्रगति को अपनाने हेतु उन्हें सशक्त बनाने के लिए किया जाना चाहिए। हालांकि, उच्च शिक्षा के प्रभावी डिजिटलीकरण के लिए फंडिंग एक बड़ी बाधा होगी क्योंकि सर्व-समावेशी व लचीले शिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के लिए हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर में बड़े पैमाने पर निवेश व दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च बैंडविड्थ इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए एक व्यापक डिजिटल आर्किटेक्चर बनाने की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा के डिजिटलीकरण की मौजूदा प्रक्रिया की दीर्घकालिक सफलता के लिए इन बाधाओं को दूर करना सर्वोपरि होना चाहिए। यह सफलता सुनिश्चित करेगी कि जेन-नेक्स्ट की स्क्रीन सेवी प्रवृत्ति का सही ढंग से दोहन किया जाए और उनकी घटती मेमोरी अवधि को भी बढ़ाया जाए। शैक्षिक योजनाकारों व नेताओं को इसकी सराहना करनी चाहिए और अपने संबंधित संस्थानों के डिजिटलीकरण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। जो उच्च शिक्षा संस्थान इस प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन रहे हैं और इस तरह खुद को डिजिटल रूप से तैयार नहीं रख रहे हैं, वे वास्तव में, राष्ट्र की शिक्षा प्रणाली के लिए एक भारी नुकसान का काम कर रहे होंगे।

–लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा के कुलपति हैं।

# परानुभूति और नवाचार : महामारी-उपरांत शिक्षा का ढंग

**डॉ. मनीषा शर्मा कहती हैं कि स्कूल सिर्फ शिक्षण तथा मूल्यांकन तक सीमित रहने वाला क्लासरूम नहीं है। यह एक दूसरा घर है जहां वे ध्यान रखना, साझा करना, एक साथ सीखना और कक्षा-आचरण के बुनियादी पारस्परिक कौशल सीखते हैं**



**डॉ. मनीषा शर्मा**
प्रिंसिपल, वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल

घंटियां फिर से बज रही हैं, हॉल और कक्षाओं में हंसी गूंजती है, झूले वापस जीवन में आ गए हैं-बच्चों को उनके दोस्तों और शिक्षकों के बीच वापस देखना बहुत अच्छा है। नीरस, बेजान कक्षाओं से उदासी का बादल हटा दिया गया है। गतिविधि की चर्चा है - पहली बार शारीरिक रूप से अपने स्कूलों में प्रवेश करने वाले छोटे बच्चे - अप्रत्याशित समाजीकरण से भयभीत, कक्षा में बैठने या बुनियादी निर्देशों का पालन करने में असमर्थ हैं। मध्य-विद्यालय के छात्र, ऊर्जा व जिज्ञासा से भरे हुए, कैद से बाहर निकलने पर प्रसन्न हैं। लंबे समय तक तालाबंदी के कारण हाई स्कूल के छात्र आंशिक रूप से भावुक हैं, और आंशिक रूप से आसन्न बोर्ड परीक्षाओं के कारण तनाव में हैं।

अब जिम्मेवारी शिक्षकों पर है। हमें अपने शिक्षार्थियों को समझने, विचार करने व उनके साथ दुबारा जुड़ने और इस परिवर्तन में ढलने की आवश्यकता है। हमें काम फिर से शुरू करने की अपनी व्यक्तिगत चुनौतियों को अलग रखना होगा और अपने छात्रों से जुड़ने के लिए नए तरीके व नई तकनीकों को अपनाना होगा। स्कूल केवल शिक्षण और मूल्यांकन तक सीमित रहने वाली कक्षा नहीं है। यह एक दूसरा घर है जहां वे देखभाल करने, साझा करने, एक साथ सीखने और कक्षा-आचरण के बुनियादी पारस्परिक कौशल सीखते हैं। उस बच्चे के बारे में सोचें, जिसने पहली बार असली कक्षा में कदम रखा है, अपने शिक्षक से मिला है जिसे उसने अब तक केवल स्क्रीन पर देखा है। स्कूल में हर मिनट उसके लिए एक नया अनुभव है- अपरिचित और कुछ डरावना। मैं हाल ही में ऐसे ही एक 6 साल के बच्चे की मां से मिली।

उसने बताया कि कैसे पहले दिन स्कूल आने के लिए बच्चा बहुत उत्साहित था, लेकिन अगले दिन अनिच्छुक था। उसने अपना गणित कर लिया था - अगर वह घर पर रहता, तो वह एक घंटे की ऑनलाइन कक्षाओं के बाद खेल या लेट सकता था, लेकिन स्कूल आने में, तैयार होना, कक्षा में बैठना, ध्यान देना और उसके जैसे अन्य भ्रमित बच्चों के साथ घुलना-मिलना शामिल था। उसने फैसला किया कि घर पर रहना अधिक आसान है। एक दिनचर्या का पालन करना, एक टीम का हिस्सा बनना, आदेशों का पालन करना, उम्मीद के मुताबिक अपना आचरण करना, ये सब उसके लिए बहुत डराने वाले थे।

आने वाले महीनों में ये हमारी चुनौतियां होंगी। शिक्षक बिरादरी को अपने समस्त धैर्य और दृढ़ता को बढ़ाने, नवाचार करने और अपने शिक्षार्थियों को विविध तरीकों से जोड़ने की आवश्यकता होगी।

किशोर छात्रों के साथ भी विनम्रता से पेश आना होगा। पूर्व-यौवन मानसिकता, विपरीत लिंग के संपर्क में न आना, शारीरिक गतिविधि की कमी, बहुत ज्यादा स्क्रीन समय, गैजेट्स पर अधिक निर्भरता और वर्चुअल भलाई का आकलन करना होगा और बच्चों को दुबारा कक्षाओं में अच्छी तरह से समायोजित करने में मदद करते हुए इन्हें ध्यान में रखना होगा।

अध्यापन और आकलन करते समय शिक्षकों को अधिक लचीला होने की आवश्यकता होगी। हमें सक्रिय शिक्षण तकनीकों को अपनाने के लिए खुद को फिर से लगाना होगा। बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने और इसे बनाए रखने पर जोर देने की जरूरत है। यदि सभी शिक्षकों को सक्रिय शिक्षण में बच्चों को शामिल करने का अधिकार दिया जाए, तो वे निश्चित रूप से वापस आने के लिए उत्सुक होंगे। अपनी कक्षाओं में खुशी के हिस्से को ऊंचा रखने की स्पष्ट समझ के साथ, हमें इस चुनौती का उचित ढंग से सामना करने में सक्षम होना चाहिए। शिक्षण के बीज बोने से पहले हमें धरती को तैयार करना होगा। हमें पहले से कहीं ज्यादा पोषण करने की जरूरत है।

# स्टार्टअप की जरूरतों को बनाएं कारगर




**निशांत बहल का कहना है कि डेटा को ब्लॉक में संग्रहीत करके और उन्हें चैनों से जोड़कर प्रबंधित करने में आसानी, छेड़छाड़ पर रोक लगाने से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में इसके अनुकूलन में वृद्धि हुई है**

**डिजिटल** प्रौद्योगिकी में तीव्र प्रगति ने डेटा गोपनीयता के संबंध में नई सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है। मजबूत व प्रमाणित क्रिप्टोग्राफिक कुंजी सुरक्षा तंत्र के कार्यान्वयन द्वारा डेटा सुरक्षा की जा सकती है। वर्तमान में, निगम व सरकारें उपरोक्त चिंताओं के लिए ब्लॉकचेन पर अधिक से अधिक भरोसा कर रहे हैं।

क्रिप्टोलॉजी का उपयोग करते हुए ब्लॉकचैन ने कई सुविधाओं को सक्षम किया है जिन्होंने डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में योगदान दिया है। इसके अलावा, डेटा को ब्लॉक में संग्रहीत करके और उन्हें चैनों से जोड़कर प्रबंधित करने में आसानी व छेड़छाड़ पर रोक लगाने से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में इसके अनुकूलन में वृद्धि हुई है।

**डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में ब्लॉकचेन कैसे योगदान देता है**

हाल के दिनों में, डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में ब्लॉकचेन सबसे आगे रहा है। डेटा स्टोर करने के लिए ब्लॉक और चेन की प्रणाली हैकर के लिए छेड़छाड़ करना बेहद मुश्किल बना देती है। मुख्यतया सुरक्षा के कारण, दुनिया भर के निगमों द्वारा ब्लॉकचेन को तेजी से अपनाया गया है, दोनों - अवलंबी और आगामी। दुनिया के शीर्ष 100 सार्वजनिक निगमों में से 81 ने कुशल कामकाज व सेवा तंत्र के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का इस्तेमाल किया है। इसके 2021-26 के बीच 68.4 प्रतिशत की सीएजीआर से 67.4 अरब डॉलर के बाजार आकार तक पहुंचने का अनुमान है।

**❖ सत्यापन और एन्क्रिप्शन**

फेसबुक (मेटा) की सबसे प्रसिद्ध डेटा-लीक गाथा ने व्यापक स्तर पर सुरक्षा चिंताएं व्यक्त की थीं। हालांकि, ब्लॉकचेन ऐसी चिंताओं का कुशलता से समाधान करता है। इसे अंतर्निहित सुरक्षित गुणों वाले डेटा की संरचना के कारण एन्क्रिप्ट किया गया है। जो कुशल और उचित सत्यापन में योगदान देता है। जब भी कोई विशिष्ट मानदंड पूरा होता है तो किसी विशेष सत्यापन के होने का आश्वासन देने के लिए इस तकनीक के साथ स्मार्ट अनुबंधों का उपयोग किया जा सकता है।

**❖ सुरक्षित और प्रतिरोधी**

महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित करने की क्षमता के साथ, ब्लॉकचेन धोखाधड़ी व अवैध धोखाधड़ी को रोकता है। यह एक ऐसा एंड-टू-एंड सुरक्षित नेटवर्क सुनिश्चित करता है जिसे बदला नहीं जा सकता जो फिर हैक करना मुश्किल बना रहा है। यह डेटा को एन्कोड करता है और गोपनीयता के मुद्दों को संभालने के लिए पहुंच को सीमित करता है ताकि कोई भी संग्रहीत डेटा को पढ़ या बदल न सके। इसलिए, डेटा अपरिवर्तनीयता इस तकनीक की मूलभूत विशेषताओं में से एक है जो नयी किस्म की सुरक्षा प्रदान करती है।



**निशांत बहल**
**संस्थापक, एक्सपैंड माई बिजनेस**

**❖ पता लगाने की योग्यता**

एक परिसंपत्ति के भ्रमण के प्रत्येक चरण में ब्लॉकचेन द्वारा एक पेपर ट्रेल सत्यापन किया जाता है। यह धोखाधड़ी और जालसाजी से प्रभावित क्षेत्रों में उत्पादों के आसान सत्यापन को सक्षम बनाता है। यह ग्राहकों के साथ प्रामाणिक डेटा विनिमय की अनुमति देता है। डेटा का पता लगाने की क्षमता संगठन या प्रक्रियाओं के कामकाज में किसी भी प्रकार की खामियों का खुलासा भी कर सकती है।

ब्लॉकचैन 21वीं सदी की महत्वपूर्ण प्रगतियों में से एक है। यह अनुमान लगाया गया है कि दुनिया 2024 तक 20 बिलियन तक पहुंचने के लिए, ब्लॉकचेन समाधान व वैश्विक ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी बाजार की राजस्व क्षमता पर . . 11.7 बिलियन खर्च करेगी। इसके अतिरिक्त, यह स्टार्टअप हैं जिन्होंने प्रभावी ढंग से पेश हुए हैं और जिन्होंने जनता के बीच तकनीक के अनुकूलन का नेतृत्व किया है।

**❖ स्टार्टअप के लिए ब्लॉकचेन को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकताएं**

तकनीकी रूप से उन्नत दुनिया में ब्लॉकचेन की अपार क्षमता है। उपभोक्ताओं को प्रभावी सेवाएं प्रदान करने में स्टार्टअप द्वारा इस क्षमता का लाभ उठाया जा रहा है। इसके अलावा, पिछले साल, ब्लॉकचैन-आधारित स्टार्टअप ने फंडिंग में 4.4 बिलियन डॉलर जुटाए, जो इन प्रमुख मापदंडों के कारण आने वाले समय में तेजी से बढ़ना लाजिमी है।

**❖ सुरक्षा में सुधार करती है**

ब्लॉकचेन तकनीक में उपयोग की जाने वाली विकेन्द्रीकृत संरचना बहुत मूल्यवान साबित हुई है। एक वितरित खाता प्रणाली के माध्यम से प्रदान की जाने वाली उच्च स्तर की सुरक्षा एक सुरक्षित और संरक्षित डेटा वेब स्थापित करने में सुविधाजनक है। यह संग्रहीत डेटा के साथ हस्तक्षेप करना और छेड़छाड़ करना असंभव बना देता है। वित्तीय स्टार्टअप जैसे वजीरक्स, क्वाइनडीसीएक्स, बिटपे आदि सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन का उपयोग कर रहे हैं।

**❖ गति और दक्षता बढ़ाता है**

व्यापार से संबंधित पारंपरिक व भारी कागजी कार्यों को ब्लॉकचेन की मदद से सुव्यवस्थित व स्वचालित किया जा सकता है, और लेनदेन तेजी से तथा अधिक कुशलता से किया जा सकता है। एक एकल डिजिटल लेजर रिकॉर्ड रखने और उन्हें अन्य पार्टियों के साथ साझा करने के लिए जिम्मेदार है। इस प्रकार, समाशोधन और निपटान एक ही बार में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, अमेजॅन वेब सेवाएं - एडब्ल्यूएस।

**❖ पारदर्शिता बढ़ाता है**

ब्लॉकचेन तकनीक ने व्यवसायों में अधिक पारदर्शिता प्रस्तुत की है। प्रौद्योगिकी के विकेन्द्रीकृत ढांचे के कारण सभी नेटवर्क सहभागी समान दस्तावेज साझा करते हैं। सार्वजनिक सत्यापन की संपत्ति सभी हितधारकों के बीच वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता को बढ़ाती है। वॉलमार्ट की सप्लाई चैन, पारदर्शी सेवा वितरण व अमेजोन में खुदरा लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन पर आधारित है।

# आपके जीवन को उन्नत बनाने वाले घरेलू ऐप्स

**यहां कुछ तकनीक -समर्थित स्टार्टअप हैं जो अपनी शुरुआत में ही अग्रगामी रहे हैं। ऐसे उद्यम, जो न केवल, वे जो करते हैं उसके लिए, बल्कि उन वादों के लिए भी ध्यान देने योग्य हैं जिसमें समूह के लिए बेहतर जीवन की बात है**

भारतीय स्टार्टअप अब दुर्लभ नहीं हैं। इस प्रकार, स्टार्टअप इकोसिस्टम में एक उद्यम या दो पॉप अप हमें तब तक ज्यादा दिलचस्पी नहीं देते जब तक कि वे देखने लायक न हों। दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ-साथ, हम कई भारतीय स्टार्टअप को डिजिटल परिवर्तन की लहर में प्रकट होते हुए देखते हैं जो हम महामारी से पहले, उसके दौरान और बाद में अनुभव कर रहे हैं। नेटवर्किंग और गेमिंग से लेकर शिक्षा, पोषण, वित्त व चिकित्सा तक, हम डिजिटल स्टार्टअप प्लेटफॉर्म को अभूतपूर्व स्तर पर सुविधाजनक स्मार्ट समाधान पेश करते हुए देख रहे हैं। यहां हमने कुछ तकनीक-समर्थित स्टार्टअप्स को एक साथ रखा है जो अपने शुरुआत में आगे की ओर बढ़ रहे हैं, उद्यम जो न केवल, वे जो करते हैं उसके लिए, बल्कि उन वादों के लिए भी ध्यान देने योग्य हैं जिसमें समूह के लिए बेहतर जीवन की बात है।



**कोप्पर ऐप**-कोप्पर युवा वयस्कों को वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद करने से संबंधित है। यह एक मंच है जो व्यक्तिगत वित्तीय सेवा और अच्छी सलाह प्रदान करता है, कोपर एक विशेषज्ञ-नेतृत्व वाला समुदाय है जहां उपयोगकर्ताओं का मार्गदर्शन दिया जाता है ताकि उन्हें स्मार्ट वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनाया जा सके। कोप्पर विशेष रूप से देश में आम लोगों और युवा वयस्कों के सामने आने वाली वित्तीय समस्याओं के व्यक्तिगत समाधान तैयार करने के इर्दगिर्द केंद्रित है। युवा वयस्कों को उनके सपनों व महत्वाकांक्षाओं को साकार करने हेतु वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करने में मदद करने के मिशन के साथ, कोप्पर व्यक्ति के मुताबिक अद्वितीय वित्तीय मुद्दों की व्यापकता को भी समझते हैं और इस प्रकार आवश्यकता के आधार पर अद्वितीय पेशकश प्रदान करता है। कोप्पर युवा वयस्क की वित्तीय यात्रा के दौरान व्यापक समाधान पेश करने का प्रयास करता है। कोप्पर लोगों के सामने आने वाले वित्तीय मामलों पर विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान करता है और उन्हें यथासंभव स्मार्ट तरीके से उधार लेने, निवेश करने, खर्च करने और अपने वित्त की रक्षा करने के लिए सशक्त बनाता है।

**टुमॉक ऐप**-अब तक का पहला मेड-इन-इंडिया ट्रांजिट ऐप, टुमॉक एक समस्या मुक्त आवागमन हेतु रीयल-टाइम, डेटा-संचालित मल्टी-मोडल सार्वजनिक परिवहन जानकारी प्रदान करता है। सार्वजनिक परिवहन की वांछनीयता व पहुंच को बढ़ाने के दृष्टिकोण से, टुमॉक में एक ऑल-इन-वन ट्रांजिट समाधान है। अपनी छत के नीचे, दोनों निजी और सार्वजनिक मास (एक सेवा के रूप में गतिशीलता) को एकीकृत करते हुए, ऐप सार्वजनिक परिवहन के लिए विभिन्न कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करता है जैसे कि अंतिम साझीदारों को रोजगार के अवसर प्रदान करते हुए समय, उपलब्धता, संपर्क रहित अनुकूलनीय टिकट विकल्प, पहली और अंतिम-मील की जानकारी देता है। अपने व्यापक व जटिल सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क के साथ, टुमॉक, भारत जैसी जगह के लिए एक उपयुक्त फिट के रूप में सामने आता है, जिसकी कीमत काफी अच्छी है लेकिन सुविधा और पहुंच के मामले में सर्वाधिक वांछनीय नहीं है। टुमॉक का उद्देश्य देश में स्मार्ट कम्प्यूटिंग को सक्षम बनाने में अग्रणी बनकर लोगों के सार्वजनिक परिवहन तक पहुंचने के तरीके में बदलाव लाना है। यह कार्बन उत्सर्जन ट्रैकिंग को लागू करके व अन्य पहलकदमियों के बीच वृक्षारोपण को चलाकर हरित परिवहन की दिशा में हितधारकों को प्रोत्साहित करता है।

**फिटहेल्थ ऐप**-फिटहेल्थ ऐप भारत की अग्रणी एआई तकनीक संचालित डिजिटल फिजियोथेरेपी है। एक डिजिटल टेली-रिहैबिलिटेशन प्लेटफॉर्म, फिटहेल्थ दर्द प्रबंधन, स्थिरीकरण, मजबूती, रिकवरी के हर चरण में उचित उपचार प्रदान करने में मदद करता है - सब कुछ आपके घर पर। फिटहेल्थ रोकथाम से लेकर विभिन्न पुराने दर्द प्रबंधन व शल्य चिकित्सा उपरांत ठीक होने तक बीमारियों की एक विस्तृत श्रृंखला का समाधान करता है। डिजिटल फिजियोथेरेपी सभी मस्कुलोस्केलेटल और मांसपेशियों के मसलों के लिए उपचार योजनाएं प्रदान करती है, जो न केवल चिकित्सकीय रूप से सिद्ध समाधान हैं, बल्कि अधिकतम सुविधा के लिए भी डिजाइन किए गए हैं, जिन्हें मरीज अपने स्मार्टफोन के माध्यम से एक्सेस कर सकते हैं।

# चिन्नास्वामी की पिच को डिमैरिट अंक

## आईसीसी ने बेंगलुरू की पिच को औसत से कमतर आंका



**भाषा।** दुबई

**भारत और श्रीलंका** के बीच इस महीने के शुरू में दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच की मेजबानी करने वाले चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने औसत से कमतर आंका है। भारत ने इस मैच में श्रीलंका को 238 रन से हराया था। यह टेस्ट 12 मार्च से शुरू हुआ था और तीन दिन के अंदर समाप्त हो गया था। आईसीसी पिच एवं आउटफील्ड निगरानी प्रक्रिया के तहत इस स्थान को एक डिमेरिट अंक मिला है। आईसीसी के बयान में मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने कहा, पिच से पहले दिन ही बहुत अधिक टर्न मिल रहा था। प्रत्एक सत्र के साथ हालांकि इसमें सुधार होता गया लेकिन मेरी नजर में इसमें बल्ले और गेंद के बीच समान मुकाबला देखने को नहीं मिला। श्रीनाथ की रिपोर्ट भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को भेज दी गई है। इससे पहले भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 2017 में खेले गए मैच के बाद भी आईसीसी मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने बेंगलुरू की पिच को औसत से कमतर आंका था। आईसीसी पिच एवं आउटफील्ड निगरानी प्रक्रिया के अनुसार, यदि पिच या आउटफील्ड को निम्न स्तर का आंका जाता है तो उस स्थान को उसी हिसाब से डिमेरिट अंक दिए जाते हैं। इसके अनुसार, जिस स्थल की पिच को औसत से कम आंका जाता है उसे एक डिमेरिट अंक मिलता है तथा जिस स्थल की पिच को बेहद घटिया या खेल के योग्य नहीं आंका जाता है उसे क्रमश: तीन और पांच डिमेरिट अंक मिलते हैं।

## केएल राहुल मेरे पसंदीदा कप्तान : श्रेयस



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज और आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के नवनियुक्त कप्तान श्रेयस अय्यर ने राष्ट्रीय टीम के साथी केएल राहुल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने शांत व्यवहार और मैदान पर निर्णय लेने की सहज क्षमता के कारण वह उनके पसंदीदा कप्तान हैं। अय्यर इस साल के शुरू में दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान राहुल के नेतृत्व में खेले थे और उन्होंने उनकी नेतृत्वक्षमता की जमकर प्रशंसा की। अय्यर ने कहा, उनके नेतृत्व में खेलना अच्छा था। वह एक उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं। मैदान पर और टीम की बैठकों में उनके अंदर आत्मविश्वास दिखता है। वह खिलाड़ियों का जिस तरह से समर्थन करता है, वह बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, वह बहुत शांत स्वभाव का है और मैदान पर सहजता से निर्णय लेता है। मुझे उसके नेतृत्व में खेलने में मजा आया। राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में अय्यर से तीन ओवर गेंदबाजी भी करवाई थी। अय्यर ने चुटकी लेते हुए कहा, उसने मुझे तीन ओवर गेंदबाजी करने के लिए दी थी जैसा पहले किसी कप्तान नहीं किया था, हां वह मेरा पसंदीदा कप्तान है। पिछले साल तक पंजाब किंग्स की अगुवाई करने वाले राहुल 26 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स की कप्तानी करेंगे।

## लार पर स्थाई प्रतिबंध कोई बड़ी बात नहीं: कमिंस

**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल पर एहतियाती प्रतिबंध का प्रभाव उतना बड़ा नही था, जितना कि अनुमान लगाया गया था और इसके उपयोग पर स्थाई प्रतिबंध तेज गेंदबाजों के लिए बड़ी बात नही होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मई 2020 में कोविड-19 महामारी के मद्देनजर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। क्रिकेट नियम के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने हाल ही में अपने संशोधित 2022 संहिता की घोषणा करते हुए लार के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया, जो इस साल अक्टूबर में लागू होगा। एमसीसी का तर्क है कि उसके शोध के अनुसार, लार लगाने से गेंद की गति पर कोई प्रभाव नही पड़ा।मौजूदा समय में दुनिया के शीर्ष गेंदबाजों में से एक कमिंस ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले कहा, मुझे ऐसा नही लगता (लार पर प्रतिबंध से स्विंग गेंदबाजों का प्रदर्शन प्रभावित होगा)। उन्होंने कहा, मुझे नही लगता कि इसने इतना बड़ा प्रभाव डाला है, जितना हमने सोचा था। हम अभी पसीने का उपयोग कर सकते हैं इसलिए यह बहुत बड़ी बात नही है।

## वॉर्न के परिवार और दोस्तों ने निजी अंतिम संस्कार में विदाई दी

**भाषा।** मेलबर्न

शेन वॉर्न का परिवार और दोस्त इस महान क्रिकेटर को अंतिम विदाई देने के लिए उनके गृहनगर मेलबर्न में निजी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। वॉर्न के तीन बच्चे, माता-पिता और दोस्त उन 80 लोगों में शामिल थे जो रविवार को इस महान क्रिकेटर को अंतिम विदाई देने पहुंचे। उनके मित्रों में संन्यास ले चुके टेस्ट कप्तान मार्क टेलर और एलेन बॉर्डर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन शामिल थे। वॉर्न को सर्वकालिक शीर्ष खिलाड़ियों में से एक माना जाता था। उनका चार मार्च को थाईलैंड में समुई द्वीप में निधन हो गया था, जहां वे अपने दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने गए हुए थे। उनकी ऑटोप्सी जांच में कहा गया कि 52 वर्षीय वॉर्न का निधन शायद दिल का दौरा पड़ने से हुआ था। एक हफ्ते पहले ही उनका पार्थिव शरीर थाईलैंड के बैंकाक से मेलबर्न लाया गया था। मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर 30 मार्च को राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी जिसमें आम जनता को आने की अनुमति होगी। मैदान के एक स्टैंड को वॉर्न के सम्मान में उनके नाम पर रखा जाएगा।

## इंग्लैंड ने सेमीफाइनल की उम्मीद जीवंत रखी

**भाषा।** आकलैंड

- महिला विश्व कप
- न्यूजीलैंड पर एक विकेट की जीत

**गत चैम्पियन** इंग्लैंड ने रविवार को यहां आईसीसी महिला विश्व कप के लीग चरण के रोमांचक मैच में मेजबान न्यूजीलैंड पर एक विकेट की जीत से सेमीफाइनल की उम्मीदें जीवंत रखीं। अनुभवी मध्यक्रम बल्लेबाज मैडी ग्रीन न्यूजीलैंड के लिए नाबाद 52 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि कप्तान सोफी डेविन ने 41 रन का योगदान दिया। लेकिन इंग्लैंड ने ईडन पार्क पर मेजबानों को 203 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड की तेज गेंदबाज केट क्रास (35 रन देकर तीन विकेट) और स्टार स्पिनर सोफी एक्सेलस्टोन (41 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर छह विकेट झटके जबकि स्पिनर चार्ली डीन (36 रन देकर दो विकेट) ने दो विकेट प्राप्त किए। आल राउंडर नटाली स्किवर (61 रन) ने फिर संयमित अर्धशतक से पारी को संभाला लेकिन गत चैम्पियन टीम पांच ओवर के अंदर पांच विकेट पर 176 रन के स्कोर की अच्छी स्थिति से नौ विकेट पर 196 रन के स्कोर पर पहुंच गई। इससे टीम जीत की स्थिति से करीब करीब हार की कगार पर पहुंच चुकी थी। पर आन्या श्रबसोल (07) और चार्ली डीन (शून्य) ने धैर्य बनाए रखा और इंग्लैंड को लक्ष्य तक पहुंचाया जिससे टीम ने टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की। इस जीत से इंग्लैंड की टीम सेमीफाइनल की दौड़ में बरकरार है। उसने पांचवें स्थान से न्यूजीलैंड को हटा दिया है। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड सभी के चार अंक हैं। भारत और इंग्लैंड के दो मैच बचे हैं जबकि न्यूजीलैंड का सिर्फ एक मैच बाकी है। इंग्लैंड ने अपनी स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड को ज्यादा बड़ा स्कोर नहीं खड़ा करने दिया और इसके बाद उसके शीर्ष क्रम ने 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज डैनी वाट (12) जेस केर का शिकार हुई जबकि टैमी ब्यूमोंट (25) को ली ताहुहू (18 रन देकर एक विकेट) ने क्लीन बोल्ड किया। कप्तान हीथर नाइट ने 53 गेंद में 42 रन बनाए लेकिन वह 23वें ओवर में फ्रैंकी मैके की गेंद पर पगबाधा आउट हो गईं। विकेटकीपर एमी जोंस (01) भी चलती बनीं। स्किवर ने फिर सोफी डंकले (33) के साथ मिलकर 70 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई जिससे इंग्लैंड की टीम की जीत निश्चित लग रही थी।

## नीता अंबानी ने भारतीय खिलाड़ियों की प्रशंसा की

**मडगांव।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफडीएसएल) की प्रमुख नीता अंबानी ने रविवार को आईएसएल के मौजूदा सत्र में घरेलू खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। राष्ट्रीय टीम के ज्यादातर खिलाड़ी आईएसएल से आते है। अंबानी ने बयान में कहा, आईएसएल की शुरुआत के बाद प्रत्एक सत्र में हमने देखा कि फुटबॉल का स्तर बेहतर हुआ है और हमारे घरेलू खिलाड़ी चमक बिखेर रहे हैं।

## रबाडा की घातक गेंदबाजी, द. अफ्रीका की आसान जीत

**जोहानिसबर्ग।** तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा की घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां दूसरे वनडे में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर की। रबाडा ने 39 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे पहले बल्लेबाजी करने वाला बांग्लादेश अफीफ हुसैन (72) और मेहदी हसन मिराज (38) की उपयोगी पारियों के बावजूद नौ विकेट पर 194 रन ही बना पाया। दक्षिण अफ्रीका ने क्विंटन डिकॉक (62) और काइल वेरेन (नाबाद 58) के अर्धशतकों की मदद से 37.2 ओवर में तीन विकेट पर 195 रन बनाकर 76 गेंदें शेष रहते हुए जीत दर्ज की। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 37 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश ने पहला वनडे 38 रन से जीता। तीसरा और आखिरी मैच 23 मार्च को सेंचुरियन में खेला जाएगा।

## गोला फेंक खिलाड़ी तूर विश्व इंडोर चैम्पियनशिप में विफल रहे

**बेलग्रेड।** एशियाई रिकॉर्ड धारक गोला फेंक (शॉट पुट) खिलाड़ी तेजिंदरपाल सिंह तूर अपने तीनों प्रयासों में कोई भी वैध थ्रो करने में विफल रहे जिससे भारतीय खिलाड़ियों का अभियान यहां विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बिना किसी प्रभाव के समाप्त हो गया। तोक्यो ओलंपियन तूर तीनों प्रयास में विफल रहे जिससे उनका अभियान नो मार्क (एनएम) के साथ खत्म हुआ। इस स्पर्धा में ब्राजील के डारलान रोमानी ने 22.53 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि अमेरिका के रयान क्रॉसर (22.44 मीटर) और न्यूजीलैंड के टॉमस वॉल्श (22.31 मीटर) ने शनिवार देर रात क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। तूर ने 2018 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

## श्रृंखला के निर्णायक टेस्ट में पाकिस्तान-आस्ट्रेलिया की भिड़ंत

**लाहौर।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि सोमवार से जब घरेलू टीम निर्णायक तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए आस्ट्रेलिया के सामने होगी तो धीमे विकेट पर उनके बल्लेबाजों के सयंम और कौशल की परीक्षा होगी। अभी श्रृंखला 0-0 से बराबर है। बाबर ने कराची में मैच ड्रा कराने के लिए चौथी पारी में 196 रन की मैराथन पारी खेली थी। आस्ट्रेलियाई स्पिनर लियोन और पदार्पण कर रहे लेग स्पिनर स्वेपसन ने कराची में चौथी पारी के 172 ओवर में से 108 ओवर डाले थे। लेकिन पाकिस्तान ने पांच सत्र में खेलते हुए सात विकेट पर 443 रन बनाए थे जिससे वह 506 रन के विशाल लक्ष्य से 63 रन से पीछे रह गई थी। रावलपिंडी में ड्रा हुए टेस्ट की निर्जीव पिच पर आस्ट्रेलिया ने केवल चार विकेट झटके थे जबकि मैच में कुल 14 विकेट गिरे थे। पिंडी की पिच को आईसीसी द्वारा औसत से नीचे आंका गया था।

## युवाओं का मार्गदर्शन करना टीम में बरकरार रखे गए खिलाड़ियों की जिम्मेदारी : पोंटिंग

- आईपीएल के लिए कमर कसे

**भाषा।** मुंबई



**इंडियन प्रीमियर लीग** (आईपीएल) की बड़ी नीलामी में इस साल कई नए चेहरों को टीम में शामिल करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि जिन खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी ने बरकरार रखा है, उन पर अब टीम में युवाओं का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी है। दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी से पहले चार खिलाड़ियों कप्तान ऋषभ पंत, सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव, स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्किया को रिटेन (बरकरार) किया था और कोच 26 मार्च से शुरू होने वाली लीग से पहले बाकी टीम को जानने की पूरी कोशिश कर रहे है। पोंटिंग ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, मैंने खिलाड़ियों से कहा है कि जब वे अपने कमरे में हों तो अपने दरवाजे खुले रखें और एक-दूसरे को जानें। मैं उन सभी युवा खिलाड़ियों के साथ नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना खाने जा रहा हूं जिन्हें मैं नहीं जानता हूं। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, जब आप कोच या सीनियर खिलाड़ी के रूप में युवा खिलाड़ियों के प्रति प्यार दिखाते हैं, तो आप जानते हैं कि वे इसे वापस करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, जो खिलाड़ी कुछ समय से दिल्ली कैपिटल्स के खेमे में हैं, निश्चित रूप से उनकी जिम्मेदारी है कि वे टीम में युवाओं का मार्गदर्शन करे। पोंटिंग ने कहा, ऋषभ टीम के कप्तान है तो वह वैसे भी यह काम करने जा रहा है, लेकिन पृथ्वी, अक्षर और नॉर्किया जैसे लोगों की भी टीम के अंदर अपनी भूमिकाएं और जिम्मेदारियां होंगी। पोंटिंग टीम के साथ अपने पहले प्रशिक्षण सत्र में शामिल होने के बाद खिलाड़ियों की ऊर्जा से प्रभावित हुए है। उन्होंने कहा, इस समय हमारा ध्यान इस बात पर है कि हम अपने पहले मैच के लिए तैयार रहे। खिलाड़ियों के साथ मेरा पहला सत्र बहुत अच्छा रहा। दिल्ली कैपिटल्स डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, टिम सीफर्ट और रोवमैन पॉवेल जैसे नए विदेशी खिलाड़ी शामिल हुए हैं जबकि विक्की ओस्तवाल, चेतन सकारिया, यश ढुल, सरफराज खान और कमलेश नागरकोटी टीम में भारतीय युवा खिलाड़ी हैं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपना अभियान 27 मार्च को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ शुरू करेगी करेगी।

## बोल्ट के साथ तेज गेंदबाजी के विभिन्न पहलुओं पर बात करने को बेताब सैनी



**मुंबई।** भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने के दौरान न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट से गेंदबाजी के विभिन्न पहलुओं पर बात करने को बेताब हैं ताकि उनके खेल में सुधार हो सके। वर्तमान समय में देश के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक सैनी राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाजी लाइन अप में बोल्ट के साथ महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। सैनी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैं आईपीएल के दौरान ट्रेंट बोल्ट से जुड़ने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल दोनों में काफी कुछ हासिल किया है और तेज गेंदबाजी के विभिन्न पहलुओं के बारे में उनसे बात करने का अनुभव काफी शानदार होगा। मैं उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखने पर ज्यादा ध्यान लगाऊंगा और उम्मीद करता हूं कि इससे मुझे अपने खेल में सुधार करने में मदद मिलेगी। सैनी के आईपीएल में 8.47 के इकोनोमी रेट से 17 विकेट हैं। वह हाल में रणजी ट्राफी के लीग चरण के दौरान दिल्ली की टीम का हिस्सा थे जिसमें उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट चटकाए थे। करनाल एक्स्प्रेस के नाम से मशहूर सैनी ने कहा, मैं बहुत ही अनुभवी कोचिंग ग्रुप और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के ग्रुप के साथ काम करने के लिए तैयार हूं। रॉयल्स ग्रुप में शानदार माहौल तैयार करने के लिए मशहूर हैं और मैं इसका अनुभव करना चाहता हूं।

## यूलीमार रोजस का त्रिकूद में विश्व रिकॉर्ड



**बेलग्रेड।** वेनेजुएला की युलीमार रोजस ने रविवार को इनडोर विश्व चैंपियनशिप में 15.74 मीटर की छलांग लगाकर महिला त्रिकूद में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। बेलग्रेड में उन्होंने अपने अंतिम प्रयास में पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में बनाए गए अपने रिकार्ड में सात सेंटीमीटर का सुधार किया। महिलाओं का इंडोर रिकार्ड भी इससे पहले रोजस के नाम पर ही था जिसमें उन्होंने 31 सेंटीमीटर का सुधार किया।

## बायर्न म्यूनिख ने शीर्ष पर सात अंक की बढ़त बनाई

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख ने यूनियन बर्लिन पर 4-0 की जीत से बुंदेसलीगा में शीर्ष पर सात अंक की बढ़त बना ली है जबकि हर्था बर्लिन ने 2022 में पहली जीत दर्ज की। बायर्न के स्टार फुटबॉलर रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने दो गोल किए जिससे उनके 27 मैचों में 31 गोल हो गए हैं। यह पांचवां सत्र है जिसमें पोलैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने बुंदेसलीगा में 30 या इससे ज्यादा गोल किए हैं। इससे पहले यह उपलब्धि केवल बायर्न म्यूनिख के पूर्व महान खिलाड़ी गर्ड मुलर ने ही हासिल की थी। टीम के लिए अन्य दो गोल किंग्ले कोमान और टैनगॉय नियाजोऊ ने किए। वहीं हर्था ने होफेनहेम पर 3-0 से जीत दर्ज की जिससे उसने लगातार नौ मैचों में हार के सिलसिले को तोड़ा।

## एटलेटिको मैड्रिड ने रेयो के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की

**बार्सीलोना।** एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में रेयो वैलेकैनो पर।-0 की जीत के साथ अपनी शानदार लय को शनिवार को यहां जारी रखा। गत चैम्पियन टीम के लिए कोके रेर्सुसिओन ने मैच के दूसरे हाफ में विजई गोल दागा। टीम की पिछले सात मैचों में यह छठी जीत है जिससे वह तालिका में बार्सीलोना से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। एटलेटिको की टीम दूसरे स्थान पर काबिज सेविला से दो अंक और शीर्ष पर काबिज रियाल मैड्रिड से 12 अंक पीछे है। रियाल मैड्रिड की टीम क्लासिको मुकाबले में रविवार को बार्सीलोना की मेजबानी करेगी। रेयो दिसंबर में तालिका में चौथे स्थान पर था पर पिछले 10 मैचों में एक भी जीत नहीं हासिल करने के कारण टीम 13वें स्थान पर खिसक गई। अन्य मैचों में ओसासुना ने लेवांते को 3-। जबकि ग्रेनेडा ने अलावेस को 3-2 से हराया।

## एसी मिलान ने कैग्लियारी पर 1-0 से जीत दर्ज कर सीरी ए तालिका में अपनी बढ़त मजबूत की

**रोम।** सीरी ए खिताब के लिए करीबी मुकाबले के बीच एसी मिलान अपने प्रतिद्वंद्वी टीमों की तुलना में अधिक निरंतर प्रदर्शन करते हुए लगातार आठवें मैच में अजेय रहते हुए कैग्लियारी को।-0 से हराया। मिलान के लिए यह गोल मैच के 59वें मिनट में ओलिवियर गकरौड की मदद से इस्माइल बेन्नासर ने किया। कैग्लियारी के पास हालांकि मैच के 90वें मिनट में बराबरी का अच्छा मौका था लेकिन लियोनार्डो पावोलेट्टि का प्रयास गोल पोस्ट में टकराकर असफल हो गया। शनिवार को खेले गए अन्य मुकाबले में गत चैम्पियन इंटर मिलान को फिओरेंटीना ने।-। की बराबरी पर रोका। एसी मिलान (30 मैचों में 66 अंक) की इस जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज नेपोली पर उसकी बढ़त तीन अंकों की हो गई है। नेपोली एक गोल से पिछड़ने के बाद उडिनीस को 2-। से हराने में सफल रहा।

## डिका के दो गोल से आइजोल ने इंडियन एरोज को 2-0 से हराया

**नैहाटी।** स्ट्राइकर दीपांडा डिका के दो गोल की मदद से आइजोल एफसी ने रविवार को यहां अपने आई-लीग फुटबॉल मैच में इंडियन एरोज को 2-0 से हराया। डिका (43वें और 49वें मिनट) ने मध्यांतर से ठीक पहले और बाद में गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। मैच की शुरुआत में हालांकि इंडियन एरोज को गोल करने के मौके मिले थे लेकिन टीम उसे भुना नहीं सकी। मैच के चौथे मिनट में सिबाजीत आसान मौके को गोल में नहीं बदल सके तो वहीं 11वें मिनट में ताइसन सिंह का हेडर गोल पोस्ट के पास से बाहर निकल गया। इसके बाद आइजोल की टीम ने आत्मविश्वास हासिल करना शुरू कर दिया और मैदान पर अपना दबदबा कायम करते हुए इंडियन एरोज को ज्यादा मौके नहीं दिए।

## साल की 20वीं जीत के साथ फाइनल में पहुंचे नडाल

- बीएनपी परिबास ओपन टेनिस : अल्काराज को हराया

**भाषा।** इंडियन वेल्स

**राफेल नडाल** ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में भविष्य का सितारा माने जा रहे स्पेन के किशोर खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को हराकर मौजूदा साल के अपने जीत-हार के रिकॉर्ड को 20-0 कर लिया। रिकॉर्ड 21 ग्रैंड स्लैम के विजेता नडाल ने अपने से 17 साल छोटे खिलाड़ी को 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। अठारह साल के अल्काराज ने हमवतन नडाल को अच्छी टक्कर दी लेकिन वह तीन घंटे 12 मिनट तक चले मैच में उनके अनुभव की चुनौती से पार नहीं पा सके। नडाल का 20-0 का जीत हार का रिकॉर्ड 1990 के बाद से किसी सत्र की तीसरी सबसे अच्छी शुरुआत है। वह फाइनल में टेलर फ्रिट्ज का सामना करेंगे। 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज 2012 में जॉन इस्नर के बाद फाइनल में पहुंचने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी है। वह 2001 में आंद्रे अगासी के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले अपने देश का पहला खिलाड़ी बनना चाहेंगे। फ्रिट्ज ने सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव की लगातार 13 मैचों की जीत के सिलसिले को 7-5, 6-4 से हराकर खत्म किया।



## वेस्टइंडीज पर इंग्लैंड की 136 रन की बढ़त

**भाषा।** ब्रिजटाउन

- ड्रॉ की ओर बढ़ा मैच

**इंग्लैंड ने** श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में शनिवार को यहां वेस्टइंडीज की पहली पारी को 411 रन पर समेटने के बाद चौथे दिन खराब रोशनी के कारण जल्दी खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 40 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 136 रन की हो गई।
स्टंप्स के समय जैक क्राउली 21 और एलेक्स लीज 18 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। श्रृंखला के पहले मैच की तरह यह मुकाबला भी ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है। एंटीगा में खेले गए पिछले मैच में इंग्लैंड ने आखिरी दिन 153 रन की बढ़त से खेलना शुरू किया था और वेस्टइंडीज को जीत के 71 ओवर में 286 रन का लक्ष्य दिया था लेकिन घरेलू टीम ने लक्ष्य का पीछा करने के जगह मैच ड्रॉ करना बेहतर समझा था। वेस्टइंडीज ने शनिवार को चौथे दिन की शुरुआत चार विकेट पर 288 रन से की और पिछले दिन के नाबाद बल्लेबाज क्रेग ब्रेथवेट (160) और रात्रिप्रहरी अल्जारी जोसेफ (19) ने डेढ़ घंटे तक इंग्लैंड के गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा। जोसेफ को स्टोक्स (65 रन पर दो विकेट) ने आउट कर पांचवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी को तोड़ा। दूसरे सत्र की दूसरी गेंद पर होल्डर (12) को साकिब (58 रन पर दो विकेट) ने आउट कर टेस्ट करियर का अपना पहला विकेट लिया। कप्तान ब्रेथवेट ने दिन की शुरुआत 109 रन से की थी और उनकी 12 घंटे की मैराथन पारी को जैक लीच ने बोल्ड कर खत्म किया। ब्रेथवेट ने अपने घरेलू मैदान पर 489 गेंद की पारी में 17 चौके जड़े। वेस्टइंडीज की टीम इस समय इंग्लैंड की पहली पारी सात विकेट पर 509 (पारी घोषित) से 122 रन दूर थी लेकिन अगले बल्लेबाज केमार रोच सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा ने इसके बाद 112 रन में 33 रन बनाने के साथ पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ इंग्लैंड के गेंदबाजों को परेशान किया।

## जॉली-गोपीचंद की जोड़ी आल इंग्लैंड बैडमिंटन से बाहर

**भाषा। बर्मिंघम**



तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी का आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में शानदार सफर यहां महिला युगल स्पर्धा में शु जियान झांग और यु झेंग की जोड़ी से सीधे गेम में मिली हार के बाद समाप्त हो गया। भारतीय जोड़ी ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उन्हें अंतिम चार मुकाबले में चीनी जोड़ी से शनिवार को यहां 17-21 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी की हार से पहले युवा लक्ष्य सेन इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे पुरूष भारतीय एकल खिलाड़ी बने थे। सेन ने सेमीफाइनल में गत चैम्पियन मलेशिया के ली जि जिया को 21 - 13, 12 -21, 21 - 19 से हराया था। अब वह दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन के सामने होंगे जिसमें उनका जीत का रिकॉर्ड।-4 है। दुनिया के 11वें नंबर के भारतीय को डेनमार्क के खिलाड़ी के खिलाफ एकमात्र जीत जर्मन ओपन में पिछली भिड़ंत में मिली थी।

## मोनाको में पीएसजी के मैच में नही खेलेंगे मेस्सी



**पेरिस।** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी को पिछले दो दिन से फ्लू जैसे लक्षण है जिसके कारण वह मोनाको में होने वाले फ्रेंच लीग मैच में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए नहीं खेल पाएंगे। उनके क्लब ने यह जानकारी दी। पिछली गर्मियों में पीएसजी से जुड़े मेस्सी फ्रेंच लीग के पहले सत्र में जूझते दिखे। मोनाको के मुकाबले से पहले मेस्सी ने सभी प्रतियोगिताओं में 26 मैचों में महज सात गोल किए हैं। वहीं पिछले सत्र में बार्सिलोना के साथ उन्होंने 38 गोल किए थे। उनके अलावा पीएसजी को केलोर नवास, सर्जियो रामोस, एंजेल डि मारिया, जुआन बर्नाट, लेविन कुर्जावा और एंडर हेरेरा की सेवाएं भी नहीं मिल पाएंगी। पीएसजी रिकॉर्ड बराबर करने वाले 10वें फ्रेंच लीग खिताब की कोशिश में जुटा है और इस समय तालिका में शीर्ष पर 15 अंक की बढ़त बनाए है।